चैत्र शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 17 अप्रैल 2024
वर्ष-34, अंक-80, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार



जबरदस्त विस्फोटों की चपेट में है सूर्य 16
मिस्टर एंड मिसेज माही देखने के लिए एक्साइटेड हूं 15

**रामनवमी**



अयोध्या में राम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर रामलला के मंदिर को रंग-बिरंगी लाइटों से सजा दिया गया। रामलला के गर्भगृह को भी आकर्षक फूलों से सजाया गया है। बुधवार को 12 बजे जन्मोत्सव मनाया जाएगा। 12 बजकर 16 मिनट पर सूर्य की किरणें रामलला का मस्तकाभिषेक करेंगी। फोटो : प्रशांत शेखर

**यूपीएससी की ओर से आयोजित परीक्षा में 1016 अभ्यर्थियों का हुआ चयन, इनमें 664 पुरुष और 352 महिलाएं शामिल**

# सिविल सेवा परीक्षा में लखनऊ के आदित्य टॉपर, अनिमेष द्वितीय

नई दिल्ली, एजेंसी

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से मंगलवार को सिविल सर्विस परीक्षा-2023 का परिणाम घोषित किया गया। लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि अनिमेष प्रधान द्वितीय और डोनुरु अनन्या रेड्डी तीसरे स्थान पर रहीं। कुल 1016 अभ्यर्थियों ने (664 पुरुष और 352 महिलाओं) ने परीक्षा उत्तीर्ण की और आयोग ने विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए उनके नामों की सिफारिश की है।

यूपीएससी ने बताया कि शीर्ष पांच स्थानों पर तीन पुरुष और दो महिलाएं हैं जिन्हें कामयाबी मिली। वहीं पीके सिद्धार्थ रामकुमार और रुहानी ने चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया। टॉपर आदित्य ने अपने वैकल्पिक विषय के रूप में 'इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग' को चुना था। दिल्ली विवि के मिरांडा हाउस से भूगोल में स्नातक (ऑनर्स) की पढ़ाई करने वाली डोनुरु अनन्या रेड्डी का वैकल्पिक विषय मानव विज्ञान था।

## आदित्य पहले आईपीएस और अब आईएएस



**लखनऊ :** सिविल सेवा परीक्षा-2023 में लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने टाप कर लखनऊ का मान बढ़ाया है। पिछले वर्ष उनका चयन आइपीएस (बंगाल कैडर) के लिए हुआ था। वर्तमान में वे हैदराबाद में ट्रेनिंग कर रहे हैं। आदित्य की प्रारंभिक शिक्षा सीएमएस लखनऊ की अलीगंज शाखा में हुई। वर्ष 2014 में इंटर में इन्हें 98 .4 फीसदी अंक मिले थे। वर्ष 2019 में आदित्य ने आईआईटी कानपुर से बीटेक किया। सीएजी में ऑडिट ऑफिसर पिता अजय श्रीवास्तव बताते हैं कि आदित्य ने पिछले वर्ष दूसरे प्रयास में 226 रैंक प्राप्त की थी। पहले प्रयास में आदित्य सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा में असफल रहे थे। आदित्य ने बेंगलुरु की एक निजी कंपनी में कुछ दिनों तक सेवाएं भी दी थी।

## लखनऊ की ही ऐश्वर्यम को 10वां स्थान



**लखनऊ :** सिविल सेवा परीक्षा में ऐश्वर्यम प्रजापति ने 10वीं रैंक हासिल कर परचम लहराया है। अमृत विचार से बातचीत करते हुए ऐश्वर्यम ने कहा यदि मन से लक्ष्य ठान लिया जाये तो सफलता मिलेगी ही। ऐश्वर्यम ने कहा कि अपने पिता डॉ. आरके प्रजापति तथा मां उर्मिला प्रजापति को अपनी सफलता का श्रेय देना चाहती हूं। मैंने एनआईटी उत्तराखंड से बीटेक की पढ़ाई की है। मुख्य परीक्षा के लिए मेरा विषय समाजशास्त्र था। मेरा मानना है कि सिविल सेवा में सफलता के लिए टू द प्वाइंट पढ़ना अहम है। मैंने बिना कोचिंग के परीक्षा में सफलता हासिल की है।

## शीर्ष 25 में 10 महिलाएं

शीर्ष 25 अभ्यर्थियों में 10 महिलाएं और 15 पुरुष हैं। आईएएस, आईएफएस और आईपीएस के अधिकारियों का चयन करने के लिए यूपीएससी हर वर्ष तीन चरणों में प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार में सिविल सेवा परीक्षा आयोजित करता है। सफल अभ्यर्थियों में 30 दिव्यांग (16 अस्थिबाधित, छह दृष्टिबाधित, पांच श्रवणबाधित और तीन बहुदिव्यांग) भी शामिल हैं।

नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

# एक सप्ताह में सार्वजनिक रूप से माफी मांगें रामदेव-बालकृष्ण : सुप्रीम कोर्ट

## कोर्ट ने कहा- आपका काम अच्छा लेकिन एलोपैथी को नीचा नहीं दिखा सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बाबा रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद को भ्रामक विज्ञापन मामले में सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने के लिए एक सप्ताह का समय दिया, लेकिन यह भी कहा कि वह अभी उन्हें इस चरण में राहत नहीं देने जा रहा है। सुनवाई के दौरान रामदेव और बालकृष्ण दोनों उपस्थित थे और उन्होंने व्यक्तिगत रूप से शीर्ष अदालत से बिना शर्त माफ़ी मांगी।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने स्पष्ट किया कि उन्होंने उन्हें इस चरण में राहत देने का फैसला नहीं किया है। पीठ ने बालकृष्ण से कहा कि आप अच्छा काम कर रहे हैं लेकिन आप एलोपैथी को नीचा नहीं दिखा सकते। रामदेव ने पीठ से कहा कि उनका किसी भी तरह से अदालत का अनादर करने का कोई इरादा नहीं था। हालांकि, पीठ ने बालकृष्ण से कहा कि



भ्रामक विज्ञापन मामले में सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट जाते बाबा रामदेव। • एजेंसी

वे (पतंजलि) इतने सीधे साधे नहीं हैं कि उन्हें नहीं पता कि कोर्ट ने मामले में अपने पहले के आदेशों में क्या कहा था। रामदेव और बालकृष्ण के वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने पीठ से कहा कि वह सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को तैयार हैं। इस पर अदालत ने रामदेव और बालकृष्ण को बातचीत के लिए आगे बुलाया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए 23 अप्रैल की तिथि तय की है। रामदेव और बालकृष्ण ने अपने उत्पादों की औषधीय प्रभावशीलता के बारे में बड़े-बड़े दावे करने वाले विज्ञापनों पर उच्चतम न्यायालय के समक्ष पिछले सप्ताह बिना शर्त मांगी थी। कोर्ट में दाखिल दो अलग-अलग हलफनामों में रामदेव और बालकृष्ण ने कोर्ट के पिछले साल 21 नवंबर के आदेश में दर्ज बयान के उल्लंघन के लिए बिना शर्त माफी मांगी। उच्चतम न्यायालय ने 21 नवंबर, 2023 के आदेश में कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद

**भ्रामक विज्ञापन मामला**

- **रामदेव और बालकृष्ण ने व्यक्तिगत रूप से बिना शर्त कोर्ट से माफी मांगी**

का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने उसे आश्वासन दिया था कि अब से खासकर पतंजलि आयुर्वेद द्वारा निर्मित और विपणन किए गए उत्पादों के विज्ञापन या ब्रांडिंग के संबंध में किसी भी कानून का उल्लंघन नहीं होगा। पतंजलि ने कहा था कि असर के संबंध में या चिकित्सा की किसी भी पद्धति के खिलाफ कोई भी बयान मीडिया में जारी नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड इस तरह के आश्वासन का पालन करने के लिए बाध्य है। आश्वासन का पालन नहीं करने और उसके बाद मीडिया में बयान जारी किए जाने पर कोर्ट ने अप्रसन्नता जताई थी। कोर्ट ने बाद में पतंजलि को कारण बताओ नोटिस जारी किया कि क्यों न उसके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाए।

# छत्तीसगढ़ में बड़ी कार्रवाई, 29 नक्सलियों को मार गिराया

कांकेर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 29 नक्सलियों को मार गिराया है। मुठभेड़ में तीन जवान भी घायल हो गए। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि जिले के छोटेबेठिया पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीनागुंडा और कोरोनार गांवों के मध्य हापाटोला गांव के जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी।

उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों को माओवादियों के उत्तरी बस्तर डिवीजन के नक्सली शंकर, ललिता, राजू समेत अन्य की मौजूदगी की सूचना मिली थी। जिसके बाद छोटेबेठिया थाना क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के संयुक्त दल को गश्त के लिए रवाना किया गया। दल मंगलवार दोपहर लगभग दो बजे हापाटोला गांव के जंगल में था तभी नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

प्रारंभिक जानकारी के घटनास्थल से एके-47 राइफल, एसएलआर राइफल, इंसास राइफल और 303 बंदूक समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किया गया है। सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर हो रही गोलीबारी के बीच इलाके में अब भी खोजी अभियान जारी है। सुंदरराज ने बताया, मुठभेड़ में तीन जवान घायल हुए हैं जिन्हें अस्पताल भेजा गया। तीनों की हालत खतरे से बाहर है।



घटनास्थल पर खड़ा सुरक्षाबल का जवान।

## असम राइफल्स और उग्रवादियों में मुठभेड़, एक जवान घायल

**तिनसुकिया/गुवाहटी।** असम के तिनसुकिया जिले में मंगलवार को असम राइफल्स और उग्रवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक जवान घायल हो गया। तिनसुकिया के एसपी गौरव अभिजीत दिलीप के अनुसार, आज सुबह असम-अरुणाचल प्रदेश सीमा के पास मार्गेरिटा के नामदांग में जवानों और उग्रवादियों में मुठभेड़ हुई थी।

## एक नजर

### सुरजेवाला को 48 घंटे तक प्रचार करने से रोका

**नई दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने भाजपा सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ कथित टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला के चुनाव प्रचार करने पर मंगलवार को 48 घंटे के लिए रोक लगा दी। इस चुनाव में आयोग ने किसी नेता के प्रचार करने पर पहली बार प्रतिबंध लगाया है। आयोग ने हेमा मालिनी के खिलाफ कथित अशोभनीय, असभ्य और अभद्र टिप्पणी के लिए पिछले मंगलवार को सुरजेवाला को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

### हेमंत सोरेन मामले में एक और गिरफ्तारी

**रांची :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व अन्य के खिलाफ दर्ज धनशोधन मामले में ईडी ने एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। ईडी ने अंतु तिर्की नामक व्यक्ति के खिलाफ रांची में कुछ स्थानों पर छापे भी मारे। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान एक अन्य धनशोधन मामले में न्यायिक हिरासत के तहत जेल में बंद अफशार अली के रूप में हुई है और ईडी ने कोर्ट से अनुमति के बाद नए मामले में उसे हिरासत में लिया है। यह इस मामले में चौथी गिरफ्तारी है।

### झेलम में नाव पलटने से छह लोगों की मौत

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में गंडबल से बटवारा जा रही नाव मंगलवार सुबह झेलम नदी में पलट गई, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लापता हैं। नाव में स्कूली बच्चों सहित 20 से अधिक लोग सवार थे। वहीं हादसे का कारण नदी पार करने में मदद करने वाली रस्सी के टूट को बताया जा रहा है। नाव में सवार लोगों में सात नाबालिग थे और बाकी वयस्क थे। 12 लोगों को नदी से निकाला गया, उनमें से छह की मौत हो गई है। तीन लापता हैं।

# पिता ने की पुत्री की हत्या

## मोबाइल फोन पर बेटी कर रही थी दोस्त से बात

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **वारदात के बाद जंगल में जा छिपा आरोपी, पुलिस ने घेराबंदी कर किया गिरफ्तार**

**अमृत विचार :** गुडम्बा इलाके में सोमवार देर रात मोबाइल फोन पर दोस्त से बात कर रही पूजा (14) की पिता ने धारदार हथियार से हत्या कर दी। हत्या के पहले पिता ने पूजा की लात-घूसों से पिटाई की। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जंगल में जा छिपा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

इंस्पेक्टर नितीश श्रीवास्तव ने बताया मायापुरी कॉलोनी निवासी संजय सिंह राजगीर का काम करता था। सोमवार रात वह आंगन में सोया था। बड़ी बेटी पूजा व अन्य बच्चे कमरे में सो रहे थे। रात करीब एक बजे बड़ी बेटी पूजा की उसने आवाज सुनी। पूजा कमरे में मोबाइल फोन पर किसी दोस्त से बात कर रही थी। संजय दोनों की बात सुनकर आपा खो बैठा। वह कमरे में घुसा और पूजा को बाहर खींचकर लाया। लात-घूसों से पिटाई के बाद धारदार हथियार से गर्दन व शरीर कई हिस्सों पर ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। परिजनों की चीख पुकार सुन पड़ोसी पहुंचे तो आरोपी भाग कर गांव के समीप के जंगल में जा छिपा।

इंस्पेक्टर ने बताया रात करीब दो बजे पड़ोसी ने घटना की सूचना दी। पुलिस टीम संग मौके पर पहुंच तो आरोपी के जंगल में छिपे होने की जानकारी मिली। इस पर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। घटना स्थल से मोबाइल कब्जे में लिया है। परिजन से तहरीर लेकर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पहले चरण के लिए आज थम जाएगा चुनाव प्रचार

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव के पहले चरण की आठ सीटों के चुनाव के लिए 17 अप्रैल की शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। निर्वाचन आयोग ने 19 अप्रैल को मतदान के लिए तैयारी शुरू कर दी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शाम छह बजे के बाद किसी भी राजनीतिक दल और उनके प्रत्याशियों-प्रतिनिधियों के निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार संबंधी गतिविधियां समाप्त हो जाएंगी। बताया कि पहले चरण में आठ सीटों सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (अजा), मुरादाबाद, रामपुर व पीलीभीत पर मतदान होगा।

# भाजपा सरकार में माफिया का राम नाम सत्य है : योगी आदित्यनाथ

संवाददाता, नहटौर(बिजनौर)

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा सरकार में सामान्य नागरिकों के लिए राम-राम और माफिया के लिए राम नाम सत्य है। देश और प्रदेश में सुरक्षा का माहौल है। आज बेटियां खुद को सुरक्षित महसूस करती हैं।

कोतवाली देहात मार्ग स्थित मैदान पर मुख्यमंत्री ने मंगलवार को नगीना लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी ओम कुमार के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में समस्याओं को रखते नहीं, बल्कि उनको समाधान तक पहुंचाते हैं। कहा कि दुनिया में भारत को आज सम्मान के रूप में देखा जाता है। देश में आतंकवाद, नक्सलवाद खत्म हुआ है। कांग्रेस और सपा की नीतियों के चलते भगवान राम की जन्म भूमि का भी प्रमाण यहां के लोगों को देना पड़ा। कांग्रेस ऐसी पार्टी है, जिसने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर को भी चुनाव हराने का काम किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष को अच्छाई पसंद नहीं है, अच्छाई से नफरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के पंच तीर्थ का निर्माण कराया और संत गुरु रविदास की पावन जन्मभूमि गोवर्धन में स्मारक बनवाया। साथ ही उनकी 25 फीट ऊंची प्रतिमा बनवाई। भाजपा सरकार में दलितों को सम्मान मिला है। कहा कि कांग्रेस, सपा, बसपा के गठजोड़ ने समाज को जाति के नाम पर बांटा है।



- **मुख्यमंत्री ने कांग्रेस-सपा और बसपा पर साधा निशाना**

# दूसरे चरण में 42 प्रत्याशी करोड़पति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में आठ सीटों पर 91 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहें हैं। इनमें से 42 उम्मीदवार यानि 46 प्रतिशत प्रत्याशी करोड़पति हैं। खास बात है कि भाजपा हो या सपा, बसपा का हर प्रत्याशी करोड़पति है। यही नहीं, छोटे दलों भी करोड़पति को ही प्रत्याशी बना रहें हैं। इस मामले में कांग्रेस पीछे है, इनके चार में से तीन उम्मीदवार करोड़पति हैं।

उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने दूसरे चरण में अलीगढ़, अमरोहा, बागपत, बुलंदशहर, गौतमबुध नगर, गाजियाबाद, मथुरा और मेरठ से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के शपथ पत्रों का विश्लेषण किया है। यूपी इलेक्शन वॉच के राज्य संयोजक संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि दूसरे चरण में मथुरा से भाजपा के टिकट पर हेमामालिनी चुनाव लड़ रही हैं, जिनकी संपत्ति करीब 278 करोड़ रुपये है। बीजेपी के ही अलीगढ़ सीट के सतीश कुमार गौतम की संपत्ति 16 करोड़ है। मेरठ सीट पर बसपा प्रत्याशी देवव्रत की संपत्ति पांच करोड के करीब हैं। उन्होंने बताया कि, दूसरे चरण के उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 10.05 करोड़ है। पार्टियों की बात की जाये तो बसपा के आठ प्रत्याशियों की औसत संपत्ति लगभग 10.75 करोड़ है। बीजेपी के सात उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 91.23करोड़ है। सपा के चार प्रत्याशियों की औसत संपत्ति 17.34 करोड़ है। वहीं कांग्रेस के चार उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 3.56 करोड़ है। इसके अलावा जय हिंद नेशनल पार्टी के दो प्रत्याशी मैदान में हैं, दोनो ही करोड़पति हैं।

**अपराधों में 21 लिप्त :** संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि इन 91 प्रत्याशियों में 21 ने अर्थात 23 प्रतिशत ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये हैं। इन आठ सीटों पर सपा के चार प्रत्याशी मैदान में हैं और चारों पर अपराध के मामले लंबित हैं। वहीं बसपा के आठ में से तीन (38 प्रतिशत), बीजेपी के सात में से दो, कांग्रेस के चार में दो अर्थात 50 फीसदी, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी ने प्रत्याशी तीन उतारें हैं। इनमें से दो पर आपराधिक मामले चल रहे हैं। साथ ही कई अन्य पर मामले दर्ज हैं।

# चीन से आगे भारत, जीडीपी दर 6 .8% का अनुमान

वाशिंगटन, एजेंसी

भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर अच्छी खबर है। मूडीज के बाद इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड यानी आईएमएफ ने भी घरेलू मांग बढ़ने और कामकाजी उम्र की बढ़ती आबादी का जिक्र करते हुए कैलेंडर ईयर 2024 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 फीसदी से बढ़ाकर 6.8 फीसदी कर दिया। इस तरह भारत दुनिया की तेज रफ्तार से बढ़ रही अर्थव्यवस्था बना हुआ है। इसी अवधि में चीन की इकोनॉमिक ग्रोथ रेट 4.6 फीसदी रहने का अनुमान है।

आईएमएफ ने विश्व आर्थिक परिदृश्य के नवीनतम संस्करण में कहा, भारत में वृद्धि दर वर्ष 2024 में 6.8 प्रतिशत और 2025 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। घरेलू मांग में निरंतर मजबूती और कामकाजी उम्र की बढ़ती आबादी से इस तेजी को बल मिलता है। मुद्राकोष ने यह रिपोर्ट आईएमएफ और विश्व बैंक की सालाना बसंत बैठकों से पहले जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, उभरते और विकासशील एशिया में वृद्धि दर पिछले साल के अनुमानित 5.6 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2024 में 5.2 प्रतिशत और 2025 में 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह अनुमान जनवरी में जताए गए पिछले अनुमान की तुलना में थोड़ा बेहतर है। आईएमएफ ने अपनी जनवरी रिपोर्ट में 2024 के लिए भारत की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। इसके साथ ही मुद्राकोष ने चीन में वृद्धि दर 2023 के 5.2 प्रतिशत की तुलना में सुस्त पड़कर इस साल 4.6 प्रतिशत और 2025 में 4.1 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। इस सुस्ती के लिए महामारी के बाद खपत बढ़ने और राजकोषीय प्रोत्साहन जैसे कारकों का असर कम होने और रियल एस्टेट में सुस्ती को जिम्मेदार बताया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक वृद्धि वर्ष 2024 और 2025 में भी पुरानी रफ्तार से जारी रहने का अनुमान है। वर्ष 2023 में अनुमानित वैश्विक वृद्धि 3.2 प्रतिशत रही है। आईएमएफ के मुख्य अर्थशास्त्री पियरे-ओलिवियर गॉरींशेस ने कहा, निराशाजनक अनुमानों के बावजूद वैश्विक अर्थव्यवस्था सशक्त बनी हुई है। स्थिर वृद्धि और मुद्रास्फीति लगभग उतनी ही तेजी से धीमी हो रही है, जितनी तेजी से बढ़ी थी।





- **दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था का तमगा बरकरार**
- **आईएमएफ ने कामकाजी उम्र की बढ़ती आबादी पर भरोसा बढ़ाया**

## वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर 3.2 % रहने का अनुमान

**वाशिंगटन।** आईएमएफ ने इस साल के लिए वैश्विक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 3 .2 प्रतिशत कर दिया है। उसने कहा है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का परिदृश्य उज्ज्वल बना हुआ है, बिना आर्थिक नुकसान के महंगाई पर काबू पाये जाने के साथ उत्पादन बना रहेगा। मुद्राकोष ने ताजा विश्व आर्थिक परिदृश्य में इस साल वैश्विक वृद्धि दर 3 .2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया। यह जनवरी में जताये गये 3 .1 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है। वृद्धि दर का यह स्तर 2023 के बराबर है। विश्व आर्थिक परिदृश्य के अनुसार, 2025 में भी वृद्धि दर 3 .2 प्रतिशत रहने की संभावना जतायी है। अगर ऐसा होता है तो यह लगातार तीसरा साल होगा जब वृद्धि दर इस स्तर पर होगी।

## एक नजर

### राजभवन संग्रहालय में जल्द लगेगा नया प्रवेश द्वार

**अमृत विचार , लखनऊ :** राजभवन के संग्रहालय में जल्द नये डिजाइन का प्रवेश द्वार लगेगा। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को इलाहाबाद संग्रहालय समिति की ओर से प्रस्तावित मुख्य द्वार के डिजाइन का अवलोकन किया। राज्यपाल ने आयरन गेट के अन्य डिजाइन विकल्प भी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। संग्रहालय के निदेशक राजेश प्रसाद ने मुख्य द्वार की थ्रीडी ड्राइंग व डिजाइन, प्रवेश द्वार लोकेशन, साइट फोटोग्राफ, संग्रहालय भवन के डिजाइन एलीमेंट डिजाइन कॉन्सेप्ट, प्रवेश द्वार के साथ टिकट काउंटर, शौचालय सुविधा के साथ गार्ड रूम, लगभग सौ बैग स्टोरेज क्षमता वाला लगेज रूम, मेटल डिटेक्टर, सीसीटीवी कैमरा क्षमताओं सम्बन्धी प्रस्तावित डिजाइन का प्रस्तुतिकरण किया। उन्होंने बताया प्रस्तावित गेट संग्रहालय के वर्तमान स्वरूप से मेल खाता है।

# डिफाल्टर बिल्डरों पर 2,000 करोड़ बकाया

## आवास विकास परिषद ने बनाई सूची, भूखंड लेकर नहीं जमा किया पैसा, फ्लैट बनाकर बेच दिए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आवास एवं विकास परिषद ने भूखंड लेकर पैसा जमा न करने वाले डिफाल्टरों की सूची बनाई है। इन पर 2,000 करोड़ रुपये बकाया है। इनमें सबसे अधिक डिफाल्टर गाजियाबाद की मंडोला योजना, लखनऊ में वृंदावन योजना, आम्रपाली योजना और अवध विहार योजना के आवंटी हैं। इन बिल्डरों ने आवास विकास से भूखंड लेकर पैसा ही जमा नहीं किया और आवंटियों को फ्लैट भी बेच दिए। पांच वर्षों से ये बिल्डर पैसा जमा नहीं कर रहे हैं। इनमें ग्रुप हाउसिंग, व्यावसायिक और शैक्षणिक भूखंड शामिल हैं।

**▸▸ भेजी गई अंतिम नोटिस बकाया जमा न करने पर निरस्त होगा आवंटन**



अब आवास विकास ने वसूली के लिए इन बिल्डरों की सूची तैयार की है। इनको पैसा जमा करने के लिए अंतिम नोटिस भेजी जा रही है। बकाया धनराशि ब्याज सहित जमा न करने पर बिल्डरों व आवंटियों के भूखंड का आवंटन निरस्त करके आवास विकास अपने कब्जे में लेगा। इसके बाद ई-नीलामी से इन भूखंडों को बेचेगा।

### आरसी जारी होने के बाद भी नहीं हो पाई वसूली

भूखंड लेने के बाद पैसा जमा नहीं करने वालों से धनराशि वसूली के लिए परिषद ने जिलाधिकारी कार्यालय को पत्र लिखा। जिलाधिकारी कार्यालय से वसूली पत्र भी जारी किया गया। इसके बावजूद धनराशि की वसूली नहीं हो पायी। जांच में सामने आया कि कई बिल्डर आवंटियों को फ्लैट बेचकर गायब हो गए। परिषद का लगभग 1,000 करोड़ रुपये डूब गया है।

### अधिकारियों ने चहेते बिल्डरों को दे दिए भूखंड

आवास विकास के अधिकारियों एवं सम्पत्ति प्रबंधकों ने अपने चहेते बिल्डरों को जमकर भूखंड बांटे। 10 प्रतिशत धनराशि जमा कराकर योजनाओं में बेशकीमती जमीन आवंटित कर दी। इसके बाद बकाया पैसा जमा कराना भी भूल गए। वसूली के लिए दबाव बनाया और न आवंटन निरस्त करने की कार्यवाही की। परिषद का लगभग 2,000 करोड़ रुपये फंस गया है।

### डिफाल्टरों पर निगरानी की व्यवस्था नहीं

आवास विकास में भूखंडों का आवंटन ई-नीलामी से किया जा रहा है। हाल ही में कर्मचारियों के वेतन व ठेकेदारों का भुगतान करने के लिए ऑनलाइन व्यवस्था लागू हो गई है। लेकिन डिफाल्टर आवंटियों पर निगरानी की कोई व्यवस्था नहीं है। आवास विकास के जोन कार्यालयों में आवंटन के बाद रजिस्ट्री और किश्तों के भुगतान का विवरण रहता है। मुख्यालय द्वारा बकायेदारों की रिपोर्ट जोन कार्यालयों से मांगी जाती है। मुख्यालय में सम्पत्ति विभाग द्वारा रिपोर्ट दबा दी जाती है। जिससे जोन स्तर से वसूली की कार्रवाई नहीं हो पाती है।

> किस बिल्डर पर कितना बकाया है मुझे पता नहीं है। जानकारी करके बकायेदारों से वसूली के लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-बलकार सिंह,** आवास आयुक्त, उप्र आवास एवं विकास परिषद

# सभी थानों को मिलेंगे एसी हेलमेट व ऑटोमेटिक छाते

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ कार्मिकों को सहूलियत देने के लिए यातायात निदेशालय ने की पहल**

**▸▸ हर मौसम में राहत प्रदान करेगा हेलमेट, कहीं भी प्रयोग कर सकते हैं छाता**

**अमृत विचार :** तपती गर्मी में यातायात कर्मियों को राहत प्रदान करने के लिए यातायात निदेशालय ने अपने कार्मिकों को वातानुकूलित हेलमेट देने का निर्णय लिया है। हेलमेट को पहनकर यातायात कर्मी चौराहों पर खड़े होकर यातायात संचालित करेंगे। हेलमेट निर्धारित तापमान का होगा, जिससे उन्हें न सिर्फ गर्मियों में, बल्कि कड़ाके की ठंड और बरसात में भी राहत मिलेगी। निदेशालय ने प्रथम चरण में प्रदेश के प्रत्येक थाने में चार-चार हेलमेट और छाता देने का निर्णय लिया है।

यह हेलमेट हैदराबाद की एक कंपनी द्वारा तैयार किया जा रहा है। मशीन बैट्री द्वारा संचालित होगी। एक बार की चार्जिंग में आठ घंटे तक मशीन चलती रहेगी। हेलमेट में लगी एसी एक चिप द्वारा नियंत्रित होगी। बैट्री संचालित होने के कारण एसी की तीव्रता बहुत कम होगी, लेकिन गर्दन के ऊपर के सभी भागों, यथा सिर, नाक, कान, आंख, आदि को शीतलता प्रदान करेगी। हेलमेट की लागत करीब 12 हजार से 15 हजार के बीच आ रही है। इसी तरह यातायात कर्मियों को जो आटोमैटिक छाता दिया जाएगा, वह हल्के वजन का होगा। छाता खोलने के बाद वह चौराहे अथवा किसी भी स्थान पर एक स्टैंड पर खड़ा हो जाएगा। काम खत्म होने के बाद छाता बंद करने की स्थिति में वह एक छोटे से बैग में भी आ सकता है। अफसरों का कहना है कि कार्मिकों को राहत प्रदान करे के लिए यह निर्णय लिया गया है। जल्द ही एसी और छातों को थानों में भेजा जाएगा। अभी कानपुर कमिश्नरेट में इसकी शुरुआत भी कर दी गई है।



> प्रदेश में लगभग 1500 थाने हैं। प्रथम चरण में प्रत्येक थाने में चार-चार हेलमेट और छाता भेजने का निर्णय लिया गया है। विभाग ने कार्मिकों को तपती गर्मी से राहत दिलाने के लिए यह निर्णय लिया है, हालांकि हेलमेट सभी मौसमों में काम आएगा।
>
> **-डॉ. बीडी पॉल्सन,** एडीजी यातायात, उप्र.

# सपा, बसपा व कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



विभिन्न पार्टियों के नेताओं को भाजपा कार्यालय पर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** सपा, बसपा व कांग्रेस के कई नेता मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। नेताओं ने प्रदेश भाजपा मुख्यालय में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के समक्ष सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यता ग्रहण करने वाले बसपा नेताओं में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधा वर्मा (अम्बेडकरनगर), जोनल को-आर्डिनेटर विजय कुमार (कुशीनगर), जोनल को-आर्डिनेटर व जिला पंचायत सदस्य कमलेश साहू (बांदा), जिला पंचायत सदस्य नीरज प्रजापति (बांदा), जिला पंचायत सदस्य आदित्य यादव (आजमगढ़), नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सिंह (प्रतापगढ़) व नगर पंचायत अध्यक्ष संजय सोनी (प्रतापगढ़) शामिल हैं। इसी तरह, बसपा से अनीता द्विवेदी (उन्नाव), शीतल कुशवाहा (जालौन), अशोक कुमार तिवारी (सिद्धार्थनगर), डॉ. सरोज पाण्डेय (आजमगढ़), घनश्याम पाण्डेय (प्रयागराज), जिला पंचायत सदस्य ब्रजकुमारी पाण्डेय (प्रयागराज), सूर्य प्रताप सिंह (फिरोजाबाद) व पार्षद अमित चौधरी (लखनऊ) शामिल हुए।

इसी तरह, सपा से पूर्व प्रदेश महासचिव दया शंकर सिंह यादव (गाजीपुर), पूर्व प्रदेश सचिव मनोज सिंह पटेल (मीरजापुर), ब्लॉक प्रमुख मीरा यादव (उन्नाव), सपा से पूर्व ब्लॉक प्रमुख धीरेन्द्र यादव (उन्नाव), केन्द्रीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लहुबीर व्यापार मंडल के संगठन मंत्री संजय मिश्रा (वाराणसी), सपा सिन्धी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अंशवानी (कानपुर), सपा लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक संजय यादव (हमीरपुर), ब्राह्मण युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु पाण्डेय (आजमगढ़) ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

कांग्रेस के पूर्व पार्षद आशीष सिंह सुजल (लखनऊ) व पूर्व प्रदेश सचिव दीपक सिंह (बाराबंकी) ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष कान्ताकर्दम, प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य उपस्थित रहे। मंच का संचालन प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे ने किया।

### 400 के संकल्प को पूरा करें: ब्रजेश पाठक

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भाजपा परिवार में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में युवा, नारी, गरीब व किसान की आर्थिक व सामाजिक समृद्धि के लिए गारंटी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लोकसभा की सभी 80 सीटें जीतकर अबकी बार 400 पार के संकल्प को पूरा करना है।

### इंडी गठबंधन के स्टार प्रचारक आज उतरेंगे चुनावी मैदान में

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंडी गठबंधन के स्टार प्रचारक 17 अप्रैल को चुनाव मैदान में उतरेंगे। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी सहारनपुर में पार्टी प्रत्याशी इमरान मसूद के समर्थन में रोड शो करेंगी, जबकि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव गाजियाबाद में मंच साझा करेंगे। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ सीपी राय ने बताया कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से पहले कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव गाजियाबाद में संयुक्त प्रेस वार्ता के माध्यम से मीडिया से बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में बदलाव की लहर चल रही है। बीते 10 साल में मोदी सरकार ने जनता से किए हुए किसी वादे को पूरा नहीं किया। इन्होंने जनता को सिर्फ छला है। 10 साल से जनता सिर्फ जुमला सुन रही है, मन की बात सुन रही है, लेकिन काम की बात आज तक कभी भाजपा नेताओं के मुंह से नहीं निकली है। जनता अब अपने मन की बात भाजपा नेताओं को बताएगी। केंद्र में बदलाव होगा। मोदी सरकार की विदाई तय है।

# अयोध्या के लिए चलेंगी 400 बसें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ रामनवमी मेले को लेकर अधिकारी की हुई नियुक्ति कर्मचारियों की छुट्टियां निरस्त**

**अमृत विचार :** रामनवमी पर परिवहन निगम प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए 400 बसों का संचालन करेगा। रामनवमी मेला स्थल के लिए अयोध्या डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आदित्य कुमार को मेला अधिकारी बनाया गया है। परिवहन निगम प्रशासन ने ड्यूटी में लगे कर्मचारियों की छुट्टियां भी निरस्त कर दी हैं। परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर के अनुसार, श्रद्धालुओं को रामनवमी मेला स्थल तक आवागमन में असुविधा न हो, इसके लिए हर रूट पर बसों का संचालन कराया जाएगा।

अयोध्या परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक विमल कुमार का कहना है कि 17 अप्रैल को मेले के आयोजन में भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। यह भीड़ 20 अप्रैल तक वापस जाएगी। उन्होंने बताया कि नया घाट गोंडा बहराइच बस स्टेशन पर 15 बसें, नया घाट गोंडा बस स्टेशन से पांच बसें, नया घाट गोंडा बस स्टेशन से 10 बसें अमेठी डिपो की, नया घाट बस्ती बस स्टेशन से चार बसें, अयोध्या डिपो की नया घाट बस्ती बस स्टेशन से 10 बसें सुल्तानपुर डिपो की, नया घाट गोरखपुर बस स्टेशन से 10 बसें अयोध्या डिपो की, नया घाट गौर बाजार से दो बसें अयोध्या की, नया घाट बभनान से दो बसें अयोध्या की, नया घाट घनघटा से दो बसें अयोध्या की, नया घाट अकबरपुर आजमगढ़ बस स्टेशन से 20 बसें, अकबरपुर डिपो की, नया घाट जहांगीरगंज राजेसुल्तानपुर से 10 बसें अकबरपुर डिपो की और नया घाट भिटरिया लखनऊ से 30 बसें अयोध्या डिपो की संचालित होगी। इन बसों की कुल संख्या 120 निर्धारित की गई थी, लेकिन अब अत्यधिक भीड़ को देखते हुए यह संख्या बढ़कर 400 कर दी गई है, जिनमें से 200 बसें अयोध्या क्षेत्र से संचालित होंगी और शेष 200 बसें देवीपाटन, गोरखपुर, आजमगढ़ और लखनऊ क्षेत्र से लगाई जा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अयोध्या जाने वाली बसों के रूट और ठहराव स्थल भी तय है। उसी के अनुसार बसों का संचालन किया जाए।

### दुर्घटना दावा निरस्त करने पर ब्याज समेत क्लेम अदा करने का आदेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** वाराणसी के सिकरौला गांव निवासी एक व्यक्ति ने लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया से दो पॉलिसी कराई। दुर्घटना में मौत हुई तो कंपनी ने एक पॉलिसी का दावा निरस्त कर दिया। इस पर राज्य उपभोक्ता आयोग ने ब्याज समेत क्लेम अदा करने का आदेश दिया है। उमेश कुमार वर्मा ने 10-10 लाख रुपये की एक साथ जीवन सरल पालिसी कराई थी। जिसमें दुर्घटना बीमा में शर्तों के मुताबिक 20 लाख रुपये क्लेम शामिल था। 17 फरवरी 2013 को उमेश की ट्रक एक्सीडेंट से मौत हो गई। पत्नी साधना ने दावा किया तो कंपनी ने एक पॉलिसी का भुगतान किया जबकि दूसरे में तथ्य छिपाकर कराने की बात कहकर दावा निरस्त कर दिया। इसकी सुनवाई प्रिसाइडिंग जज राजेंद्र सिंह ने की। फैसला सुनाया कि जबकि कंपनी ने दोनों पॉलिसी एक ही दिन और समय पर की तो तथ्य छिपाने जैसी बात नहीं। और पहली और दूसरी पॉलिसी जैसी कोई बात नहीं। उन्होंने कंपनी को क्लेम के 20 लाख रुपये, मानसिक प्रताड़ना के 50 हजार व वाद व्यय के 25 हजार रुपये मरने की तिथि से 12 प्रतिशत ब्याज के साथ अदा करने का आदेश दिया है। यह धनराशि एक माह में अदा न करने पर 15 प्रतिशत ब्याज के साथ देय होगी।

# 77 हजार विद्यार्थी होंगे छात्रवृत्ति से वंचित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ फार्म भरने में हुईं गलतियों का खामियाजा छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ा**

**▸▸ पोर्टल दोबारा खोलने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में होगी बैठक**

**अमृत विचार :** साइबर कैफे और कॉलेज के स्तर से फार्म भरने में हुई गलितयों का खामियाजा छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ा। पिछले वित्तीय वर्ष (2023-2024) में 77 हजार छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित रह गए। शुक्रवार को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में छात्र-छात्राओं को आवेदन करने के लिए दोबारा अवसर दिया जाए या नहीं इसको लेकर बैठक होगी।

पिछले वित्तीय वर्ष में अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन शुरू हुए थे। 18 जनवरी 2024 तक छात्रवृत्ति के लिए फार्म भरे गए और 23 जनवरी 2024 को फार्म अग्रसारित किए गए। मार्च के अंतिम सप्ताह में प्रदेश में 20 लाख से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई। फार्म भरने के दौरान हुई गलती के कारण छात्रवृत्ति से वंचित हुए 77 हजार छात्र-छात्राएं जिला समाज कल्याण अधिकारी, कॉलेज और समाज कल्याण निदेशालय के चक्कर काटते रहे। अधिकारियों से मिलकर फार्म में हुई गड़बड़ी के बारे में बताया। अधिकतर फार्मों में अनुक्रमांक, पाठ्यक्रम और प्राप्तांक/पूर्णांक भरने में गलतियां हुईं।

समाज कल्याण निदेशालय ने पूरा मामला शासन को भेजा है। शासन स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठक होगी। बैठक में वित्त विभाग के प्रमुख सचिव समेत अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। बैठक में इस बात पर विचार किया जाएगा कि वंचित छात्र-छात्राओं को आवेदन के लिए दोबारा अवसर दिया जाए या नहीं। अगर अवसर दिए जाने पर सहमित बनती है तो पोर्टल खोला जाएगा और वंचित छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकेंगे। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने कहा कि प्रयास किया जाएगा कि वंचित छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ मिल सके।

# तकनीक से ही रुकेगा साइबर अपराध

## इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेंसिंक साइंस के छात्रों को दी गई जानकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को सम्मानित करते संस्थान के अधिकारी।

**अमृत विचार :** उप्र. स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में छात्रों को साइबर सिक्योरिटी से जुड़े पहलुओं की जानकारी मंगलवार को गृह विभाग और पुलिस विभाग के अफसरों द्वारा दी गई। छात्रों को ड्रोन, डिजिटल डाटा, ऑनलाइन फ्रॉड आदि की रोकथाम आदि के बारे में भी जानकारी दी गई।

पुलिस महानिदेशक रूल्स एवं मैनुअल आशीष गुप्ता ने कहा कि वर्तमान परिवेश में डिजिटल डाटा का प्रयोग विभिन्न प्रकार के साइबर क्राइम के लिए अपराधियों द्वारा किया जा रहा है, जिसे रोकने के लिये साइबर सिक्योरिटी ही एक मात्र तरीका है। बताया कि इसे आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) प्वाइंट सिक्योरिटी एवं क्लाउड सिक्योरिटी के माध्यम से डिजिटल प्लेटफॉर्म को सुरक्षित किया जा सकता है। उन्होंने साइबर सुरक्षा से जुड़े कई केस स्टडी भी छात्रों से साझा किए। ड्रोन विशेषज्ञ मिलिंद राज ने कहा कि फॉरेंसिक साइंस को ध्यान में रखते हुए कैसे ड्रोन के उपयोग से अपराध स्थल पर साक्ष्य खोज एवं बचाव कार्य किया जा सकता है। उन्होंने छात्रों को विभिन्न प्रकार के ड्रोन के सम्बन्ध में प्रत्यक्ष रूप से प्रशिक्षित भी किया। इस अवसर पर, विशेष सचिव (गृह) योगेश कुमार अपर निदेशक राजीव मल्होत्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ सतीश कुमार एवं उपनिदेशक चिरंजीव मुखर्जी, प्रशासनिक अधिकारी अतुल कुमार यादव सहित संस्थान के शिक्षक भी मौजूद रहे।

### सहारा हॉस्पिटल हुआ मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर स्थित सहारा हॉस्पिटल का नाम अब 'मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल' हो गया है। यह जानकारी मंगलवार को मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट लिमिटेड के अध्यक्ष और निदेशक अभय सोई ने दी, साथ ही बताया कि भविष्य में शहीद पथ पर स्थित 5.6 एकड़ भूमि पर 500 बिस्तरों वाला नया अस्पताल स्थापित किया जायेगा।

अस्पताल परिसर में ही प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने बताया कि शहर में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए आने वाले समय में चरणबद्ध तरीके से 2500 करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा। योजना अंतर्गत 150-200 करोड़ रुपये से अस्पताल में 265 बिस्तर बढ़ाने के साथ ही चिकित्सकीय सेवाओं को अत्याधुनिक बनाया जायेगा। मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर की शुरुआत, अंग प्रत्यारोपण और रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम शुरू किया जायेगा।

# कायस्थ समाज को साधने का प्रयास कर रही भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ लखनऊ की पूर्वी विधानसभा सीट के उप चुनाव में पार्टी ने पुराने कार्यकर्ता ओपी श्रीवास्तव को बनाया उम्मीदवार**

**अमृत विचार :** पूर्वी विधानसभा के उप चुनाव में भाजपा का अपने पुराने कार्यकर्ता ओपी श्रीवास्तव को उम्मीदवार बनाना कायस्थ समाज को लोकसभा चुनाव में साधने का प्रयास माना जा रहा है। हालांकि लंबे समय से राज्य विधानसभा में कायस्थ समाज का प्रतिनिधित्व सुरेश श्रीवास्तव ने किया। वह मध्य और बाद में पश्चिम सीट से विधायक रहे। उनकी मृत्यु के बाद पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पश्चिम सीट से अंजनी श्रीवास्तव को मैदान में उतारा था, लेकिन वह हार गए थे।

दरअसल, लखनऊ की पूर्वी विधानसभा सीट पूर्व मंत्री और विधायक रहे आशुतोष टंडन के निधन से रिक्त हुई है। इस सीट के लिए स्व. आशुतोष टंडन के भाई अमित टंडन न केवल प्रमुख दावेदार माने जा रहे थे, बल्कि उन्होंने अपनी सक्रियता भी बढ़ा दी थी। अन्य कई अन्य दावेदारों ओपी श्रीवास्तव का नाम भी था।

लखनऊ की राजनीति में लालजी टंडन और उनके परिवार की खासी पहचान है। भाजपा के बड़े नेता लालजी टंडन की पहचान भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के खास लोगों में होती थी। टंडन बिहार के साथ ही मध्य प्रदेश के राज्यपाल भी रहे थे, जिनका कुछ साल पहले निधन हो गया था।

# मैनपुरी से डिंपल यादव समेत कई ने किया नामांकन

## लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए 26 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** तीसरे चरण की 10 सीटों के लिए हो रहे चुनाव के लिए मंगलवार को 26 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें मैनपुरी सीट से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव, बरेली के लिए बसपा से मास्टर छोटेलाल गंगवार, सपा से प्रवीन सिंह ऐरन समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं।



सम्भल में चार, हाथरस (अजा) में दो, आगरा (अजा) में दो, फतेहपुर सीकरी में चार, मैनपुरी में दो, एटा में दो, बदायूं में दो, आंवला में चार व बरेली में चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। सम्भल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए बसपा से चौधरी सौलत अली, किसान क्रांति दल से संतोष और निर्दलीय प्रत्याशियों में राजेश कुमार व अरविन्द कुमार ने नामांकन पत्र भरा। हाथरस (अजा) क्षेत्र के लिए भाजपा से अनूप सिंह व राष्ट्र उदय पार्टी से जयवीर सिंह ने नामांकन पत्र भरा।

आगरा (अजा) क्षेत्र के लिए बसपा से पूजा व आदर्श समाज पार्टी से चन्द्रपाल ने नामांकन पत्र भरा। फतेहपुर सीकरी क्षेत्र के लिए बसपा से रामनिवास, न्यायधर्म सभा पार्टी से चन्द्रसेन शर्मा, भारतीय मजदूर जनता पार्टी से संगीता व राष्ट्रीय जनसंचार दल से वेद प्रकाश ने नामांकन पत्र भरा। फिरोजाबाद क्षेत्र के लिए किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र नहीं भरा। मैनपुरी क्षेत्र के लिए सपा से डिम्पल यादव व भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से मंजू पाल ने नामांकन किया। एटा क्षेत्र के लिए सपा से देवेश शाक्य व निर्दलीय प्रत्याशी में कमरूद्दीन खान ने नामांकन पत्र भरा। बदायूं क्षेत्र के लिए परिवर्तन समाज पार्टी से मुकेश चन्द्र राठौर, राष्ट्रीय क्रांति पार्टी से लता यादव ने नामांकन पत्र भरा।

आंवला क्षेत्र के लिए सपा से नीरज मौर्या, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से राजकुमार पटेल, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से निर्मोद कुमार सिंह व पीस पार्टी से कौसर खां ने नामांकन पत्र भरा। बरेली लोकसभा क्षेत्र के लिए बसपा से मास्टर छोटेलाल गंगवार, सपा से प्रवीन सिंह ऐरन, भारत जोड़ो पार्टी से मोहम्मद नाजिम अली व निर्दलीय प्रत्याशी में संजीव ने नामांकन पत्र भरा।

### कन्नौज सीट पर फंसा है पेंच



**अमृत विचार, लखनऊ :** कन्नौज संसदीय सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरु होने को है लेकिन समाजवादी पार्टी की तरफ से इस सीट के प्रत्याशी को लेकर रहस्य बना हुआ है। हालांकि, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बीते दिनों अपनी उम्मीदवारी का खुलकर एलान तो नहीं किया, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि वह कन्नौज नहीं छोड़ेंगे। टिकट पर उन्होंने कहा था कि जल्द घोषणा करेंगे। अब ईद हो चुकी है। नवरात्र भी पूरे होने को हैं। नवरात्र खत्म होते ही 18 अप्रैल से नामांकन भी शुरू हो जाएगा। कन्नौज सीट से भाजपा ने अपना उम्मीदवार घोषित कर रखा है। बसपा ने एक बार टिकट भी बदल दिया है। लेकिन सपा के उम्मीदवार का नाम अब तक सामने नहीं आया है। इस बीच प्रशासनिक और सियासी गलियारों में भी चर्चा है कि सपा से उम्मीदवार कौन होगा और नाम की घोषणा में देरी के पीछे वजह क्या है। सूत्रों के मुताबिक, इसके पीछे सपा प्रमुख की राजनीतिक रणनीति है। सूत्रों की मानें तो यह तय है कि चुनाव अखिलेश यादव ही लड़ेंगे और इसकी तैयारी भी चल रही है।

# मिलेट्स की मांग बढ़ रही पैदावार को बढ़ाया जाए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ चना व मसूर की खरीद को लेकर मुख्य सचिव ने विभागीय अधिकारियों के साथ की बैठक**

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि दलहन एवं मक्का की उपज बढ़ाने के लिये किसानों को नवीनतम तकनीकी की जानकारी दी जाये। मिलेट्स की पैदावार को बढ़ाने के प्रयास किये जायें। क्योंकि प्रदेश में मिलेट्स की मांग तेजी से बढ़ रही है, उत्पादन कम है। साथ ही कहा कि अगले 5 से 10 साल तक तक अरहर के उत्पादन का दस गुना लक्ष्य तय किया जाये।

मुख्य सचिव, मंगलवार को लोकभवन में चना एवं मसूर की खरीद आदि के सम्बन्ध में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक में बोल रहे थे। बैठक में उपभोक्ता मामले की सचिव निधि खरे ने बताया कि एमएसपी पर अधिक से अधिक अनाजों का भण्डारण करना होगा। ताकि मूल्य स्थिरीकरण हो सके। साल 2024 के रबी सीजन में मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत चना और मसूर जैसी दालों की खरीद की जाए। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा एमएसपी पर गेहूं की खरीद के लिए एनसीसीएफ को एक एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। साथ ही 14 जिलों में 1.50 लाख मीट्रिक टन खरीद लक्ष्य निर्धारित किया गया है। किसानों को भुगतान के लिए अधिकतम समय 48 घंटे तय किया गया है। बैठक में अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद आलोक कुमार समेत विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

समस्त प्रदेश वासियों को श्री रामनवमी महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

Discover your dream lifestyle at SAINIK METRO CITY
MAURAWAN ROAD, MOHANLALGANJ, LUCKNOW.
PLOTS | VILLA | COMMERCIAL
POWERED BY: TIWARI BROTHERS SINCE: 1998
Rate @1200/- Per Sqft
न्यू सैनिक नगर के साथ 25 साल का विश्वास
लखनऊ शहर में प्लॉट लेने का सपना अब नहीं रहेगा अधूरा, हम लेकर आये हैं लखनऊ शहर के अन्दर सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ पूर्ण विकसित गेटेड कालोनी के अंदर प्लॉट।
7052270522, 7052579525, 7052200101
FEATURES :
• SCHOOL
• SHOPPING COMPLEX
• SUN SALUTATION PARKS
• UNDERGROUND ELECTRICITY
• SEVER, STP PLANT
• ROADS- 45FT., 40FT., 30FT.
• OVER HEAD TANK
• 24X7 GATED SECURITY
• KIDS PLAY GROUND
Rates in Sanik Homes Projects @1200/- per sqft. to 3500/- per sqft.
बैंक फाईनेन्स सुविधा उपलब्ध
60% राशि देकर तुरन्त रजिस्ट्री, बकाया राशि आसान मासिक किश्तों में
LOCATION ADVANTAGE:
• PROPOSED METRO STATION
• 2 MIN.AYUSH MEDICAL COLLEGE
• 3 MIN. RAEBARELI ROAD
• 15 MIN. AIRPORT, SGPGI, MEDANTA, LULU MALL, PHOENIX MALL.
• 10 MIN. OMAXE METRO CITY
NEW SAINIK NAGAR BUILDERS & DEVELOPERS PVT. LTD.
7052270522 7052570525 7887273234

## नवम सिद्धिदात्री

मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। नवरात्र पूजन के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता है। देवी सिद्धिदात्री की पूजा से केतु का असर कम होता है।

बीज मंत्र-ह्रीं क्लीं ऐं सिद्धये नमः।

## शहर में आज

- बख्शी का तालाब टोल प्लाजा के पास सेंट जोसेफ विद्यालय की ओर से ज्ञानशिला-भूमि पूजन का आयोजन - 11:00 बजे।
- शहीद स्मारक पर सऊदी अरब हुकूमत के विरोध में प्रदर्शन दोपहर 12.30 बजे।
- श्रीराम मंदिर बारादरी अशर्फाबाद में श्रीराम जन्म महोत्सव समिति द्वारा शोभायात्रा का आयोजन- 1:00 बजे।
- रामनवमी पर कपूरथला चौराहे से भगवा यात्रा की शुरुआत- 4:00 बजे।
- रामलीला मैदान, ऐशबाग में चैती महोत्सव का आयोजन - 4.00 बजे।
- जानकीपुरम के अटल चौराहे के पास हॉलिस्टिक हेल्थ केयर क्लीनिक की शुरुआत के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन - 5:00 बजे।

# मरने के एक माह पहले ही कर डाला पोस्टमॉर्टम

## परिजन को पहले ही दी गई थी पीएम रिपोर्ट खराब करने की धमकी, बीमा क्लेम फंसा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) की मर्च्युरी में डॉक्टरों ने एक व्यक्ति का मरने से एक माह पहले ही पोस्टमार्टम कर डाला। जब परिजन को रिपोर्ट मिली तो वह परेशान हो गए। रिपोर्ट लगाने के बाद बीमा का क्लेम अटक गया। इसके बाद परिजन लगातार रिपोर्ट सही कराने के लिए सीएमओ कार्यालय और केजीएमयू के चक्कर काट रहे हैं। आरोप है कि मनमुताबिक रिपोर्ट के लिए कर्मचारी ने रुपये मांगे थे। मना करने पर धमकी दी थी कि ऐसी रिपोर्ट बनाएंगे कि बीमा क्लेम के लिए परेशान हो जाओगे। वसूली में असफल आरोपी ने मनमानी रिपोर्ट दी। जिससे मृतक के परिजन अब परेशान हो रहे हैं।

**यह है मामला :** सुल्तानपुर में एक व्यक्ति 17 फरवरी को हादसे में घायल हो गया था। उसे अयोध्या के जिला अस्पताल से रेफर करा कर केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में लाया गया था। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजन के मुताबिक इस दौरान केजीएमयू के ही एक अवस्थी नाम के व्यक्ति ने कहा कि मृतक शराब पिए हुए था। यदि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में डॉक्टरों ने इसका जिक्र कर दिया तो बीमा का क्लेम नहीं मिलेगा। उसने कहा कि फार्मासिस्ट से उसकी पूरी सेटिंग है। घरवालों को डरा कर 10 हजार रुपये डॉक्टरों को देने की बात कह कर मांग की। पीड़ित परिवार से दो हजार रुपये तुरंत ले लिए। शेष रुपये ऑनलाइन भेजने को कहा। इसके बाद वह रुपये के लिए लगातार कॉल कर रहा था। रुपये न देने की स्थिति में धमकी देने लगा। जिसकी कॉल रिकार्डिंग भी मौजूद है।



- केजीएमयू की मर्च्युरी में डॉक्टरों ने किया कारनामा
- मनमुताबिक पीएम रिपोर्ट के लिए रुपये मांगने का मामला

### विवादों में रहा कर्मचारी

सूत्रों का कहना है कि जिस कर्मचारी को केजीएमयू प्रशासन बचाने का प्रयास कर रहा है, उसका पहले भी कई मामलों में नाम आ चुका है। ट्रांसफर होने के बावजूद करीब 10 वर्षों से एक ही जगह पर तैनाती है। करीब चार महीने पहले एक शव से जेवर गायब होने का मामला आया था। इस मामले को भी दबा दिया गया।

### पीएम और शव सुपुर्दगी के समय में भी खेल

परिजन के माध्यम से मिली पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में लिखा गया है कि शव का पोस्टमॉर्टम वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अविनाश कुमार ने किया है। मर्च्युरी में शव प्राप्त करने का समय 18 फरवरी को 1:20 बजे का है। जबकि पोस्टमॉर्टम करने का समय 18 जनवरी 2:45 बजे का दर्ज किया गया है। पीएम आधे घंटे तक किया गया। परिजन के मुताबिक, तारीख में अंतर आने से अब बीमा क्लेम नहीं मिल पा रहा है।

### सुरक्षा गार्ड को हटाया, फार्मासिस्ट को क्लीन चिट

आरोपी की धमकी को लेकर परिजन ने 29 फरवरी को सीएम जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में केजीएमयू प्रशासन ने जांच समिति का गठन कर दिया। जांच समिति की रिपोर्ट में कहा गया कि कथित अवस्थी नाम के आरोपी की पहचान सुरक्षा गार्ड राजेश अवस्थी के नाम से हुई है। ऑडियो में उसकी आवाज की पुष्टि होने पर उसे मर्च्युरी की सेवा से हटा दिया गया है। जांच में अन्य किसी का शामिल होना नहीं पाया गया। इस मामले में फार्मासिस्ट पीएस पंवार का भी नाम आया था, लेकिन जांच में पता चला कि घटना के दिन पीएस पंवार छुट्टी पर थे।

> पीएम रिपोर्ट में संशोधन करना सीएमओ ऑफिस का काम है। यदि मर्च्युरी के कर्मचारी ने कोई लापरवाही की है तो शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> -डॉ. सुधीर सिंह, प्रवक्ता केजीएमयू

> पीएम रिपोर्ट में किसी भी गलती में सुधार करने का काम मर्च्युरी और पुलिस से संबंधित है। सीएमओ से कोई मतलब नहीं होता।
>
> -डॉ. मनोज अग्रवाल, सीएमओ

# खाद्य विभाग ने छापेमारी कर लिए 43 नमूने

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जेपी सिंह के नेतृत्व में मिलावट के खिलाफ चलाया गया अभियान

**अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने जिले में छापेमारी कर गड़बड़ी की आशंका पर 43 नमूने लिए। जो जांच के लिए भेजे गए। मंगलवार को नवरात्र को लेकर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जेपी सिंह के नेतृत्व में मिलावट के खिलाफ अभियान चलाया गया।

सामग्रियों का उत्पादन व बिक्री करने वाले चिह्नित किए गए। दुकान, माल, गोदाम आदि पर छापेमारी की। इस दौरान फलाहारी बनाना चिप्स, कबुली चना, गाय का घी, मिक्स ड्राई फ्रूट, कुट्टू आटा, सिंघाड़ा आटा, छुआरा, साबूदाना पापड़, सेंधा नमक, मूंगफली, सौंप, फलहारी नमकीन, घी, मखाना, किशमिश, कोकोनट, हल्दी पाउडर, बेसन, चना, मूंगफली दाना के कुल 43 नमूने लिए। जेपी सिंह ने बताया की सभी मिलावट की आंशका पर सभी सैंपल जांच के लिए भेजे हैं। यदि फेल हुए तो कार्रवाई की जाएगी।

आप सभी को रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं
सुपर सूटकेश स्टोर
नटखेड़ा रोड, आलमबाग, लखनऊ
प्रो0- कुन्दन भागवानी
मो0-9936836706



अस्ती गांव में ग्रामीणों से बात करतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब। अमृत विचार

# ग्रामीण आवासों की पूर्णता बढ़ने के बजाय घटी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रधानमंत्री योजना के 72 हजार व मुख्यमंत्री के 16 हजार आवास अधूरे
- जिलों में लक्ष्य के मुताबिक तैयार नहीं हुए ग्रामीण आवास

**अमृत विचार :** प्रदेश में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के आवास मार्च तक पूर्ण नहीं हो सके। ग्राम्य विकास मुख्यालय की तरफ से जिलों को 2023-24 व पिछले वर्षों के आवास मार्च तक पूर्ण करने का लक्ष्य दिया गया था। जिसमें संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों ने गंभीरता नहीं दिखाई।

इससे आवासों की पूर्णता बढ़ने की बजाय घटती गई। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास की बात करें तो जनवरी में 63,575, फरवरी में 54,661 व मार्च में 25,772 आवास पूर्ण कराए गए। इसी तरह मुख्यमंत्री योजना के तहत जनवरी में 22,457, फरवरी में 14,518 व मार्च में 6,692 आवास पूर्ण किए गए। इस तरह से आवासों की पूर्णता हर माह घटना बताया गया।

### 88 हजार ग्रामीण आवास अधूरे

आवासों की खराब प्रगति 9 मार्च को समीक्षा में सामने आई है। समीक्षा में पाया गया कि प्रधानमंत्री योजना के 72 हजार और मुख्यमंत्री योजना के 16 हजार ग्रामीण आवास तैयार होना बाकी है। इस खराब प्रगति पर ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने नाराजगी जताई है और आचार संहिता का पालन करते हुए इस माह सभी आवास पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

।।श्री हीर।। All Dental Solutions ।।श्री हीर।।
Chhangamal Dental Clinic
आप सभी को भगवान श्रीराम के पावन जन्मोत्सव श्री रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं
डा0 श्रद्धा अग्रवाल बीडीएस, एमडीएस0 (प्रोस्थोडोंटिक्स)
Dr. Shraddha Agarwal BDS, MDS (Prosthodontics)
दांतों का सम्पूर्ण इलाज
आज ही सम्पर्क करें:- 7007159467
Timing 11:00Am To 7:00Pm
SUPER SPECIALIZATION IN
→ CROWN AND BRIDGE
→ COMPLETE AND PARTIAL DENTURES
→ POST AND CORE (FOR BADLY BROKEN TEETH)
→ SMILE CORRECTION
Add. 313/24, Maruti Niwas, Opp. LIC Building, Khun Khun Ji Road, Chowk, Lucknow-226003

## मुख्य अभियंता ने किया उपकेंद्रों का निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने मंगलवार को उपकेंद्रो का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि जीवीआरए सहित कई उपकेंद्र के क्षेत्रों में किये गये कार्य के बारे में ब्योरा लेकर समीक्षा की। इसके साथ ही गर्मी में चौबीसों घंटे बिजली सप्लाई के लिए अधिकारियों से उनके प्लान के बारे में जानकारी कर कुछ बिंदुओं पर तेजी से काम कराने के लिए निर्देशित किया है। क्षेत्र में बिजली बकाये बिलों की वसूली के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए हैं।

# कुकरैल नदी से प्राथमिकता पर अतिक्रमण हटाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मंडलायुक्त ने अस्ती गांव में ग्रामीणों से की बात

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने मंगलवार को कुकरैल नदी व उसके उद्गगम स्थल अस्ती गांव का औचक निरीक्षण किया।

इस अवसर पर एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। मंडलायुक्त ने स्कॉर्पियो क्लब से कुकरैल नदी का जायजा लेते हुए कहा कि अतिक्रमण प्राथमिकता पर हटाए जाएं, जिससे पानी का प्रवाह न रुके। उन्होंने उप जिलाधिकारी बख्शी का तालाब को निर्देश दिया कि जिन स्थानों पर अतिक्रमण है वहां राजस्व टीम पैमाइश कराये। इसके बाद मंडलायुक्त ने अस्ती गांव में ग्रामीणों से नदी की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम सभा में 22 तालाब हैं। तालाबों के जीर्णोद्धार व सौदर्यीकरण के लिए मंडलायुक्त ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि नदी का चिन्हांकन कराते हुए नहर की साफ-सफाई सिंचाई विभाग द्वारा कराई जाए।

# सात जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनें चलेंगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** गर्मी की छुट्टियों में नियमित ट्रेनों में सीटें नहीं हैं। इसे देखते हुए रेलवे प्रशासन ने समर स्पेशल ट्रेनों को चलाने की तैयारी की है।

- **अहमदाबाद-गोरखपुर स्पेशल एक ट्रिप :** ट्रेन नंबर 09403 अहमदाबाद-गोरखपुर स्पेशल एक ट्रिप के लिए अहमदाबाद से 17 अप्रैल को सुबह 9 बजे प्रस्थान करेगी जो दूसरे दिन सुबह 8:10 बजे लखनऊ और दोपहर 2 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 09404 गोरखपुर-अहमदाबाद स्पेशल 18 अप्रैल को गोरखपुर से शाम 5 बजे रवाना होगी जो लखनऊ रात्रि 10:20 बजे ओर अहमदाबाद दूसरे दिन रात्रि 8:40 बजे पहुंचेगी।
- **सीएसटीएम-गोरखपुर जं साप्ताहिक स्पेशल :** ट्रेन नंबर 01169 सीएसटीएम-गोरखपुर जं साप्ताहिक स्पेशल 19 अप्रैल से 24 मई तक सीएसटीएम से मध्यरात्रि 12:20 बजे दूसरे दिन तड़के 2:35 बजे लखनऊ तथा गोरखपुर सुबह 8:20 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 01170 गोरखपुर-सीएसटीएम साप्ताहिक स्पेशल 20 अप्रैल से 25 मई तक गोरखपुर से पूर्वान्ह 11:20 बजे रवाना होगी जो लखनऊ शाम 4:50 बजे और एसटीएम दूसरे दिन रात्रि 11:45 बजे पहुंचेगी।
- **सीएसटीएम-गोरखपुर साप्ताहिक स्पेशल :** ट्रेन नंबर 01143 सीएसटीएम-गोरखपुर साप्ताहिक स्पेशल 18 अप्रैल से 16 मई तक सीएसटीएम से दोपहर 2:30 बजे रवाना होगी जो लखनऊ दूसरे दिन शाम 4:30 बजे और गोरखपुर रात्रि 11:30 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 01144 गोरखपुर जं-सीएसटीएम साप्ताहिक स्पेशल 20 अप्रैल से 18 मई तक गोरखपुर से तड़के 3:30 बजे प्रस्थान करेगी जो लखनऊ सुबह 8:55 बजे और सीएसटीएम दोपहर दोपहर 1:30 बजे पहुंचेगी।
- **पुणे जं-गोरखपुर समर स्पेशल :** ट्रेन नंबर 01419 पुणे जं-गोरखपुर स्पेशल 20, 24 व 28 अप्रैल को पुणे से सुबह 6:30 बजे रवाना होगी जो अगले दिन लखनऊ सुबह 9:35 बजे और गोरखपुर दोपहर 2:50 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 01420 गोरखपुर जं-पुणे जं समर स्पेशल गोरखपुर से 21, 25, व 29 अप्रैल को गोरखपुर से शाम 6:20 बजे रवाना होगी, जो लखनऊ रात्रि 11:50 तथा तीसरे दिन पुणे सुबह 6:40 बजे पहुंचेगी।
- **साबरमती- पटना साप्ताहिक समर स्पेशल :** ट्रेन नंबर 09405 साबरमती- पटना समर स्पेशल 16 अप्रैल से 25 जून तक साबरमती से शाम 6:10 बजे प्रस्थान करेगी जो लखनऊ दूसरे दिन दोपहर 3:35 बजे तथा पटना तीसरे दिन तड़के 2:00 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 09406 पटना -साबरमती समर स्पेशल 18 अप्रैल से 27 जून तक पटना से सुबह 5 बजे रवाना होकर लखनऊ शाम 4:05 बजे और साबरमती दूसरे दिन दोपहर 1:30 बजे पहुंचेगी।
- **सियालदह- लखनऊ साप्ताहिक समर स्पेशल :** ट्रेन नंबर 03107 सियालदह- लखनऊ साप्ताहिक समर स्पेशल 20 अप्रैल से 29 मई तक सियालदह से मध्यरात्रि 12:10 बजे प्रस्थान करेगी जो लखनऊ दूसरे दिन मध्यरात्रि 12:10 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 03108 लखनऊ -सियालदह साप्ताहिक समर स्पेशल लखनऊ से मध्यरात्रि 1:40 बजे रवाना होगी जो सियालदह दूसरे दिन 11:50 बजे पहुंचेगी।
- **गुवाहाटी-जम्मूतवी साप्ताहिक समर स्पेशल :** ट्रेन नंबर 05656 गुवाहाटी-जम्मूतवी साप्ताहिक समर स्पेशल 6 मई से 1 जुलाई तक गुवाहाटी से रात्रि 8:30 बजे रवाना होगी जो लखनऊ दूसरे दिन रात्रि 11:30 बजे और जम्मूतवी तीसरे दिन शाम 5:35 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 05655 जम्मू तवी-गुवाहाटी साप्ताहिक समर स्पेशल 9 मई से 4 जुलाई तक जम्मूतवी से सुबह 10 बजे रवाना होगी जो लखनऊ दूसरे दिन तड़के 2:51 बजे तथा तीसरे दिन दोपहर 1:20 बजे गुवाहाटी पहुंचेगी।

।। नमो राघवाय ।।
या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।
।। नमो राघवाय ।।
चैत्र नवरात्र के मंगलमय पर्व पर
1100 कन्या वन्दन महोत्सव
माँ
दिनांक: 18 अप्रैल, 2024 समय प्रातः 09 बजे से
स्थान: श्रीतुलसीपीठ (काँच मन्दिर) आमोदवन, चित्रकूट सतना - म.प्र.
पद्मविभूषण तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानन्दाचार्य स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी महाराज
इस पावन अवसर पर आप सभी सपरिवार सादर आमंत्रित हैं
आयोजक: रामानन्द मिशन चित्रकूट। सम्पर्क सूत्र: 9151491008, 8024570511
तिरंगा अगरबत्ती देश की खुशबू
यह खुशबू चल रही है, सबको साथ लेकर
आचार्य रामचन्द्र दास उत्तराधिकारी-श्रीतुलसीपीठ सेवा न्यास, चित्रकूट
निवेदक एवं कार्यक्रम संयोजक पं. नरेन्द्र शर्मा निदेशक तिरंगा अगरबत्ती

## एक नजर

### उड़ान सीरीज की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग में उड़ान लेक्चर सीरीज की शुरुआत की है। दर्शनशास्त्र विभाग की शोध छात्रा शीतल शर्मा व शोध छात्र अनुज कुमार मिश्रा ने दर्शनशास्त्र के पेपर में भारतीय दर्शन की विभिन्न बिन्दुओं को परीक्षा दृष्टि के आधार पर प्रस्तुत किया।

### शोभा यात्रा आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्रीराम जन्म महोत्सव समिति द्वारा बुधवार को शोभा यात्रा का आयोजन श्रीराम मंदिर बारादरी अशर्फाबाद में होगा। बुधवार को शोभायात्रा बारादरी अशर्फाबाद से गिरधारी सिंह इंटर कॉलेज, दीन दयाल रोड, तुलसीदास मार्ग, बाजारखाला, त्रिवेणीगंज और नौबस्ता होते हुए वापस श्रीराम मंदिर पहुंचेगी। मंगलवार को मंदिर के प्रांगण में सुंदरकांड का पाठ हुआ।

# 6 से 14 वर्ष के बच्चों को स्कूल पहुंचाना अनिवार्य

## बेसिक शिक्षा निदेशक ने शिक्षकों को दी जिम्मेदारी, आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का आदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



प्रताप सिंह बघेल

- ऑनलाइन बैठक में लखनऊ सहित प्रदेश भर के बेसिक शिक्षा अधिकारी जुड़े

**अमृत विचार :** स्कूलों में नया शैक्षिक सत्र 2024-25 शुरू हो चुका है। ऐसे में विद्यालयों में नामांकन संख्या बढ़े और एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न होने पाये इसको ध्यान में रखते हुए डोर-टू-डोर सर्वे में तेजी लानी होगी। सर्वे के दौरान आउट आफ स्कूल 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को शिक्षा से हर हाल में जोड़ना होगा। इसकी जिम्मेदारी शिक्षकों की है। वहीं प्रवेश लेने वाले नये बच्चों का ब्योरा भी हर सप्ताह निदेशालय की ओर से जारी प्रारूप पर भेजना होगा।

ये आदेश सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने मंगलवार को दिए। निदेशक की ओर से आयोजित ऑनलाइन मीटिंग में लखनऊ सहित प्रदेश भर के बेसिक शिक्षा अधिकारी ऑनलाइन जुड़े। इसके साथ ही सभी मंडलों के मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक भी शामिल हुए।

**डीबीटी की स्थिति का रखें ध्यान :** निदेशक ने सरकारी स्कूलों में बच्चों को सुविधाओं के नाम पर दिए जाने वाले बजट पर भी जोर दिया। निदेशक ने कहा कि डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों के खाते में जो धनराशि भेजी जानी है, इसके लिए सभी जानकारी अपडेट कर ली जाए। अभिभावकों की खाता संख्या और बच्चों की आधार संख्या हर हाल में अपडेट कराये जाने के निर्देश दिए गए हैं।

### यू-डायस पोर्टल पर समय से अपलोड करना होगा ब्योरा

निदेशक ने सभी विद्यालयों के शिक्षकों को भी निर्देश जारी करते हुए कहा कि स्कूलों में शैक्षिक सत्र 2024-25 के क्रम में नये बच्चों का नामांकन कराने वाले बच्चों का पूरा ब्योरा समय के साथ केंद्र सरकार के यू-डायस पोर्टल पर अपलोड करना होगा। निदेशक की ओर से बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी विद्यालयों की स्थिति की मॉनीटरिंग करें, साथ ही आधार बनवाने की स्थिति को भी देखें।

### स्कूल चलो अभियान में लाएं तेजी, समय से दें किताबें

पूरे अप्रैल माह में स्कूल चलो अभियान को तेजी से बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। इस अभियान के तहत अधिक से अधिक बच्चों को स्कूलों से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वहीं बच्चों को नि :शुल्क पाठ्य पुस्तकों की आपूर्ति व वितरण भी समय से करने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही आईजीआरएस और कोर्ट के मामलों पर भी ध्यान देने के लिए कहा गया है।

# आईएमएस में रोजगार मेले का आयोजन

- जॉब फेयर में लगभग 20 से अधिक कंपनियों ने किया प्रतिभाग
- कंपनियों ने इंटरव्यू में करीब 60 छात्रों को किया शॉर्टलिस्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (आईएमएस) और प्लेसमेंट सेल ने इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के साथ मिलकर रोजगार मेले का आयोजन किया।

आईएमएस प्रोफेसर विनीता काचर ने बताया कि आने वाली कंपनियों में एके इंफ्रा रियल्टी, केनरा एचएसबीसी, वावा फूड्स, अरोड़ा फूड्स, एमएमए मैट्रिक्स जिम, ऐस लेबल्स और ग्रीन फ्लेम्स शामिल हैं। जॉब फेयर में लगभग 20 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया। कंपनियों ने पहले राउंड के इंटरव्यू में करीब 60 छात्रों को शॉर्टलिस्ट किया। कार्यक्रम का संचालन सौरव बनर्जी द्वारा किया गया।

# मनमाने तरीके से नहीं बदल सकते स्कूलों का समय

## शैक्षिक कैलेंडर के मुताबिक, अब प्रदेश में प्रातः 8 से दोपहर 2 बजे तक खुलेंगे स्कूल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निदेशक की ओर से आदेश जारी होते ही कई जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारी बैकफुट पर आए

**अमृत विचार :** प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों के संचालन का समय बेसिक शिक्षा अधिकारी मनमाने तरीके से नहीं बदल सकते हैं। बीएसए को बीते वर्ष दिसंबर में जारी अवकाश तालिका का ध्यान रखना होगा।

ये चेतावनी बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने सभी बीएसए को जारी की है। निदेशक की ओर से चेतावनी भरा आदेश जारी होते ही कई जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारी बैकफुट पर भी आ गये। कई जिलों के बीएसए ने मंगलवार को आनन-फानन में दोबारा से स्कूल का समय बदले जाने का आदेश भी जारी कर दिया है। निदेशक ने अपने आदेश में कहा कि दिसंबर 2023 में सचिव बेसिक शिक्षा की ओर से जारी शैक्षिक कैलेंडर के मुताबिक, 1 अप्रैल 2024 से 30 सितंबर 2024 तक प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्यालय का संचालन किया जायेगा। वहीं 1 अक्टूबर, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक विद्यालय का संचालन होगा।

राजधानी सहित प्रदेश भर में अब सभी कक्षा 1 से 8 तक सरकारी विद्यालय प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित होंगे। निदेशक ने कहा कि इस आदेश का सख्ती से पालन कराया जाए। हालांकि निदेशक ने अपने आदेश में ये भी कहा कि अपरिहार्य स्थिति में प्रकरण को संज्ञान में लाते हुए दिए गए निर्देशों का ध्यान रखते हुए कार्यवाही की जायेगी।

### यहां बदला गया था समय

बीएसए बाराबंकी, बनारस, सहित करीब आधा दर्जन जिलों में गर्मी का हवाला देते हुए विद्यालय संचालन का समय बदल दिया गया था। बीएसए स्तर पर लिए गये निर्णय के मुताबिक प्रात : 7 :30 से लेकर दोपहर 12 :30 बजे व कहीं-कहीं 1 बजे तक विद्यालय का संचालन का समय कर दिया गया था। निदेशक को जब इस बात की जानकारी हुई तो चेतावनी जारी की गई। जिकसे बाद अब स्कूलों का समय कैलेंडर के मुताबिक कर दिया गया है।

# राजकीय कॉलेजों को मिली विज्ञान व गणित किट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नई शिक्षा नीति के तहत प्रैक्टिकल और नवाचार को बढ़ावा देने का लक्ष्य

**अमृत विचार :** यूपी के राजकीय इंटर कॉलेजों में न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत प्रैक्टिकल और नवाचार पर जोर दिया जायेगा। बच्चों को विज्ञान और गणित में बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की ओर से विज्ञान और गणित की किट मुहैया कराई गई है। ये किट सभी 890 कॉलेजों में भेजी जानी है।

माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से इसकी जिम्मेदारी जिला विद्यालय निरीक्षकों की तय की गई है। किट को आज की जरूरत के अनुसार तैयार किया गया है। जिसका प्रयोग क्लास में भी करके बच्चों को आसान तरीके से समझाया जा सकेगा। किट की खासियत है कि इसमें 15 से 20 बच्चे एक साथ सीख सकेंगे।

बता दें कि यूपी बोर्ड में एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम लागू है। प्रदेश सरकार की ओर से विज्ञान-गणित की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हर संभव कदम उठाये जा रहे हैं। किट में भौतिक, रसायन और जीव विज्ञान के उपकरण उपलब्ध हैं। छात्र छात्राओं को प्रायोगिक कार्य करना आसान होगा।

## सार-संक्षेप

### माइनर प्रोजेक्ट को लेकर गाइडलाइन जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने माइनर प्रोजेक्ट को लेकर गाइडलाइन जारी की हैं। परीक्षा नियंत्रक की ओर से जारी निर्देश में संबद्ध महाविद्यालयों को भी सूचनाएं प्रेषित की गई हैं। माइनर प्रोजेक्ट पूर्णकालिक शिक्षकों द्वारा तैयार किये जाएंगे। माइनर रिपोर्ट न्यूनतम 60 अंकों की होनी चाहिए।

### लविवि के बैक पेपर की सूची जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के बैक पेपर की सूची जारी की गई है। एलएलएम सेमेस्टर द्वितीय का बैक पेपर 2 मई से आरंभ होगा। वहीं चतुर्थ सेमेस्टर की शुरुआत पहली मई से होगी। कुल परीक्षाएं 16 मई तक चलेंगी।

### नैप परीक्षाओं का आयोजन 27 मई से

**अमृत विचार, लखनऊ :** नैप परीक्षाओं के आयोजन 27 मई से होंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित परीक्षाएं 7 जून तक चलेंगी। इसमें फाइनेंशियल मैनेजमेण्ट को शामिल किया गया है।

### एलएसजी के मैच में एमिटी छात्र रहेंगे वालंटियर की भूमिका में

**अमृत विचार, लखनऊ :** छात्रों को लाइव क्रिकेट का एक जीवंत और आकर्षक अनुभव देने और लखनऊ की टीम 'लखनऊ सुपर जायंट्स' के साथ लखनऊ के युवाओं को कनेक्ट करने के लिए, एमिटी यूनिवर्सिटी ने एक इंटरैक्टिव और मनोरंजक कार्यक्रम 'फ्रेंड्स ऑफ एलएसजी' आयोजित किया। यह कार्यक्रम लखनऊ सुपर जायंट्स एवं डीन स्टूडेंट वेलफेयर विभाग, एमिटी यूनिवर्सिटी लखनऊ कैम्पस की देखरेख में हुआ। छात्रों को एलएसजी और इसकी खिलाडियों के बारे में अधिक जानकारी देने के लिए कई इंटरैक्टिव गेम, उपहार और खेल प्रश्नोत्तरी सहित एक जर्सी एक्सचेंज एक्टिविटी भी आयोजित की गई थी। कार्यक्रम के दौरान 19 अप्रैल को लखनऊ सुपर जायंट्स के मैच के लिए 10 एमिटी छात्रों को स्वयंसेवक के रूप में चुना गया। जो कि मैच के दौरान व्यवस्था संभालने में सहायता करेंगे।



शोधार्थियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

### जीवन में सदैव सीखने की प्रवृत्ति रखनी चाहिए : डॉ. प्रबोध

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआई) में चल रहे दो दिवसीय शोधार्थियों के विज्ञान महोत्सव का मंगलवार को समापन हुआ। इस अवसर पर संस्थान द्वारा एमिटी यूनिवर्सिटी के साथ अकादमिक उद्देश्य के लिए एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर भी किए गए। पादप महोत्सव कार्यक्रम की रिपोर्ट संस्थान के शोधार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गयी। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. प्रबोध त्रिवेदी ने कहा कि हमें अपने जीवन में सदैव सीखने की प्रवत्ति रखनी चाहिए। इससे हमारे अंदर अधिक कौशल विकास हो सकता हैं। इस अवसर पर डॉ. त्रिवेदी ने प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। संस्थान के निदेशक डॉ. अजित कुमार शासनी ने शोधार्थियों को प्रोत्साहित किया।



चारबाग स्थित एपी सेन विश्वविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत कुड़ा इकट्ठा करतीं एनसीसी कैडेट्स। अमृत विचार

### स्वच्छता पखवाड़े में छात्रों ने लिया हिस्सा

**अमृत विचार, लखनऊ :** एनसीसी ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। मंगलवार को भी इसी पखवाड़े के तहत विभिन्न आयोजन किये गए। इसमें यूपी एनसीसी की कई बटालियन के कैडेट्स ने भी प्रतिभाग किया। सीतापुर, लखीमपुर व रायबरेली के एनसीसी कैडेट्स स्वच्छता पखवाड़े में सहयोगी रहे। इस दौरान बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विवि, ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि, महिला महाविद्यालय, नेताजी सुभाष महाविद्यालय, एपी सेन महाविद्यालय, महामाया महाविद्यालय तथा दिल्ली पब्लिक स्कूल एवं आर्मी पब्लिक स्कूल के छात्र भी शामिल रहे।

### स्पेशल चाइल्ड मृत्युंजय बांग्लादेश में दिखाएगा दम

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ के स्पेशल चाइल्ड मृत्युंजय कुमार प्रजापति बांग्लादेश में होने वाली साउथ एशिया सेवेन-ए-साइड यूनीफाइड फुटबॉल चैंपियनशिप में प्रदर्शन करते नजर आएंगे। वह भारत की तरफ से चुनौती पेश करेंगे। फरीदाबाद में लगे कैम्प में प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन किया गया। मृत्युंजय मंगलवार को बांग्लादेश के लिए रवाना हो गए हैं। स्टडी हाल स्कूल में मृत्युंजय वहां के कोच मो. एजाज अख्तर की देखरेख में ट्रेनिंग करते हैं।

# लखनऊ करेगा तैराकी की चार प्रतियोगिताओं की मेजबानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन ने सोमवार को तैराकी प्रतियोगिताओं के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का कैलेंडर जारी कर दिया है। कैलेंडर के अनुसार लखनऊ को चार प्रतियोगिताओं की मेजबानी सौंपी गई है। लखनऊ में 14 से 16 जून तक संघ और खेल विभाग के समन्वय से सब जूनियर एवं जूनियर राज्य स्तरीय वाटरपोलो और गोताखोरी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

### अन्य प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम

- हर जिले में 1 से 7 जुलाई तक सब जूनियर और जूनियर स्विमिंग चैंपियनशिप एवं ट्रायल
- 7 से 12 जुलाई तक सब जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन
- 11-14 जुलाई तक प्रशिक्षकों का क्लीनिक लखनऊ एवं गौतमबुद्धनगर में
- सब जूनियर एवं जूनियर राज्य स्विमिंग चैंपियनशिप 12 से14 जुलाई तक, लखनऊ एवं गौतमबुद्धनगर में
- हर जिले में सीनियर जिला स्विमिंग चैंपियनशिप 28 जुलाई से चार अगस्त तक
- 4 अगस्त को लखनऊ में सीनियर स्टेट गोताखोरी चैंपियनशिप
- भुवनेश्वर में 6 से 11 अगस्त तक सब जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय स्विमिंग चैंपियनशिप
- सीनियर राष्ट्रीय गोताखोरी एवं वाटरपोलो चैंपियनशिप 18 से 22 अगस्त तक
- सीनियर स्विमिंग चैंपियनशिप 8-12 सितम्बर तक
- राज्य शॉर्ट कोर्स स्विमिंग चैंपियनशिप 21-22 सितम्बर तक


### आशी, शुभी रंजन व सौंदर्या क्वार्टर फाइनल में

**अमृत विचार, लखनऊ :** हेजलनट ऑल इंडिया सीएस-7 अंडर-14 बालक व बालिका टेनिस टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश के शीर्ष वरीय अर्जुन शर्मा व दूसरी वरीय कौस्तुभ सिंह ने प्री क्वार्टर फाइनल में जीत के साथ बालक एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। बालिका एकल में शीर्ष वरीय पश्चिम बंगाल की अनाया बिश्वास व दूसरी वरीय उत्तर प्रदेश की आशी शमसेरी सहित शुभी रंजन व सौंदर्या जायसवाल ने भी अंतिम आठ में स्थान सुरक्षित किया।

# महामुकाबले को आज राजधानी पहुंचेगी टीम माही

## 19 को चेन्नई सुपर किंग्स के सामने होगी लखनऊ सुपर जायंट्स की चुनौती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




- लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम पहुंची राजधानी, नहीं किया अभ्यास

**अमृत विचार :** इकाना स्टेडियम में 19 अप्रैल को होने वाले महामुकाबले के लिए चेन्नई सुपर किंग्स की टीम बुधवार की शाम तक राजधानी पहुंचेगी। मेजबान लखनऊ सुपर जांयट्स (एलएसजी) की टीम मंगलवार दोपहर राजधानी पहुंच गई। एलएसजी के खिलाड़ियों ने आज अभ्यास से दूरी बनाए रखी और आराम किया।

आईपीएल के इस सत्र में एलएसजी ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन पिछले दो मैचों में उसे लगातार हार का सामना करना पड़ा। एलएसजी टीम के खिलाड़ी बुधवार शाम को अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में अभ्यास करेंगे। 19 अप्रैल को होने वाले हाईवोल्टेज मुकाबले में एलएसजी जीत की लय पाने को दमखम लगाएगी। शाम को लखनऊ आने वाली चेन्नई की टीम का कोई अभ्यास शेड्यूल तय नहीं है। ऐसे में टीम के खिलाड़ियों के अभ्यास करने की संभावना कम ही है।

एलएसजी के लिए यह मुकाबला बेहद अहम होगा। टीम हार की हैट्रिक की कगार पर है तो ऐसे में वह यहां पर जीत हासिल करने की जी तोड़ कोशिश करेगी। इस मुकाबले में एलएसजी अपने घर में हार जाती है, तो उसका हौसला टूट सकता है। पिछले मुकाबलों को देखे तो लखनऊ टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी विभाग एकजुट होकर प्रदर्शन नहीं कर पाया था। बल्लेबाजी में उपकप्तान निकोलस पूरन (छह मैच में 223 रन) और कप्तान केएल राहुल (छह मैच में 204 रन) ही प्रभाव शाली प्रदर्शन कर सके हैं। गेंदबाजी में स्पीडस्टार मयंक यादव के चोटिल होने के बाद गेंदबाजी विभाग कमजोर नजर आ रहा है। वहीं छह मुकाबले खेलकर चार जीत दर्ज करने वाली चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम बुलंद हौसले के साथ लखनऊ पहुंचेगी। दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी की मौजूदगी ही लखनऊ के लिए सबसे बड़ा सिरदर्द रहेगी, जो घरेलू मैदान में मेजबान टीम के खिलाफ जाएगी।

### द क्रिएटर्स क्लब फाइनल में

**अमृत विचार, लखनऊ :** मैन ऑफ द मैच प्रत्यूष शिवांशी (39 रन, 3 विकेट) के हरफनमौला खेल की बदौलत द क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब ने प्रथम डीजीआई अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। एनईआर स्टेडियम पर मंगलवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में द क्रिएटर्स क्लब ने पार्थ क्रिकेट क्लब को एक विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पार्थ क्रिकेट अकादमी ने 35 ओवर में 8 विकेट खोकर 198 रन बनाए। जवाब में द क्रिएटर्स क्लब ने 34.5 ओवर में एक विकेट 9 विकेट खोकर 202 रन बनाए और जीत दर्ज की।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैं, अनुराग यादव पुत्र इंद्रजीत सिंह यादव निवासी डी-882 विश्व बैंक बर्रा, कानपुर नगर यूपी-208027। मैंने अपनी पुत्री का नाम बदलकर अवनी यादव से अनाया यादव रखा है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम AVADESH से बदलकर AVADHESH RAJBHAR रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाए। AVADHESH RAJBHAR S/O RAMDHARI निवासी माया देवी, भरपुरवा पिपराइच, गोरखपुर।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अमित उम्र करीब 28 वर्ष तथा बहू कामिनी पत्नी अमित उम्र 25 वर्ष को गलत चाल चलन के कारण चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उन दोनों के किसी भी कृत्य से मेरा कोई लेना-देना नहीं होगा। वह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। - **नरेश पुत्र सिरदार वाल्मीकि, निवासी-मोहल्ला- सैय्यद वाड़ा, शाहाबाद जिला हरदोई**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं राममिलन पुत्र जागेश्वर निवासी खेड़ासिलाजीत तहसील सरीला जनपद हमीरपुर, उ0प्र0। मैंने वर्ष 2010 में हाईस्कूल की परीक्षा अनुक्रमांक 1682161 से उत्तीर्ण की थी। मेरे अंक पत्र में पिता का नाम JAGESHWAR PRASAD अंकित है। JAGESHWAR PRASAD व JAGESHWAR दोनों नाम मेरे पिता के हैं। जो किसी अन्य के नहीं है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र मुनव्वर व बहू नाजिया बानो को उनके गलत आचरण व व्यवहार से त्रस्त होकर, अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। अब दोनों का मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं है। **शफीकुन्निशा पत्नी इस्लाम अली निवासिनी-भांव, जिला- रायबरेली।**

**सूचना**

मैं SHAHABUDDIN पुत्र JALALUDDIN निवासी :-435/384, रज्जबगंज, नियर मस्जिद गढ़ी पीर खां, ठाकुगंज, लखनऊ - 226003, मैंने अपना नाम MOHAMMAD SHAHABUDDIN से बदलकर SHAHABUDDIN रख लिया हैं, आज से मुझे SHAHABUDDIN के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं अपना नाम मनोज कुमार से बदलकर मनोज यादव रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **मनोज यादव पुत्र दूधनाथ यादव ग्राम घघवा जगदीश जंगली पट्टी कुशीनगर।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम तिवारी अंजली सतीश चन्द्र से बदलकर अंजली त्रिपाठी रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **अंजली त्रिपाठी पुत्री सतीश चन्द्र तिवारी ग्राम दहशैली बुजुर्ग, पोस्ट पिपरा कछार, जिला देवरिया।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **स्निग्धा अवस्थी पुत्री राजेश अवस्थी, नि0-बावन बुजुर्ग बल्ला, तह0-महराजगंज, रायबरेली,** मेरे हाईस्कूल के अंकपत्र में मेरा नाम कु0 स्निग्धा अंकित है। जबकि मेरे समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड पैन कार्ड व बैंक में स्निग्धा अवस्थी अंकित हैं। अतः मुझे स्निग्धा अवस्थी के नाम से जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र राजेश कुमार पुत्र सत्यपाल सिंह व पुत्र-वधू रेशू देवी के आचरण चाल-चलन, व्यवहार एव कर्ज देनदारी से परेशान होकर उक्त दोनो से सम्बन्ध विच्छेद कर उनको अपनी चल- अचल सम्पत्ति से सदैव के लिए बेदखल करता हूँ। उनके द्वारा किये गये किसी अच्छे, बुरे कार्यो व लेन-देन आदि से शपथी व उसके परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी। **सत्यपाल सिंह पुत्र स्व0 मिहीलाल नि0 ग्राम तेन्दुआ परगना व थाना व ब्लाक मल्लावाँ तहसील बिलग्राम जिला हरदोई।**

**सूचना**

मैं JALALUDDIN पुत्र RAJJAK निवासी :-435/384, रज्जबगंज, नियर मस्जिद गढ़ी पीर खां, ठाकुगंज, लखनऊ - 226003, मैंने अपना नाम MOHAMMAD JALALUDDIN से बदलकर JALALUDDIN रख लिया हैं, आज से मुझे JALALUDDIN के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

मेरे पांच पुत्र हैं। क्रमशः हुसैन खान, हसन खान, हामिद खान,हाशिम खान, उस्मान खान। जिसमें चार पुत्र हुसैन खान, हामिद खान,हाशिम खान,उस्मान खान मेरी देखरेख सेवा टहल करते हैं। जबकि पुत्र हसन खान का चाल चलन ठीक नहीं है। उसके खिलाफ थाने में आपराधिक मुकदमें भी दर्ज हैं। वह आये दिन मुझे, मेरी पत्नी व अन्य बच्चों को मारता पीटता रहता है। आपराधिक कार्य करने व परिवार को फंसाने की धमकी देता है। इसकी गलत हरकतों से परेशान होकर हसन खान को आज 16.04.2024 से अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। आज से मेरा व मेरे परिवार के अन्य लोगों का हसन खान से कोई वास्ता नहीं रहेगा। हसन खान किसी भी कृत्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। **जुनैद खान पुत्र शब्बीर खान, निवासी- पिण्डरा, प.त. व थाना- पट्टी, जिला - प्रतापगढ़, उ.प्र.।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र शिवम शर्मा ने अपनी मर्जी से अंशू गौतम पुत्री राम किशोर निवासिनी म0न0 544/2506 आदर्श नगर बरौरा हुसैनबाड़ी बालागंज लखनऊ से प्रेम विवाह कर लिया है जो अन्य जाति की दलित महिला है। उसके इस दुर्व्यवहार से काफी दुखी होकर मैं उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति व निजी जीवन से बेदखल कर रहा हूँ। आज से शिवम शर्मा से मेरा कोई सम्बन्ध नहीं है तथा शिवम शर्मा द्वारा किये गये कृत्यों की जिम्मेदारी केवल शिवम शर्मा की होगी। यदि शिवम शर्मा द्वारा मेरे परिवार का नाम लेकर कोई कृत्य किया जाता है तो उसकी जिम्मेदारी भी केवल शिवम शर्मा की होगी। **किशन कुमार पुत्र चन्द्रिका प्रसाद शर्मा निवास ग्राम नई बस्ती धनेवा, परगना व तहसील व थाना-मलिहाबाद, जिला लखनऊ।**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/गतिशक्ति यूनिट/वाराणसी निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन (ई-टेण्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदायें आमंत्रित करते हैं।

**क्रम सं.-01,** निविदा सूचना संख्याः ई-निविदा-गशयू-एल-01-24-25, कार्य का नामः अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत वाराणसी मंडल के मैरवा, कप्तानगंज और देवरिया सदर स्टेशनों के विकास के लिये एम.ई.ए. के तहत विद्युतीय कार्य का प्रावधान। अनुमानित लागतः ₹ 1,71,15,078.66, अमानत राशिः ₹ 2,35,600/-, कार्य समापन का समयः 120 दिन। निविदा समापन की तिथि एवं समयः 07-05-2024, 14:30 बजे, निविदा खोलने की तिथि एवं समयः 07-05-2024, 14:30 बजे।

• उपरोक्त ई-निविदा कार्यों के पूर्ण विवरण एवं निविदाओं में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जायें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/ग.श.यू.**
मुजाधि/विद्युत-07 **वाराणसी**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं. व.मं.वि.इ./गति शक्ति/इज्जत/इलै./05/2024 दि.16.04.2024**

निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/विद्युत/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती हैः- **क्रम सं.:- 01, कार्य का नामः-** इज्जतनगर मंडल के अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत (कासगंज, फर्रुखाबाद, कन्नौज, इज्जतनगर, बरेली सिटी, काठगोदाम, टनकपुर, काशीपुर, पीलीभीत तथा लालकुआं) रेलवे स्टेशनों के लिए यात्री लिफ्टों की व्यवस्था के संबंध में विद्युत कार्य। **विवरणः- अनुमानित लागत रु. में:-** 50,98,367.95, **धरोहर राशि रु. में:-** 1,02,000.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में:-** शून्य, **ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः-** 09.05.2024 11.00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः-** चार माह, **क्रम सं.:-02, कार्य का नामः-**इज्जतनगर मंडल के फर्रुखाबाद स्टेशन के विद्युत सब स्टेशन की शिफ्टिंग के संबंध में विद्युत कार्य।, **अनुमानित लागत रु. में:-** 61,70,063.76, **धरोहर राशि रु. में:-** 1,23,500.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में:-** शून्य, **ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः-** 09.05.2024 11.00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः-** चार माह, • इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा।, • पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है।, • निविदादाता के पास क्लास III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए।, • केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई टेण्डरिंग में भाग ले सकते हैं।, • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा./गति शक्ति)/इज्जतनगर**
मुजाधि/विद्युत-13

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**

**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

**जी.एन.एम.**

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

**ए.एन.एम.**

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

**वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल**

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### इंजन फेल, यात्री परेशान

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ से गोरखपुर जा रही ट्रेन नंबर 15070 इंटरसिटी का इंजन सोमवार की रात बुढ़वल स्टेशन पहुंच कर फेल हो गया। इससे ट्रेन को तकरीबन तीन घंटे तक खड़ी रही। इस बीच ट्रेन में बैठे यात्री गर्मी में परेशान हो रहे थे। यात्रियों के अनुसार इंटरसिटी एक्सप्रेस ऐशबाग से शाम साढ़े चार बजे रवाना हुई। बादशाहनगर और बाराबंकी होते हुए यह ट्रेन बुढ़वल स्टेशन पर जाकर खड़ी हो गई। जब काफी देर तक ट्रेन खड़ी रही तो यात्रियों को शंका हुई। इसका स्टॉपेज बुढ़वल पर नहीं है। बाराबंकी के बाद यह ट्रेन गोंडा में रुकती है। भीषण गर्मी से तंग आकर यात्री ट्रेन से नीचे उतर गये। काफी देर के बाद वहां पहुंचे रेलकर्मियों ने जानकारी कि ट्रेन का इंजन फेल हो गया है। ठीक होने में करीब तीन घंटे लग गये।

### नंबर प्लेट बस के अंदर रख कर रहे थे डग्गामारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिवहन निगम के चारबाग डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रशांत दीक्षित ने मंगलवार को चारबाग बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन के पास अभियान डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान बिना नम्बर प्लेट की डग्गामार बस को पड़कर सीज किया। नंबर प्लेट बस के अंदर पाई गई। बस का नंबर यूपी 32 बीटी 4166 है। इस दौरान निगम के अधिकारी मनोज भारद्वाज और रूपेश कुमार भी मौजूद रहे।

### गुडम्बा में एक करोड़ की जमीन कराई कब्जा मुक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने तहसील बीकेटी के गुडम्बा में मंगलवार को अभियान चलाकर एक करोड़ मूल्य की 5,000 वर्ग फिट जमीन कब्जा मुक्त कराई। खसरा संख्या 68/0 .304 हेक्टेयर व खसरा संख्या 69/0 .098 हेक्टेयर भूमि अभिलेखों में ऊसर व खलिहान में दर्ज भूमि है। उक्त भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा करके निर्माण कर लिए थे। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के निर्देश पर मंगलवार को प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति संजय यादव के नेतृत्व में नायब तहसीलदार संजय कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक अविनाश चंद्र तिवारी और प्रवर्तन अधिकारी ने गुडम्बा थाना पुलिस के सहयोग से अवैध रूप से किए गए निर्माण हटवा दिए।

# मन से यदि ठान लो तो सफलता मिलेगी मान लो

## संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा-2023 में लखनऊ के मेधावियों ने लहराया परचम

कार्यालय संवाददाता,लखनऊः

**अमृत विचार :** सिविल सेवा परीक्षा-2023 में लखनऊ के मेधावियों ने अपनी मेधा का परचम लहराया है। पहला स्थान पाने वाले आदित्य श्रीवास्तव के अलावा दसवां स्थान पाने वाली ऐश्वर्यम प्रजापति ने शहर का मान बढ़या है। इसके अलावा कई और का चयन हुआ है।

**अनिमेष को 38वीं रैंक मिली :** 38वीं रैंक हासिल करने वाले अनिमेष वर्मा ने बताया कि उनके द्वारा लिया गया दृढ़ संकल्प भी बहुत काम आया। मनोयोग से किया गया काम सफलता की गारंटी माना जाता है।

उन्होंने कहा कि पहले प्रयास में वे सफलता से दूर रहे। जबकि दूसरे प्रयास में उनका सपना पूरा हुआ। अनिमेष को आईएएस कैडर मिलना तय है। अपनी सफलता का श्रेय नियमित पढ़ाई व अपने माता-पिता के मार्गदर्शन को देते हैं। अनिमेष ने बताया कि उनके पिता डॉ. सर्वेश कुमार, संयुक्त निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण के पद पर तैनात हैं। मां रेखा वर्मा गृहिणी हैं। गोमती नगर निवासी अनिमेष ने वर्ष 2016 में सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल से हाईस्कूल की परीक्षा में 97.2% व 2018 में 97.75% अंकों के साथ इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण की। वर्ष 2018 में इनका चयन आईआईटी, नई दिल्ली में हुआ था।



38वीं रैंक लाने वाले अनिमेष को मिठाई खिलाते पिता सर्वेश कुमार, माता रेखा व परिवार के अन्य सदस्य। अमृत विचार

### अभ्युदय कोचिंग के 20 अभ्यर्थियों को मिली सफलता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित अभ्युदय कोचिंग के 20 अभ्यर्थियों का चयन सिविल सेवा परीक्षा-2023 में हुआ है।

समाज कल्याण विभाग की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए अभ्युदय कोचिंग का संचालन किया जाता है। सभी जिलों में अभ्युदय कोचिंग शुरू की गई है। विभाग की ओर से सिविल सेवा मुख्य परीक्षा के साथ ही साक्षात्कार के लिए विशेष सत्र आयोजित किए जाते हैं। जहां विषय विशेषज्ञों के अलावा वरिष्ठ आईएएस और पीसीएस अधिकारी अभ्यर्थियों को टिप्स देते हैं। सिविल सेवा परीक्षा-2022 में अभ्युदय कोचिंग एवं परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्रों से 23 अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की थी।

**इनको मिली कामयाबी**

सुरभि श्रीवास्तव रैंक 56, मनीषा धर्वे रैंक 257, ऋषभ भट्ट रैंक 363, क्षितिज आदित्य शर्मा रैंक 384, मुद्रा रहेजा रैंक 413, जयविंद कुमार गुप्ता रैंक 557, शशांक चौहान रैंक 642, प्रज्वल चौरसिया रैंक 694, रूपम सिंह रैंक 725, मनीष परिहार रैंक 734, रजत यादव रैंक 799, मनोज कुमार रैंक 807, पवन कुमार रैंक 816, भारती साहू रैंक 850, श्रुति श्रवण रैंक 882, अंतरिक्ष कुमार रैंक 883, प्रद्युम्न कुमार रैंक 941, पिंकी मसीह रैंक 948।

**▸▸ प्रदेश के सभी जिलों में अभ्युदय कोचिंग से मिल रही नि:शुल्क कोचिंग की सुविधा**

### नायब तहसीलदार सिद्धार्थ को 118वीं रैंक



**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ की सदर तहसील में नायब तहसीलदार के पद पर तैनात सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने सिविल सेवा परीक्षा में 118वीं रैंक हासिल की है। वाराणसी निवासी सिद्धार्थ ने अमृत विचार से बातचीत में बताया कि उनके पिता अवधेश श्रीवास्तव एक निजी कंपनी में डायरेक्टर पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। जबकि मां सुषमा श्रीवास्तव एसबीआई में मैनेजर हैं। सिद्धार्थ ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद के साथ-साथ अपने शुभचिंतकों को दिया है। सिद्धार्थ ने बताया कि ड्यूटी पर रहते हुए भी जितनी बार अवकाश के लिए आवेदन किया गया, उनके वरिष्ठों ने हमेशा ही सहयोग किया।

### बिना कोचिंग के प्राप्त की सफलता



**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ के अमितेज पांगति की सिविल सेवा परीक्षा में 212वीं रैंक आई है। उन्होंने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई से लेकर यूपीएससी की परीक्षा देने तक किसी भी कोचिंग का सहारा नहीं लिया। केवल ऑनलाइन साइट्स की मदद ली। बताते हैं कि परिवार में पिता टीबीएस पांगति फौज में कर्नल रहे हैं। मां लखनऊ स्थित केकेसी कॉलेज की प्राचार्य रही हैं। 10वीं और 12वीं की पढ़ाई जयपुरिया से की है।

### इंजीनियर बने फिर सिविल सर्विस बना ध्येय



**अमृत विचार, लखनऊ :** आदित्य हृदय उपाध्याय की 416वीं रैंक आई है। बताते हैं कि उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई रुढ़की से की। इसी के बाद उन्होंने सिविल सर्विस का ध्येय बनाया। ऐसे में अधिवक्ता पिता सूर्य प्रकाश उपाध्याय और शिक्षक मां प्रतिभा उपाध्याय की ओर से प्रोत्साहन मिला। बताते हैं कि समय-समय पर शिक्षकों की ओर से नोट्स ही नहीं, पढ़ाई के तरीके भी बताए गए। बीते वर्ष पहले प्रयास में सफलता नहीं मिल पाई थी लेकिन, कठोर परिश्रम के बाद सफलता दूसरे प्रयास में मिली है।

### नगर निगम सदन में पार्षद विहीन हुई बहुजन समाज पार्टी

**अमृत विचार, लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी नगर निगम सदन में पार्षद विहीन हो गई है। मंगलवार को महात्मा गांधी-विक्रमादित्य वॉर्ड से बसपा के एकमात्र पार्षद अमित चौधरी भाजपा में शामिल हो गए। उन्हें उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एक कार्यक्रम में पार्टी की सदस्यता दिलाई। अमित चौधरी इससे पहले कांग्रेस से उक्त वार्ड में पार्षद चुने गए थे। निकाय चुनाव 2023 में कांग्रेस से टिकट न मिलने पर अमित को बसपा ने टिकट दिया था। बसपा का केवल एक प्रत्याशी पार्षद चुनाव जीता था। अब अमित के भाजपा में शामिल हो जाने से नगर निगम सदन में बसपा पार्षद विहीन हो गई है।

### दो दिन बालूघाट से श्रद्धालुओं को बस उपलब्ध कराएंगे अधिकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** रामनवमी मेले में श्रद्धालुओं को बेहतर परिवहन सुविधा के लिए रोडवेज ने विभिन्न क्षेत्रों के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सहित छह लोगों को अयोध्या धाम क्षेत्र में तैनात किया गया है। यह कर्मचारी अयोध्या धाम में बालूघाट पर मौजूद रहेंगे। वहां से सभी जानकारी क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय के कंट्रोल रूम पर उपलब्ध कराते रहेंगे। 17 अप्रैल को सुलतानपुर क्षेत्र एआरएम नागेंद्र प्रसाद पाण्डेय के साथ ही अकबरपुर डिपो के बुकिंग लिपिक प्रमोद तिवारी, केंद्र प्रभारी राकेश वर्मा और अयोध्या डिपो के वरिष्ठ लिपिक वियज मिश्रा तैनात रहेंगे। 18 अप्रैल को अमेठी डिपो के एआरम काशी प्रसाद के साथ अकबरपुर डिपो के बुकिंग लिपिक प्रमोद तिवारी, अयोध्या डिपो के वरिष्ठ लिपिक विजय मिश्रा और सुलतानपुर डिपो के केंद्र प्रभारी नान्हू राम को तैनात किया गया है।

## एक हेक्टेयर में 36 क्विंटल गेहूं की पैदावार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरोजनी नगर ब्लॉक के बीबीपुर में गेहूं की क्रॉप कटिंग यानी कटाई के दौरान एक हेक्टेयर में 36 क्विंटल पैदावार हुई है। जो औसतन उपज के अनुसार मध्यम है। इससे आकलन किया गया कि गांव में गेहूं की पैदावार ठीक हुई है।

मंगलवार को जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत सरोजनी नगर ब्लॉक के बीबीपुर गांव में गेहूं की क्रॉप कटिंग कराई।

इस दौरान एक खेत का एक हेक्टेयर हिस्सा चिह्नित कर गेहूं काटकर तौल की गई। इस दौरान एक हेक्टेयर में 36 क्विंटल गेहूं की पैदावार हुई। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिले में एक हेक्टेयर में 35 क्विंटल तक गेहूं उत्पादकता का औसत है। इस आधार पर बीबीपुर में उपज मध्यम है। इसी तरह गांव में चार और क्रॉप कटिंग के प्रयोग करेंगे।

## सरोजनीनगर में कॉम्प्लेक्स सहित तीन निर्माण सील

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने मंगलवार को सरोजनी नगर में कानपुर रोड पर कॉम्प्लेक्स सहित तीन निर्माण सील कर दिए।

जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन दो देवांश त्रिवेदी ने बताया कि अवधेश सिंह व अन्य द्वारा सरोजनीनगर में कानपुर रोड पर ओम सांई लॉन के सामने शांति नगर में लगभग 5,000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जा रहा था।

डॉ. हरि प्रकाश व अन्य द्वारा कृष्णानगर के आजाद नगर, पकरी में राजपूत हॉस्पिटल के पास लगभग 3000 वर्गफिट में निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इसके अलावा श्रीकान्त साहू व विजय अग्रवाल द्वारा तेलीबाग में रायबरेली रोड पर लीला स्टील के सामने राम भरोसे मैकूलाल इंटर कॉलेज के अंदर लगभग 1,600 वर्गफिट क्षेत्रफल में निर्माण कराया जा रहा था।

**▸▸ मानचित्र पास कराए बिना 5,000 वर्ग फिट में हो रहा था निर्माण**





प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किए जा रहे निर्माणों के विरुद्ध विहित न्यायालय से सीलिंग का आदेश पास था। सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता प्रमोद कुमार पाण्डेय ने उक्त निर्माण सील कर दिए।

### व्यावसायिक निर्माण दोबारा किया सील

जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि दीपक भल्ला व अन्य द्वारा मानक नगर के श्रृंगार नगर में लगभग 4,000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध रूप से व्यावसायिक निर्माण करवाया जा रहा था, जिसे दोबारा सील किया गया। पारा के सलेमपुर पतौरा में भगत सिंह कॉलेज के पास लगभग 2,500 वर्गफिट के भूखण्ड पर हॉल, कमरे व दुकानों का निर्माण, काकोरी कस्बे में लगभग 2,400 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर दुकानों व हॉल का निर्माण कराया जा रहा था। सहायक अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंताओं ने उक्त निर्माण सील कर दिए।



## एक नजर

### ताला तोड़कर प्लाट पर कब्जा, 33 पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** फैजुल्लागंज निवासी मधू स्वर्णकार पत्नी रंजीत स्वर्णकार ने बताया दाउद नगर में उनका प्लाट है। जिसकी बाउंड्री बनवाकर, गेट लगवाकर ताला लगा दिया था। इसके बाद भी 3 मार्च को बजरंग, आयुष निवासी जिला गोंडा, रामदीन निवासी गाजीपुर समेत करीब 30 से 35 लोगों ने ताला तोड़कर प्लाट पर कब्जा कर लिया। सूचना पर पुलिस भी पहुंची थी। मामले की पूरी रिकार्डिंग है। पीड़िता ने जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर शिवनंदन मिश्र ने बताया मामले की जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### चाउमीन लेने निकली कक्षा नौ की छात्रा लापता

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर इलाके में घर से चाउमीन लेने निकली कक्षा नौ की छात्रा लापता हो गयी। पीड़ित पिता ने अनहोनी की आशंका जताते हुये थाने में सूचना दी है। पिता ने बताया 14 अप्रैल को शाम करीब 7 बजे 14 वर्षीय बेटी घर से निकली थी। वह बदालीखेड़ा चौकी के पास की दुकान पर गई थी। काफी देर नहीं लौटने पर तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी ने बताया घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही छात्रा को सकुशल बरामद कर परिजन के सुपुर्द कर दिया जायेगा।

### अवैध निर्माण करने वाले पर लेखपाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर में तालाब की भूमि पर कराया जा रहा अवैध निर्माण लेखपाल ने रुकवाकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर निगम के लेखपाल सुंधाशु श्रीवास्तव ने बताया सरोजनीनगर तहसील के ग्राम फर्रखाबाद चिल्लांवा की सरकारी तालाब की जमीन पर सुरेंद्र कुमार दीवार बना कब्जा का प्रयास कर रहा था। जानकारी पर मौके पर पहुंच निर्माण रुकवा दिया।

# म्यांमार में बंधक अजय की रिहाई के लिए एजेंट ने मांगे 10 लाख रुपये

## बंधन मुक्त हुए सागर से मिले वाट्सएप नंबर पर पिता ने की एजेंट से बात, बंधकों से साइबर ठगी करा रहा है एजेंट राबिन हुड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**मानव तस्करी**

- विरोध पर पानी से भिगोकर बंधक को लगाया जाता है करंट
- खाने में दिए जाते हैं केवल उबले चावल

**अमृत विचार:** म्यांमार में बाराबंकी का अजय भी बंधक है। बंधक मुक्त होकर लौटे सागर से मिले वाट्सएप नंबर पर परिवार के लोगों ने एजेंट से बात की तो उसने अजय को छोड़ने के एवज में 10 लाख रुपये मांगे हैं। अजय के साथ हो रहे अमानवीय व्यवहार की कहानी सुनकर परिजनों का दिल बैठा जा रहा है। उन्होंने बेटे को एजेंट के चंगुल से छुड़ाने के लिए भारत सरकार से अपील की है।

म्यांमार में बंधक रहे सिविल इंजीनियर सागर चौहान पिछले दिनों घर लौटा। उसके जरिये बाराबंकी जनपद के जैतपुर थानाक्षेत्र के निर्माणनगर निवासी अमरनाथ ने को पता चला कि उनका बेटा अजय उर्फ पंकज भी वहां बंधक है। सागर ने बताया कि टाइगर बेस में कई देशों के लोग बंधक हैं। सभी से साइबर ठगी कराई जा रही है। इंकार करने पर पानी में भिगोकर लोहे की रॉड से करंट लगाया जाता है। खाने के लिए उबले चावल दिए जाते हैं। सागर ने अमरनाथ को एजेंट रॉबिन हुड का वाट्सएप नंबर दिया। वाट्सएप कॉल पर अमरनाथ ने एजेंस राबिन से बेटे को छोड़ने की अपील की, लेकिन उसने छोड़ने के एवज में 10 लाख रुपये मांगे हैं। अमरनाथ ने बताया कि अजय उर्फ पंकज 26 मार्च को मलेशिया जाने के लिए राहुल उर्फ आयुष गौतम के साथ घर से निकला था। एजेंट रॉबिन हुड ने नौकरी का झांसा देकर बुलाया था। किंतु अजय को म्यांमार ले जाकर बंधक बना लिया गया। बहनोई रामजन्म ने बताया कि सागर के छूटने के बाद अजय ने भी घर जाने की बात कही थी। इस पर एजेंट ने उसकी पिटाई कर कमरे में बंद कर दिया। उसके साथ जानवरों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। परिवार के लोगों ने अजय की रिहाई के लिए भारत सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

> बयान दर्ज कर सागर चौहान का मेडिकल भी करा लिया गया है। उसके बयानों के आधार पर एक रिपोर्ट बनाई गई है। जिसे उच्चाधिकारियों को भेजा जाएगा। आरोपियों की लोकेशन ट्रेस करने के लिए म्यांमार एम्बेसी से संपर्क किया जा रहा है। – **दशरथ सिंह, एएचटीयू प्रभारी निरीक्षक**

**कई देशों के आठ हजार लोग हैं बंधक**

म्यांमार से लौटे सिविल इंजीनियर सागर चौहान ने एएचटीयू को अपने बयान दर्ज कराए हैं। उसने बताया कि म्यांमार में एजेंट रॉबिन हुड ने आठ हजार से ज्यादा लोगों को बंधक बना रखा है। यह लोग भारत, पाकिस्तान, बंग्लादेश, भूटान, नेपाल, अफगानिस्तान से रोजगार के लिए वहां पहुंचे थे। सभी से साइबर ठगी कराई जा रही है। साइबर ठगी का सिंडिकेट चलाया जा रहा है।

**कार से एयरपोर्ट के पास तक लाए**

सागर चौहान ने बताया कि घर से नौ लाख रुपये देने के बाद उन्हें छोड़ा गया। रुपये मिलने के बाद राबिन के लोगों ने उसे अपनी गाड़ी में बैठाया और मुंह बंद रखने की धमकी दी। थाईलैंड और म्यामंर बॉर्डर के पास स्थित एयरपोर्ट के पास छोड़ दिया था। इसके बाद वह लोग भाग गए थे।

# शराब के पैसे न देने पर कर दी पिता की हत्या

## बड़े बेटे की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट, आरोपी गिरफ्तार, पहले भी कई बार पिता के साथ कर चुका है मारपीट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शराब की लत से तंग पत्नी छोड़कर चली गई थी मायके

**अमृत विचार :** बीकेटी थाना क्षेत्र के दुर्जनपुर गांव में सोमवार रात शराब के लिए पैसे न देने पर नशे में धुत बेटे ने कुल्हाड़ी से वार कर पिता को मरणासन्न कर दिया। बड़े बेटे ने पिता को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। बड़े बेटे की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

डीसीपी उत्तरी अभिजीत आर. शंकर ने बताया कि दुर्जनपुर गांव निवासी किसान बृजलाल (55) छोटे बेटे पिंटू के साथ रहकर खेतीबाड़ी करते थे। पिंटू शराब पीने का आदी है। वह आए दिन पिता से शराब के लिए रुपये मांगता था। रुपये न देने पर गाली-गलौज और मारपीट करता था। सोमवार रात करीब 11:30 बजे पिंटू नशे में धुत होकर घर पहुंचा और बरामदे में तखत पर सो रहे पिता को उठाकर शराब के लिए रुपये मांगे। बृजलाल के मना करने पर गाली गलौज की और कुल्हाड़ी से उनके सिर और शरीर पर कई वार कर दिए। लहूलुहान पिता को छोड़कर पिंटू भाग गया। जानकारी होने पर बड़ा बेटा अवधराम घर पहुंचा और पिता को रामसागर मिश्र अस्पताल में भर्ती कराया, जहां मंगलवार तड़के उनकी मौत हो गई। अवधराम की तहरीर पर पिंटू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी को गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह ने बताया कि घटनास्थल के आसपास काफी खून फैला था। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर साक्ष्य जुटाए हैं।



मृतक बृजलाल



घटना के बाद रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

**डेढ़ महीने पहले बृजलाल ने बेची थी जमीन**

एसीपी सुजीत कुमार दुबे ने बताया कि बृजलाल का बड़ा बेटा अपने अवधराम परिवार के साथ गांव में ही अलग रहता है। बृजलाल की पत्नी की मौत हो चुकी है। वह छोटे बेटे पिंटू के साथ ही रहता था। पिंटू की शराब की लब से परेशान होकर पत्नी उसे छोड़कर मायके चली गई थी। बृजलाल ने करीब डेढ़ माह पूर्व जमीन बेची थी। पिंटू आए दिन शराब के लिए पिता पर जमीन बेचने के एवज में मिले पैसे मांगता था। पहले भी उसने रुपयों के लिए पिता को पीटा था। समझाने पर बड़े भाई अवधराम से भी मारपीट की थी।

# सड़क पर शव रख हंगामा करने वाले परिजन पर प्राथमिकी दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दरोगा की मौत के बाद सड़क पर हंगामा कर रहे थे परिजन
- बिजनौर पुलिस ने 17 लोगों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

**अमृत विचार :** सीतापुर जनपद के मछरेहटा थाने मे तैनात दरोगा मनोज कुमार के परिजनों के खिलाफ बिजनौर पुलिस ने कार्रवाई की है। दरोगा की मौत के बाद परिजनों ने सड़क पर शव रख प्रभारी निरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर हंगामा किया था। समझाने पर भी परिजन जिद पर अड़े थे।

गौरतलब है कि 12 अप्रैल को मछरेहटा थाने मे तैनात दरोगा मनोज कुमार ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। अगले दिन परिजन दरोगा का शव लेकर बिजनौर आए। प्रभारी निरीक्षक अरविंद राणा के मुताबिक, पोस्टमार्टम के बाद बेटे ऋतिक ने मां अनीता समेत अन्य सदस्यों के साथ मिलकर शव को सड़क पर रख दिया था। जिसके बाद सभी मछरेहटा प्रभारी निरीक्षक राज बहादुर सिंह पर कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर हंगामा करने लगे थे। पुलिस ने उन्हें समझाकर मार्ग खाली कराने की कोशिश की, लेकिन वह अपनी जिद पर अड़े रहे। जिससे सब्जी मण्डी मार्ग पर जाम की स्थिति के साथ शांति व्यवस्था का खतरा उत्पन्न हो गया था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाने में तैनात एसआई प्रभुदयाल सिंह की लिखित शिकायत पर पुलिस ने दरोगा के बेटे, पत्नी समेत करीब 17 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

# जान बचाने को पूजा घंटे भर करती रही संघर्ष

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पिता से जान बचाने के लिए पूजा करीब एक घंटे संघर्ष करती रही...लेकिन तमाम प्रयास निरर्थक साबित हुए। वहीं चीखें सुन दो छोटी बहनें और भाई भी पिता से दीदी को माफ करने मिन्नतें करते रहे, लेकिन आरोपी ने एक न सुनी और हत्या की वारदात कर डाली। मंजर याद कर तीनों मासूम खौफजदा हो रहे हैं।

मायापुरी कॉलोनी निवासी राजगीर संजय सिंह के परिवार में पत्नी सुशीला के अलावा सबसे बड़ी बेटी पूजा थी। जो नवयुग कॉलेज में 10वीं की छात्रा थी। इसके अलावा उससे छोटी बहन संगीता (12), काजल (7) और भाई गोविंद (5) हैं। हत्याकांड की प्रत्यक्षदर्शी संगीता ने बताया मां होली त्योहार पर लखीपुर मायके गयी थी। तब से वहीं पर हैं। घर पर पिता के अलावा हम भाई बहन रहते हैं। रोज की तरह ही रात करीब 9 बजे खाना खाकर पिता बाहर सो गये थे। जबकि दीदी, मैं, छोटी बहन व भाई एक कमरे में सोये थे। रात करीब 1 बजे बहन मोबाइल पर किसी से बात कर रही थी। इस बीच अचानक पिता कमरे में आ धमके, वह कुछ समझती इससे पहले ही दीदी के बाल पकड़ घसीटते हुये कमरे से बाहर खींच ले गये। चीख सुन छोटी बहन और भाई भी जाग कर बाहर निकल आये। बाहर पिता दीदी को अपशब्द बोलते हुये लात घूसें बरसा रहे थे। दीदी बचने के लिये कभी इधर-उधर भागतीं, तो कभी भिड़ जातीं। दोनों के बीच करीब एक घंटे संघर्ष चला। इस बीच पिता कमरे से धारदार हथियार उठा लाये। उनकी मंशा भांपते ही हम लोग दीदी के सामने आ गये, तो धक्का मार दिया। इसके बाद करीब दो मिनट तक दीदी पर ताबड़तोड़ वार करते रहे। इससे वह खून से लथपथ हो जमीन पर गिर गईं। हम लोगों की चीखें सुन सामने रहने वाले पड़ोसी पवन पहुंचे, तो पिता भाग निकले। उन्होंने ही बताया कि पूजा अब नहीं रहीं। पड़ोसी की सूचना पर ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची थी।



मृतका पूजा



हत्यारोपी पिता

- मासूम भाई-बहन, दीदी को माफ करने की करते रहे मिन्नतें

# लापता हॉकर की गोमती पुल पर मिली बाइक और चप्पलें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीमा विवाद में उलझी दुबग्गा और मड़ियांव कोतवाली पुलिस

**अमृत विचार :** दुबग्गा थाना अंतर्गत घैला पुल पर लापता हॉकर अरुण दीक्षित (40) की बाइक और चप्पलें परिजनों ने बरामद की। परिजनों ने बताया कि वह बैंक से लिए गए कर्ज से काफी परेशान था। उन्होंने गोमती नदी में छलांग लाने की आशंका पर पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। मौके पर पहुंची दुबग्गा और मड़ियांव पुलिस सीमा-विवाद में उलझ गई। हालांकि, पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में खोजबीन की। बावजूद इसके शव बरामद नहीं हो सका।

प्रभारी निरीक्षक अभिनव वर्मा के मुताबिक, दुबग्गा चार मंजिला कॉलोनी निवासी हॉकर अरुण दीक्षित अखबार बांटने के साथ निजी कंपनी में कलेक्शन एजेंट है। भतीजे आदर्श दीक्षित ने बताया कि अरुण ग्राहकों से पैसा लेकर कंपनी में जमा करता था। कुछ समय पहले कंपनी से जमाकर्ताओं की धनराशि नही निकल पा रही थी जिसकी वजह से जमाकर्ता अरुण पर जमा धनराशि वापस कराने का दबाव बना रहे थे। पत्नी अलका के अनुसार अरुण सुबह 4 बजे अखबार बांटने निकला था लेकिन दोपहर तक वापस घर नही लौटा। दोपहर में बिस्तर पर सुसाइड नोट मिलने पर परिजन ने तलाश शुरू की।

# रोडवेज बस ने स्कूटी को टक्कर मारने के बाद पिता-पुत्र को रौंदा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोसाईंगंज थाना अंतर्गत कबीरपुर गांव के पास देर शाम हुई दुर्घटना
- पुलिस ने एक बच्ची को केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में भेजा

**अमृत विचार:** गोसाईंगंज थाना अंतर्गत कबीरपुर गांव के पास मंगलवार शाम तेज रफ्तार रोडवेज बस ने स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से स्कूटी सवार युवक मासूम बेटे के साथ छिटक कर बीच सड़क पर गिर पड़ा। जबकि उनकी बहन बांए तरफ गिरी। इसी बीच बस का पहिया तीनों पर उतर गया। घटनास्थल पर सतीश यादव (32) व उनके बेटे रुद्र (2) की मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल बहन मानसी को केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

प्रभारी निरीक्षक बृजेश त्रिपाठी के मुताबिक, कबीरपुर गांव निवासी सतीश यादव अहिमामऊ में अमूल डेरी में सिक्योरिटी गार्ड थे। मंगलवार शाम तकरीबन 7 बजे वह रामनवमी की पूजा का सामान खरीदने बेटे रुद्र यादव और बहन मानसी के साथ स्कूटी से ग़लत दिशा में गोसाईंगंज की तरफ़ जा रहे थे। इसी बीच सामने से आ रही तेज रफ्तार बस ने स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगाते ही तीनों बीच सड़क पर गिर पड़े। इसी बीच चालक ने उन्हें रौंदा दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मौके पर ही सतीश यादव और उनके रुद्र ने दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद बस चालक ने भागने की कोशिश की, लेकिन मौजूद भीड़ ने उसे पकड़ लिया। जिसके बाद भीड़ ने चालक की पिटाई कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इस हादसे में गंभीर रूप से घायल मानसी को केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी है। फिलहाल, चालक को हिरासत में लिया गया है।

### चोरों ने नलकूप के 10 खंभों की बिजली लाइन पार की

**अमृत विचार, मलिहाबाद:** थाना क्षेत्र में चोर नलकूप के पोल की लाइन के तार चुरा कर ले गए। सहिलामऊ निवासी गंगाप्रसाद ने बताया जमाल अहमद व ज्ञानेंद्र मौर्य के नलकूप तक के दस पोल के तार चोर काट कर चुरा ले गये। मंगलवार सुबह ज्ञानेंद्र उधर पहुंचे तो जानकारी हुई। उन्होंने मलिहाबाद थाने और बिजली विभाग के अधिकारियों को शिकायती पत्र दिया है। एसडीओ मलिहाबाद अनिल कुमार वर्मा ने बताया जेई से जानकारी कर थाने में मामला दर्ज कराया जायेगा।

# अपनों ने मुंह मोड़ा, पुलिस ने दिया अर्थी को कंधा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चाय विक्रेता की अर्थी को पुलिसकर्मियों ने दिया कंधा

**अमृत विचार :** हजरतगंज कोतवाली अंतर्गत नेशनल कॉलेज के सामने फुटपाथ पर पत्नी व दो बच्चों के साथ चाय का ठेला लगाकर जिंदगी गुजार रहे चाय विक्रेता बबलू तिवारी (48) की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। घर की तंगहाली में पति की अन्त्येष्टि करने के लिए चाय विक्रेता की पत्नी ने अपनों से भी मदद मांगी, लेकिन सभी मुंह फेर लिया। जब उसे रास्ता नहीं मिला, तब महिला ने हजरतगंज कोतवाली में फोनकर मदद मांगी। कुछ देर बाद प्रभारी निरीक्षक टीम के साथ नेशनल कॉलेज के पास पहुंचे और अर्थी को कंधा देकर अंतिम संस्कार के लिए बैकुण्ठ धाम ले गए।

मूलरूप से गोंडा जनपद के खमरौली निवासी बबूल तिवारी पत्नी सपना और बेटी आंचल व बेटे विश्वजीत के साथ नेशनल कॉलेज के पास चाय का ठेला लगाता था। मंगलवार की सुबह हार्ट अटैक आने से बबलू की मौत हो गई। पत्नी सपना ने बताया कि शहर में ऐसा कोई नहीं था, जिससे वह मदद मांग सके। उसे कुछ भी समझ में नहीं आ रहा था। घर की तंगहाली में पति की अन्त्येष्टि कैसे होगी? कौन अर्थी को कंधा देगा? इन बातें सपना को परेशान कर रही थी। इसी बीच थाने में तैनात सिपाही अभि सिंह को सपना ने पूरी बात बताई। प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह को महिला का दुख पता चला, तो वह फौरन मौके पर पहुंच गए। चाय विक्रेता के परिवार को ढांढस बंधाते कहा कि आप चिंता मत करें, अर्थी को हम कंधा देंगे। इसके बाद पुलिस कर्मियों ने अर्थी को कंधा देकर अंतिम संस्कार के लिए बैकुण्ठ धाम ले गए। शव यात्रा में प्रभारी निरीक्षक के अलावा दरोगा अभिषेक तिवारी, आलोक सिपाही राजकुमार और अभि सिंह शामिल थे।

# पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ग्रामीणों ने हत्या की आंशका जताते हुए कार्रवाई की मांग की

**अमृत विचार :** सरोजनीनगर थाना अंतर्गत गिर्दनखेड़ा में जंगल में एक तालाब के पास ग्रामीणों ने बबूल के पेड़ से एक युवक का शव फंदे से लटकता पाया। ग्रमीणों ने हत्या के बाद शव को पेड़ से लटकाए जाने की आशंका जताई है। फिलहाल, शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी के मुताबिक, गिर्दनखेड़ा के जंगल में तालाब के पास मंगलवार को बबूल के पेड़ से एक अज्ञात शव फंदे से लटकता मिला। प्रथम दृष्टया पता चला कि शव एक सप्ताह पुराना है। चरवाहों की सूचना पर पुलिस ने शव को नीचे उतार उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कड़ी मशक्कत के बाद शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। बताया कि मृतक के शरीर पर लाल रंग की शर्ट और ब्लू जींस है। शव पूरी तरह सड़-गल चुका था। ग्रामीणों ने युवक की हत्या कर शव को फंदे से लटकाए जाने की आशंका जताई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आसपास थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्ट खंगाली जा रही है। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## सार-संक्षेप

### 45 लीटर कच्ची शराब बरामद

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत सोमवार को आबकारी निरीक्षक लक्ष्मी शंकर बाजपेई ने स्टॉफ के साथ नगराम थाना अंतर्गत भज्जाखेड़ा, छोटीखेड़ा में संदिग्ध घरों, खेतों, बगीचों एवं तालाबों के किनारे छापेमारे। इसमें 45 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई और 450 किलोग्राम लहन नष्ट कराया गया। आबकारी अधिनियम के तहत दो अभियोग पंजीकृत किए गए।

### बाइक सवार बदमाशों ने महिला की चेन लूटी

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरा नगर इलाके में एक बाइक पर सवार दो बदमाश महिला की चेन लूट कर फरार हो गये। महिला दुकान से खरीदारी कर घर लौट रही थी। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है। थाना अंतर्गत मानस इनक्लेव निवासी प्रीति चौहान पत्नी बलिराम चौहान सोमवार दोपहर घर से घोड़ा मंदिर स्थित दुकान पर साड़ी लेने गईं थी। जहां से करीब 10 :30 बजे पैदल घर लौट रहीं थी। इसी दौरान रास्ते में पीछे से आये एक बाइक पर सवार दो बदमाश चेन लूट कर फरार हो गये। शोर मचाने पर जब तक लोग पीछा करते आरोपी लापता हो चुके थे। घर पहुंच पीड़िता ने आपबीती सुनाई। परिजन की तहरीर पर पुलिस ने लूट की रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी ने बताया घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल बदमाशों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

### महिला से चेन लूटने वाले बदमाश कैमरे में कैद

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में लूट की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही हैं। चिनहट इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने और एक महिला से लूट की वारदात अंजाम दी है। आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। पुलिस तलाश में जुटी है। थाना अंतर्गत सन सिटी कॉलोनी निवासी अर्चना देवी पत्नी सुनील कुमार दुबे ने बताया सोमवार सुबह वह हनुमान मंदिर बाजार खरीदारी करने गयी थीं। वहां से लौटते समय दो संदिग्ध पीछा करने लगे। तभी पीछे से पैदल आया एक बदमाश गले से चेन लूट कर भागने लगा। उन्होंने पीछा करने का प्रयास किया तब तक आगे खड़े बाइक सवार साथी के संग भाग निकला। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी ने बताया आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

### घर में घुसकर लोको पायलट की पत्नी को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** मानकनगर इलाके में पड़ोसियों ने रास्ते के विवाद में घर में घुस कर लोको पायलट की पत्नी को पीट दिया। पुलिस ने विवाद शांत करा, दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है। मामले में लोको पायलट की पत्नी ने आरोपियों पर उचित कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। थाना अंतर्गत मेंहदी खेड़ा निवासी अनीता यादव ने बताया कि वह मकान में लोको पायलट पति सुरजीत व बच्चों संग रहती हैं। सोमवार दोपहर मजदूर से दरवाजे की पेंटिंग करा रहीं थी। तभी पड़ोसी वीरू यादव, अभय यादव व अभिषेक उनके घर में घुस अभद्रता करने लगे। मदद के लिये शोर मचाया तो दूसरे पक्ष के अन्य सदस्य भी आ गये और उसे पीटने व धमकी देने लगे। आरोपियों के चुंगल से निकलकर पीड़िता ने पति को घटना की सूचना दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अभय यादव, वीरू यादव, अभिषेक यादव समेत अन्य पर रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर अजीत सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष के बीच दरवाजा रखने को लेकर विवाद न्यायालय में चल रहा है।

# जॉकी को पीटने वाले दो सिपाहियों पर मामूली धाराओं में कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**खानापूरी**

- डीसीपी मध्य रवीना त्यागी ने रिपोर्ट तैयार कर मेरठ पुलिस अफसरों को भेजी
- पीड़ित के साथ घटना स्थल पहुंची पुलिस, सिपाही से कंधा लड़ने पर हुआ था विवाद
- मेरठ के सिपाहियों ने चारबाग से अपहरण कर पीएसी बैरक में लाकर पीटा था

**अमृत विचार :** चारबाग से सोमवार रात को मेरठ निवासी दो सिपाहियों ने कंधा लड़ने पर कैंट में रहने वाले हार्स रेस के जॉकी का अपहरण कर महानगर स्थित 35वीं वाहिनी पीएसी की बैरक ले गये थे। यहां 15 से 17 साथियों संग जॉकी को पीटा था। मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुख्य आरोपी सिपाही विशाल चौहान और विशांत राणा का मामूली धाराओं 151 में चालान कर कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति की, जबकि अन्य आरोपी सिपाहियों को अभी तक चिन्हित नहीं कर सकी है।

डीसीपी मध्य रवीना त्यागी का कहना है कि दोनों सिपाहियों ने पूछताछ में विवाद की बात कुबूल की है। उनका कहना है कि चारबाग किसी दोस्त के काम से पहुंचे थे। जहां मैगी खाई। इस दौरान एक सिपाही पुल पर पहुंचा जहां हार्स रेस के जाकी कैंट निवासी फैज के साथी से उसका कंधा टकरा गया। इसी बात को लेकर फैज के दोस्त से कहा सुनी हो गई। तब दूसरा सिपाही भी पहुंच गया। उसे देख फैज का दोस्त भाग निकला। तब दोनों सिपाही फैज का बाइक से पीएसी की बैरक ले गये। जहां बहन को फोन कर फैज को ले जाने की बात कही। डीसीपी ने बताया बाल काटने की पुष्टि फिलहाल नहीं हुई है। घटना में शामिल अन्य सिपाहियों की पहचान कर सभी के बयान दर्ज किये हैं। मामले में दोनों की रिपोर्ट तैयार कर मेरठ पुलिस को भेजी है। इसके अलावा मंगलवार को पुलिस टीम पीड़ित को लेकर घटना स्थल पहुंची। जहां घटना की जांच कर बयान दर्ज किये गये है। इसके अलावा मामले में संलिप्त तीन से चार सिपाही चिन्हित किये हैं। उनसे पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर, घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

डीसीपी ने बताया कि जांच में जो भी अन्य पुलिसकर्मी दोषी मिलेंगे उनके खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

**ईद मनाने के लिए लखनऊ आया था फैज**

डीसीपी ने बताया कि फैज हैदराबाद में हार्स रेस का जॉकी है। कुछ दिन पहले ही वह ईद मनाने कैंट स्थित घर आया था। सोमवार रात एक दोस्त के साथ चारबाग घूमने गया था। बताया कि फैज के पिता पहले सब्जी बेचते थे। माता-पिता और बहन की जिम्मेदारी फैज के कंधों पर है।

**यह है मामला**

मेरठ से महानगर में 35वीं वाहिनी पीएसी में खेल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिये वर्ष 2023 बैच के सिपाही विशाल और विशांत आये थे। वहीं से सोमवार को चारबाग गए थे। तभी कैंट निवासी हार्स रेस के जॉकी फैज से विवाद हुआ था। तो फैज का अपहरण कर पीएसी की बैरक में में पीटा। फैज का आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने उसके बाल काट दिए। उनके चंगुल से निकल महानगर पुलिस से शिकायत की तो हल्की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की।

### मकान तोड़ते ढही छत मलबे में दबा मजदूर

**अमृत विचार, लखनऊ:** मडियांव इलाके में मंगलवार को मकान तोड़ते समय ढही छत के मलबे में मजदूर दब गया। करीब दो घंटे की मशाक्क के बाद मलबा हटा उसे निकाल ट्रॉमा में भर्ती कराया गया। थाना अंतर्गत प्रीतिनगर निवासी रमेश साहू के पुराने मकान का मंगलवार को ध्वस्तीकरण हो रहा था। सीतापुर के अटरिया निवासी मजदूर कमल काम कर रहा था। शाम करीब 4 बजे छत का मलबा कमल पर आ गिरा। घटना से हड़कंप मच गया। मजदूर मलबा हटा उसे निकालने का प्रयास करने लगे। इस बीच पुलिस भी पहुंच गई और जेसीबी से मलबा हटवाना शुरू किया गया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद मलबा हटा कमल को निकाला गया। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा ने बताया मलबा हटाने के दौरान लोग कमल से बातचीत कर हौसला बढ़ाते रहे। उसे ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। कमल का कहना है कि मलबे में दबने पर लगा जान नहीं बचेगी। लेकिन हिम्मत नहीं तोड़ी।


Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919


## एक नजर

### 122 बच्चों ने शुरू की पढ़ाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** अनाथ बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से चलाई गई योजना के तहत 122 छात्र-छात्राओं का विभिन्न विद्यालयों में दाखिला कराया गया है। बता दें कि ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता या वैध संरक्षक नहीं है, उनको शासन की ओर से निशुल्क शिक्षा दिलाने का प्रावधान किया गया है। फरवरी से जिले में ऐसे बच्चों को चिह्नित करने का अभियान शुरू हुआ था। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि बच्चों की शिक्षा, स्कूल ड्रेस और खानपान का खर्च सरकार वहन करेगी। उन्होंने बताया कि नए वित्तीय वर्ष में चुनाव के बाद दोबारा टीम बनाकर जिले में ऐसे बच्चों को चिह्नित कर फार्म भराया जाएगा।

### जनता की उम्मीद कांग्रेस

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिला श्रम प्रकोष्ठ के चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि जनता भाजपा के झूठे वादों को समझ गई है। अबकी बार 400 पार का नारा बेबुनियाद और खोखला है। जनता की उम्मीद कांग्रेस है। जिला कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ की मंगलवार को हुई बैठक में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार कुछ उद्योगपतियों के लिए काम कर रही है। दैनिक वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। महंगाई पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। सरकार इस ओर ध्यान ही नहीं दे रही है। देश का किसान आत्महत्या कर रहा है लेकिन सरकार को बिल्कुल भी चिंता नहीं है।

# महिला की अंडाशय से निकला फुटबॉल के आकार का ट्यूमर

## डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर मरीज को दिया नया जीवन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** संजय गांधी पीजीआई के डॉक्टरों ने एक महिला के अंडाशय से फुटबॉल के आकर का ट्यूमर निकाल कर उसे नया जीवन दिया है। महिला करीब पांच महीने से पेट की सूजन की तकलीफ से परेशान थी।


पेट की सूजन से परेशान 42 वर्षीय महिला ने पीजीआई के गाइनोकोलॉजी ओपीडी में डॉक्टर को दिखाया था। जरूरी जांचे कराने पर उसके अंडाशय (ओवरी) में ट्यूमर होने की पुष्टि हुई। डॉक्टरों ने ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। टीम ने उसके अंडाशय से एक फुटबॉल के आकर का ट्यूमर (30x25 सेमी) निकाला। इस ट्यूमर के अंदर लगभग 7.5 लीटर फ्ल्यूड और 3.5 किलो ठोस पदार्थ की मात्रा थी। ऑपरेशन के बाद मरीज ने शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया और 5वें दिन उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।



महिला मरीज के साथ सर्जरी करने वाली डॉक्टरों की टीम। अमृत विचार

**ऑपरेशन करने वाली टीम**

डॉ. अंजू रानी, डॉ. इरा दुबे, डॉ. नीतिका, डॉ. प्रज्ञा, नर्सिंग स्टाफ- शिव कुमारी, प्रियंका और दिव्या और ओटी तकनीशियन बीरभान और वंदना।



महिला की अंडाशय से निकाला गया ट्यूमर

# आरोपी डॉक्टर शिकायत वापस लेने का बना रहा दबाव

## बलरामपुर अस्पताल में मोतियाबिंद के ऑपरेशन में वसूली का मामला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**फॉलोअप**

- शिकायत वापस लेने के लिए आरोपी डॉक्टर दे रहा प्रलोभन

**अमृत विचार :** बलरामपुर अस्पताल में मोतियाबिंद के ऑपरेशन के नाम पर वसूली करने के आरोपी डॉक्टर ने मंगलवार को पीड़ित के घर जाकर उससे शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया। डॉक्टर ने इसके लिए उसे प्रलोभन भी दिया। लेकिन पीड़ित ने लौटा दिया।

उन्नाव के हसनगंज की राजरानी का बलरामपुर अस्पताल में मोतियाबिंद का ऑपरेशन हुआ था। राजरानी के बेटे ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को 10 रुपये के स्टॉप पेपर पर शिकायत कर डॉक्टर अजय वैद्या पर 43 सौ रुपये वसूलने का आरोप लगाया है। यह रकम डॉक्टर ने ऑनलाइन ली थी। इस मामले की जांच शुरू हो गई है। मंगलवार को आरोपी डॉक्टर शिकायतकर्ता के घर पहुंचा और उससे माफी मांगी। इसके बाद शिकायत वापस लेने के लिए काफी देर तक मान-मनौव्वल करता रहा। लेकिन पीड़ित ने शिकायत वापस लेने से मना कर दिया।

**अफसरों को किया गया तलब**

मोतियाबिंद ऑपरेशन में वसूली को लेकर स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ ब्रजेश राठौर ने मंगलवार सुबह बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ पवन कुमार अरुण और सीएमएस डॉ एनबी सिंह को तलब किया। डॉ पवन का कहना है कि महानिदेशक के पास सुबह गए थे। अस्पताल के संबंध में उनसे वार्ता हुई। महानिदेशक ने भी मोतियाबिंद के मामले में प्रगति पूछी तो यह बताया गया कि अभी कमेटी जांच कर रही है। जांच रिपोर्ट आने पर उसे शासन स्तर पर भेजा जाएगा। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। निदेशक ने यह भी बताया कि पीड़ित को बयान के लिए बुलाया गया है।

# सेंटर का पता नहीं, कर दी डॉक्टरों की तैनाती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शुरू होने वाले 33 नए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर डॉक्टरों की होनी थी तैनाती
- भवनों का एग्रीमेंट न होने से घर बैठे सैलरी ले रहे डॉक्टर

**अमृत विचार :** शहर में 33 नए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर शुरू होने थे। इनके लिए दो माह पहले ही डॉक्टर तैनात किए गए थे। लेकिन सेंटर शुरू न हो पाने के कारण कई डॉक्टर घर बैठे ही सैलरी ले रहे हैं। बताया जा रहा है कि नए सेंटर शुरू करने के लिए स्वास्थ्य विभाग भवनों का एग्रीमेंट नहीं करा सका है।

सीएमओ के अधीन अभी 75 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का संचालन हो रहा है। यहां पर डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टॉफ तैनात हैं। एनएचएम की ओर से 33 नए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर शुरू होना था। स्वास्थ्य विभाग ने करीब दो माह पहले वॉक इन इंटरव्यू कराए थे। इसमें डॉक्टरों का चयन हुआ था।

हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर शुरू करने के लिए स्वास्थ्य विभाग जरिए अभी तक भवनों का एग्रीमेंट नहीं कराया जा सका है। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल के मुताबिक, नए भवनों का एग्रीमेंट प्रक्रिया चल रही है जल्द ही सभी 33 डॉक्टर केंद्रों पर भेजे जाएंगे।

## वॉकथॉन से हीमोफीलिया के प्रति किया जागरूक

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू में विश्व हीमोफीलिया दिवस के अवसर पर मंगलवार को वॉकथॉन का आयोजन कर हीमोफीलिया के प्रति जागरूक किया गया। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने बताया कि इसका आयोजन लखनऊ हीमोफीलिया सोसाइटी की ओर से किया गया। जिसमें डॉ. एसपी वर्मा, डॉ. गीता सूरी और लगभग 100 हीमोफीलिया रोगियों और उनके माता-पिता ने केजीएमयू के परिसर के अंदर इस वॉकथॉन में भाग लिया।

# चुनाव में गईं बसें, यात्री बेबस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** समय दोपहर 12:00 बजे, कैसरबाग बस अड्डा। चिलचिलाती धूप में यात्रियों की भीड़ बस अड्डे के प्लेटफार्म से लेकर बाहर सड़क तक मौजूद रही। बहराइच, गोंडा और गोरखपुर सहित विभिन्न रूटों पर जाने वाली बसों के लिए यात्री घंटों इंतजार करते रहे। यात्री बसों की जानकारी के लिए पूछताछ केंद्र से लेकर चालक-परिचालक से जानकारी ले रहे थे, लेकिन सही जानकारी के अभाव में यात्री इधर-उधर भटकते रहे। चुनाव में बसों के रवाना होने के बाद यात्रियों का सफर प्रभावित हो रहा है। इनमें वे लोग भी शामिल है जिन्होंने बसों में सफर को एमएसटी बनवा रखी है।

विभागीय कर्मचारियों के अनुसार, 19 अप्रैल को पहले चरण के चुनाव होने है। चुनाव स्थल तक सुरक्षा बलों के आवागमन के लिए रोडवेज की 601 बसों को रवाना किया गया है, कई बसों को रिजर्व में रखा गया है। लखनऊ डिपो के साथ ही गोंडा, बहराइच, गोरखपुर सहित विभिन्न डिपो को चुनाव ड्यूटी में आज रवाना कर दिया गया। इन बसों के रवाना होते ही यात्रियों के सफर को बसों की कमी हो गई। पहले दिन ही राजधानी के चारबाग, आलमबाग, कैसरबाग और कमता बस अड्डे पर यात्रियों की भीड़ रही।

> यात्रियों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए, इसके लिए सभी क्षेत्रों के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देशित किया गया है। रही बात बिना बुकिंग के बसों में सामान चढ़ाने की तो इस पर रोकथाम लगाई जाएगी। ऐसे चालक-परिचालक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।
>
> -आरके त्रिपाठी, क्षेत्रीय प्रबंधक, लखनऊ परिक्षेत्र परिवहन निगम, उत्तर प्रदेश

**बिना बुकिंग के माल भरते नजर आए चालक-परिचालक :** चारबाग और कैसरबाग बस अड्डे पर आने वाली बसें बस अड्डे में दाखिल होने से पहले ही फुल हो जा रही थी। इसके साथ ही यात्रियों ने आरोप लगाया कि बसों के चालक-परिचालक बिना बुकिंग के बसों में सामान भर रहे हैं, लेकिन यात्रियों को अगली बस में आने को कह रहे हैं। तमाम यात्रियों ने इस बात की शिकायत भी कैसरबाग एआरएम से की। मोइन नाम के यात्री ने बताया कि जब वे बस में चढ़ने लगे तो चालक-परिचालक ने उन्हें रोक दिया।



कैसरबाग बस अड्डे पर बसों में प्रवेश करने को धक्का-मुक्की करते यात्री। अमृत विचार

# गर्मी और तेज धूप से आंखें हो रहीं लाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- सरकारी अस्पतालों में 20 फीसद हुई कंजक्टिवाइटिस मरीजों की संख्या

**अमृत विचार :** गर्मी लगातार बढ़ रही है। अधिकतम तामपान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। तेज धूप और धूल के कारण कंजक्टिवाइटिस (आंखों का आना) के मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में कंजक्टिवाइटिस मरीजों की संख्या 20 फीसद तक पहुंच गई है।

बलरामपुर अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि कुछ दिन पहले तक ओपीडी में कंजक्टिवाइटिस के एक-दो मरीज ही आ रहे थे। अब ऐसे मरीजों की संख्या प्रतिदिन 10-15 हो गई है। मरीजों को दवा देने के साथ बचाव के तरीके भी बताए जा रहे हैं। स्कूली बच्चे भी कंजक्टिवाइटिस की चपेट में आ रहे हैं।

डॉ. संजीव के मुताबिक, आंख का लाल होना, चिपचिपा होना, पानी आना और सूजन होना कंजक्टिवाइटिस के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसे लक्षण होने पर चिकित्सक की सलाह से उपचार कराना चाहिए।

हजरतगंज स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आरसी गोपाल ने बताया कि इस समय प्रतिदिन 25-30 एलर्जिक कंजक्टिवाइटिस के मरीज ओपीडी में आ रहे हैं। सामान्य दिनों की तुलना में यह संख्या काफी ज्यादा है। लोकबंधु संयुक्त चिकित्सालय में भी एलर्जिक कंजाक्टिवाइटिस के मरीजों की संख्या बढ़ी है। यहां नेत्र रोग विभाग की ओपीडी में 20-25 मरीज प्रतिदिन पहुंच रहे हैं।

अस्पताल के एमएस डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि यह संख्या सामान्य दिनों के मुकाबले ज्यादा है।

**ऐसे करें बचाव**

- जब भी बाहर जाएं चश्मा लगाए रहें।
- अपनी तौलिया और कपड़े किसी से साझा न करें।
- अपनी आंखों को न छुएं।
- हाथों को साबुन से बार-बार धोते रहे।
- हाइजीन मेनटेन रखें।

**संक्रमण होने पर ये उपाय करें**

- ठंडे पानी से दिन में दो बार आंखें धोएं।
- आई स्पेशलिस्ट की बताई ड्रॉप्स ही डालें।
- किसी भी तरह के चश्मा पहनें।
- मेडिकल स्टोर वालों की बताई दवाएं न लें। क्योंकि ज्यादातर स्टोर्स स्टेरॉइड्स वाली दवाएं दे रहे हैं जिनसे अगर दिक्कत बढ़ जाए तो गंभीर परिणाम हो सकते हैं।




डॉ. भीमराव आंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल द्वार पर खून से सने हुए फ्रोजन मीट का चित्रात्मक प्रदर्शन कर मीट न खाने के लिए लोगों को जागरूक करते पेटा और आश्रय फांउडेशन के सदस्य। अमृत विचार

## पेटा ने वीगन जीवनशैली अपनाने के लिए किया प्रेरित

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीपल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) इंडिया और आश्रय फांउडेशन के समर्थकों ने खून से सने फ्रोजन मीट का चित्रात्मक प्रदर्शन करने के लिए सिलोफोन में लिपटे बड़े ट्रे पर मृत लेट कर लोगों को जागरूक किया। इसके साथ पेटा इंडिया के समर्थकों ने लोगों को मांस का त्याग करने और वीगन जीवन शैली अपनाने के लिए मांस हत्या है का लिखा हुआ साइन पकड़ा कर लोगों को समझाने का प्रयास किया। इस प्रदर्शन के माध्यम से पेटा इंडिया जनता को यह समझाना चाह रही थी कि मनुष्य सहित सभी जानवर मांस, रक्त और हड्डी से बने है। सभी दर्द और विभिन्न प्रकार की भावनाओं का अनुभव करते है और मांस का सेवन किसी पीड़ित पशु की लाश के सेवन के सामान हैं। कैंपेनस कोऑर्डिनटोर अथर्व देशमुख ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से हम लोगों को मांस की सच्चाई के बारे में सोचने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। मांस का सेवन ऐसे शोषित पशुओं की लाश के बराबर है जो अपना जीवन शांतिपूर्ण ढंग से व्यतीत करना चाहते थे। पशुओं को दयनीय जीवन और भयानक मौत से बचाने का सबसे अच्छा तरीका स्वस्थ एवं स्वादिष्ट वीगन भोजनशैली का चुनाव हैं।

## 125 कन्याओं का हुआ पैर-पूजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** मानव आदर्श सेवा समिति के तत्वाधान में 108 कन्याओं का दुर्गा मंत्र व हवन-पूजन संकल्पित था, जिसमें एपी सेन जूनियर गर्ल्स, बप्पा श्री नारायण वोकेशन जूनियर गर्ल्स के प्राइमरी स्कूल और स्थानीय सेवाग्राम कॉलोनी के लगभग 125 कन्याओं का पैर पूजन और भोग दुर्गा पूजा स्थल पर हुआ। संस्था के संस्थापक पीके घोष ने बच्चों को संस्कार पूजन के साथ मां आदि शक्ति दुर्गा मण्डप में प्रार्थना कराई गयी जिसमें बच्चों ने अपने लिए सद्बुद्धि, ज्ञान, विद्या का दान मांगा।



चारबाग स्थित सेवाग्राम पार्क में मानव आदर्श सेवा समिति द्वारा नवरात्र के अष्टमी पर 125 कन्याओं को भोजन कराते लोग। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### सर.. प्रशिक्षण तो पाया पर रोजगार नहीं मिला

**अमृत विचार, लखनऊ :** कौशल विकास मिशन के तहत युवाओं को प्रशिक्षण तो मिला लेकिन, ज्यादातर को रोजगार नहीं मिला। जिले में प्रशिक्षण का कॉल कर सत्यापन कराया गया तो यह बात युवाओं ने कही। जिले में वर्ष 2023-24 में कौशल विकास मिशन के तहत सूचीबद्ध प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा युवाओं को कई ट्रेडों का प्रशिक्षण दिया गया था। इसका मिशन द्वारा मुख्य विकास अधिकारी से सत्यापन कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी स्तर से अधिकारी नामित कर प्रशिक्षणार्थियों की मोबाइल नंबर समेत सूची दी गई और कॉल कर प्रशिक्षण प्राप्त करना, प्रमाण पत्र मिलना, सेवायोजना होना और वेतन मिलने की जानकारी की गई। युवाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त करना तो बताया लेकिन, ज्यादातर ने रोजगार न मिलने की बात कही तो कुछ का सेवायोजना प्रक्रियाधीन रहा। हालांकि इस सत्यापन के आधार पर प्रशिक्षण प्रदाताओं को शेष भुगतान भी किया जाता है। पिछले वर्ष भी इसी तरह सत्यापन कराया गया था। जिसमें ज्यादातर ने प्रशिक्षण न पाना बताया था।

### राम नवमी : आज बनेंगे ग्रहों के दुर्लभ संयोग

**अमृत विचार, लखनऊ :** चैत्र शुक्ल नवमी को रामलला का जन्म पुनर्वसु नक्षत्र कर्क लग्न में हुआ। नवमी तिथि मंगलवार दोपहर 1.23 बजे से शुरू हो गई है। इसका समापन बुधवार दोपहर 3.15 बजे होगा। दोपहर 12 बजे रामलला का सूर्य तिलक अयोध्या में होगा। इस दौरान रवियोग, गजकेसरी, केदार, पारिजात, अमला, शुभ, सरल, काहल और वाशि योग बनेगा। यानी प्रभु श्रीराम का सूर्य तिलक 9 शुभ योग में होगा। यह जानकारी स्वास्तिक ज्योतिष केंद्र के ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने दी। ऐसे में ग्रहों के शुभ संयोग के कारण रामनवमी पर व्रत, पूजा-पाठ और राम के मंत्रों का जाप, रामरक्षा स्त्रोत करना शुभ फलदायी रहेगा। **पूजन का शुभ मुर्हूत :** ज्योतिषाचार्य के मुताबिक, इस बार राम नवमी के लिए पूजा मुर्हूत प्रात: 10:49 से दिन 01:23 तक शुभ है। व्यापारिक कार्य प्रारम्भ करने का और खाता पूजन के लिये ये शुभ दिन है।

### दुर्गा नृत्य नाटिका ने किया मंत्र मुग्ध

**अमृत विचार, लखनऊ :** तुलसी शोध संस्थान अन्तर्गत श्रीराम लीला समिति ऐशबाग के तत्वावधान में तुलसी रंगमंच श्रीराम लीला परिसर में चल रहे 10 दिवसीय भारतीय नववर्ष मेला एवं चैती महोत्सव की 8वीं सांस्कृतिक संध्या में फरवाही नृत्य संग दुर्गा नृत्य नाटिका ने मंत्र मुग्ध किया। भारतीय नववर्ष मेला एवं चैती की सांस्कृतिक सन्ध्या का उद्घाटन भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नोएडा के विधायक पंकज सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर रामलीला समिति के सचिव पं आदित्य द्विवेदी और अध्यक्ष हरीश चन्द्र अग्रवाल ने भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर संत तुलसी सम्मान से सम्मानित किया। इसके अलावा लखनऊ उत्तरी क्षेत्र के विधायक डॉ नीरज बोरा भी सम्मानित हुए। सांस्कृतिक सन्ध्या की शुरूआत सेन्ट्रल एकेडमी विकास नगर के छात्र-छात्राओं ने भक्ति नृत्य की सुरभि बिखेर कर किया। इसी क्रम में पायनियर मांटेसरी स्कूल राजाजीपुरम के छात्रों ने गार्गी आर्या के नृत्य निर्देशन में गणेश वंदना की प्रस्तुति दी।

# सिंगल हाईटेंशन लाइन से चल रहा निगोहां बिजली उपकेंद्र

## डबल सोर्स से जोड़ने के लिए उपभोक्ताओं ने लगाई पावर कॉरपोरेशन से गुहार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी का निगोहां बिजली उपकेंद्र वर्षो से सिंगल हाईटेंशन लाइन के सहारे चल रहा है। जिसके चलते इस लाइन मे छोटी सी फॉल्ट उपभोक्ताओं को घंटों अंधेरे मे रहने को मजबूर कर देता है।

गौरतलब हो कि निगोहां विद्ययुत उपकेंद्र की हाईटेंशन लाइन को बछरावां के 132 केवी सबस्टेशन से आपूर्ति की जाती है। निगोहां सबस्टेशन की 33 केवी लाइन के ब्रेकडाउन होने की दशा में वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर उपभोक्ताओं को सप्लाई यही से की जाती है। बीते पन्द्रह दिनों में यहां तीन बार हाईटेंशन लाइन का ब्रेकडाउन हो चुका है। जिसके चलते उपभोक्ताओं को 10 घंटे तक बिजली संकट झेलना पड़ा। सोमवार को 3 बजे निगोहां सबस्टेशन की हाईटेंशन लाइन का ब्रेकडाउन होने के कारण देर रात लगभग 11: 30 बजे तक बिजली गुल रही।



केबल ठीक करने पहुंचे लेसा कर्मचारी।

> डबल सोर्स से निगोहां सबस्टेशन को जोड़ने के लिए एस्टीमेट समिट किया जा चुका है। विभाग से स्वीकृति मिलने और फंड रिलीज होने पर निगोहां पावरहाउस को डबल सोर्स से जोड़ दिया जायेगा।
>
> -उपेन्द्र कुमार पटेल, उपखंड अधिकारी, समेसी

उपखंड अधिकारी समेसी उपेन्द्र कुमार पटेल ने बताया 33 केवी लाइन के दोनों केबिलो में खराबी के कारण आपूर्ति ठप हो गई जिसकी मरम्मत के लिए कर्मचारियों को काफी मशक्कत करना पड़ी। जिसके बाद सप्लाई को लगभग 1130 बजे बहाल कर दिया गया। इस बीच लोग बिजली सप्लाई के लिए उपकेंद्र पर फोन मिलाते रहे। मंगलवार को लेसा कर्मचारियों ने बछरावां स्थित 132 केवी लाइन पर लुएक्टर मशीन से खराब केबिलों की मरम्मत कार्य में जुटे रहे। इस दौरान पूरे इलाके में बिजली का आंशिक रूप से प्रभावित रही।

निगोहां बिजली उपकेंद्र को बने 8 वर्ष से ज्यादा हो गया है। उपभोक्ताओं और कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने निगोहां बिजली उपकेंद्र को 33 केवी लाइन के डबल सर्किट से जोड़ने की मांग पावर कारपोरेशन से कर चुका है। लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है।

**33 केवी लाइन का ब्रेकडाउन**

**29 मार्च :** बछरावां से निगोहां के मध्य शेरपुर लवल रेलवे क्रासिंग के पास जेसीबी मशीन से खुदाई के दौरान हुई भूमिगत केबिल के कटने से लगभग 7 घंटे तक सप्लाई ठप रही। इस मामले में जेसीबी के चालक पर लेसा ने निगोहां थाने पर तहरीर भी दी।

**10 अप्रैल :** हाईटेंशन लाइन की आउटडोर केबिल ब्लास्ट होने से ठप 7 घण्टे आपूर्ति ठप।

**15 अप्रैल :** 132 केवी सबस्टेशन बछरावां के पास दोनों केबिल फाल्ट होने पर 8 घण्टे निगोहां बिजली उपकेंद्र के सभी फीडर 8 घंटे तक बंद रहें।

## आज गुल रहेगी बिजली, एक लाख उपभोक्ता होंगे प्रभावित

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के कई क्षेत्रों मे आरडीएसएस योजना के तहत कार्य किए जाने के चलते बुधवार को बिजली सप्लाई बंद रहेगी। इससे करीब एक लाख की आबादी प्रभावित रहेगी। अपट्रान के एलडीए फीडर से पोषित इलाके के एलटी लाइन, जर्जर तार और पोल के बदलने का कार्य किया जायेगा। जिसके चलते इसके आसपास के इलाकों मे सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी। इसके साथ ही अर्जनगंज मे साई दत्ता फीडर और अहिमामऊ फीडर पर जर्जर एबी केबल को बदलने का कार्य किया जायेगा। इसके चलते इन फीडरों से पोषित होने वाली सप्लाई वाले क्षेत्रों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक सप्लाई ठप रहेगी।

## एक नजर

### आग से भगदड़

अमृत विचार, लखनऊ : विभूतिखंड थाना अंतर्गत राजकीय निर्माण निगम मुख्यालय के छठे तल पर कमरा नंबर 618 के एसी में शार्ट सर्किट से आग लग गई। धुआं होने पर मौजूद कर्मचारी शोर मचाते हुए बाहर भागे। सूचना पर गोमतीनगर फायर स्टेशन की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। प्रथम दृष्टिया में शार्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आई है। आग से कमरे में रखा फर्नीचर व कुछ दस्तावेज जल गए। उधर, कमला नेहरू नगर में जावेद के बंद घर में रखे टीवी में शार्ट सर्किट से आग लग गई।

### मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, मोहनलालगंज : मोहनलालगंज इलाके के पद्मिनीखेड़ा मोड़ पर मंगलवार सुबह एक कार्यक्रम से लौट रहे टेंट कारोबारी हुलासखेड़ा निवासी शुभम प्रताप सिंह को रॉड से पीटकर बाइक लूटने का प्रयास किया गया। उन्होंने रंजिश में हमला करने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित शुभम ने गांव निवासी दिलीप, किशोरी लाला व युवराज पर आरोप लगाया है।

### युवती ने लगाई फांसी

अमृत विचार, मलिहाबाद : माल इलाके के ककराबाद गांव में सोमवार को युवती ने फंदा लगा लिया था। पीड़ित पिता भागीरथ ने मामले में पुलिस को तहरीर दी है। उनका आरोप है कि गांव के कुछ युवक फोन कर बेटी को प्रताड़ित कर रहे थे। इससे प्रताड़ित होकर बेटी ने आत्मघाती कदम उठाया। उन्होंने कुछ नंबर भी दिये हैं। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी ने कहा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### दो पक्ष भिड़े, कार में तोड़फोड़

अमृत विचार, लखनऊ : हजरतगंज कोतवाली अंतर्गत जापलिंग रोड पर फार्च्यून होटल के सामने मंगलवार देर रात कार में बाइक की टक्कर लगने पर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। कार में तोड़फोड़ हुई। पुलिस पहुंची दोनों पक्षों से तीन लोगों को पकड़कर थाने ले गई। हिरासत में लिए गए आरोपी में राज, विशाल और फैजान से पूछताछ की जा रही है।

# आग से गेहूं की चार बीघा फसल जली

## बिजली के तारों से निकली चिंगारी से मलिहाबाद और बख्शी का तालाब क्षेत्र में हुईं घटनाएं

कार्यालय संवाददाता

अमृत विचार: अलग-अलग क्षेत्रों में मंगनवार को बिजली लाइन के ढीले तार टकराने से निकली चिंगारी से खेतों में आग लग गई। इससे पांच किसानों की चार बीघा गेहूं की फसल और एक किसान की 15 बीघा पराली जल गई। दोनों ही जगह दमकल की गाड़ियां देरी से पहुंचीं।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के माधवपुर गांव के खेतों से बिजली की लाइन निकली है। मंगलवार को तार टकराने से निकली चिंगारी गेहूं की सूखी फसल में जा गिरी। इससे फसल में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने माधवपुर के किसान बबलू, सुंदर और छोटी कसमण्डी के महेश, सुरेश व राजा के खेत मे खड़ी गेहूं की फसल को चपेट में ले लिया। अग्निशमन विभाग और पुलिस को सूचना देकर ग्रामीण आग पर काबू करने में जुट गए। करीब एक घंटे बाद अग्निशमन की गाड़ी पहुंची जब तक आग पर काबू पाया जा चुका था। आग से किसानों की चार बीघा फसल जलकर राख हो गई।



बीकेटी स्थित गाजीपुर गांव के खेत में उठतीं आग की लपटें। अमृत विचार

### संदिग्ध हालात में फसल में लगी आग



अमृत विचार, निगोहां : कांटा करौंदी गांव के किसान सत्यनारायण और सूर्यपाल की खेतों में गेहूं की कुछ फसल खड़ी थी और कुछ की कटाई कर बोझ बांध दिए गए थे। मंगलवार दोपहर फसल में संदिग्ध परिस्थिति में आग लग गई। खेत में लपटें देख पास के खेतों में मौजूद किसान दौड़े और बोरवेल आदि की मदद से आग पर काबू पाया। आग से दो किसानों की चार बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्राम प्रधान ने मामले की सूचना राजस्व विभाग को दी गई है।

### 15 बीघे पराली जली

बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के गाजीपुर गांव में किसान रंजीत कुमार खेत से बिजली की लाइन निकली है। मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे हवा में बिजली के ढीले तार आपस में टकराने से निकली चिंगारी गेहूं की पराली में जा गिरी। इससे खेत में आग लग गई। बगल के खेत में गेहूं की फसल काट रहे किसान सुरेश चंद्र ने धुआं उठाता देख शोर मचाया। दमकल को सूचना देकर ग्रामीण आग पर काबू करने में जुट गए। करीब एक घंटे बाद दमकल पहुंची उसके पहले आग पर काबू कर ली गई थी। दमकल देरी से पहुंचने से लोगों ने नाराजगी जताई। इस सबंध में एसडीओ मलिहाबाद ने बताया कि बिजली के तारों से आग लगने की कोई सूचना नहीं मिली है, किसी अन्य कारण से आग लगी होगी फिर भी मामले की जांच कराई जायेगी।

# फसलों को काटने के बाद अवशेष न जलाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अवशेष जमीन में गड्ढा करके दबा दिए जाएं ताकि अग्निकांड की घटनाओं को कम किया जा सके
- जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने लू से बचाव एवं सुरक्षा को लेकर सभी सरकारी विभागों और स्कूलों को दिए निर्देश
- पार्कों और सार्वजनिक स्थानों पर लू से बचाव के लिए सुरक्षा संबंधी पोस्टर चस्पा किए जाएं

अमृत विचार : मौसम विभाग ने हीटवेव (लू) को लेकर पूर्वानुमान जारी किया है और तापमान बढ़ने के साथ ही लू चलने की संभावना जताई है। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने फसलें काटने के बाद उनके अवशेष न जलाने की लोगों से अपील की है। साथ ही छात्र-छात्राओं को लू से बचाने के लिए स्कूलों में खेलकूद गतिविधियों पर रोक लगाने और प्राथमिक विद्यालयों, इंटर और डिग्री कॉलेजों के समय में बदलाव करने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी गंगवार ने फसल काटने के बाद अवशेषों को जमीन में गड्ढा करके उसमें दबाने को कहा है। साथ ही वृक्षों की सूखी पत्तियों, टहनियों एवं सूखे कचरे को भी एक स्थान पर एकत्र करके उसे जलाने के स्थान पर मिट्टी में दबाने के निर्देश दिए हैं ताकि अवशेषों के कारण होने वाली अग्निकांड की घटनाओं को कम किया जा सके।

उन्होंने पार्कों, पर्यटन स्थलों, बस स्टैंडों, रेलवे स्टेशनों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से छाया, पेयजल और निःशुल्क प्याऊ की समुचित व्यवस्था कराने को कहा। पार्कों और सार्वजनिक स्थानों पर लू से बचाव के लिए सुरक्षा संबंधी पोस्टर चस्पा किए जाएं। प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में ओआरएस एवं अन्य औषधियों की पर्याप्त व्यवस्था रखें। चिकित्सकों को लू से पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल इलाज देने के लिए प्रशिक्षण दिया जाए। जिलाधिकारी गंगवार ने दिहाड़ी मजदूरों और मनरेगा के तहत काम करने वाले और अन्य मजदूरों/श्रमिकों से दोपहर के समय काम न कराने को कहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में एसडीएम की ओर से लेखपाल, कानूनगो, ग्राम प्रधान के माध्यम से और नगरीय क्षेत्रों में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर से स्कूल-कालेजों में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से हीटवेव से बचाव एवं सुरक्षा के संबंध में जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम किए जाएं। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग, नागरिक सुरक्षा और रेड क्रॉस सोसायटी का भी सहयोग लिया जाए। प्राणि उद्यान में जीव-जन्तुओं एवं अन्य पशुधन को लू से बचाने के लिए छाया, पेयजल और चारे की उचित व्यवस्था की जाए।

# राजनीतिक दलों के घोषणा पत्र पर उठ रहे सवाल

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

- उपभोक्ता परिषद ने लगाया आरोप, दलों के पास नही कोई दूरगामी विजन
- 51 प्रतिशत से ज्यादा निजी घरानों का है बिजली उत्पादन पर कब्जा

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने राष्ट्रीय पार्टियों और छोटे दलों से बिजली उपभोक्ताओं की कुछ मांगो को अपने घोषणा पत्र में शामिल करने की मांग उठाते हुए प्रस्ताव भी भेजा था। लेकिन पार्टियों की ओर से जारी घोषणा पत्र मे इन मांगों को शामिल ना करने से नाराज उपभोक्ता परिषद ने मंगलवार को आरोप लगाते हुए कहा कि बिजली जैसी सेवाओं पर सभी राजनीतिक पार्टियों के पास कोई विजन नही है। आज के परिपेक्ष्य में भारत मे बिजली उत्पादन के क्षेत्र में 51 प्रतिशत से ज्यादा निजी घरानों का कब्जा हो गया है। जिसके बाद लगातार बिजली की दरों मे रोज बढ़ोत्तरी की जा रही है।

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष और राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बताया कि नई दिल्ली में पोस्ट बार डेवलपमेंट ऑफ इलेक्ट्रिक पावर इन इंडिया के तहत रिकंस्ट्रक्शन पॉलिसी कमेटी की बैठक हुई थी। इसमें बाबा साहब ने बिजली सस्ती देने के साथ बिजली और रेलवे के निजीकरण को गलत बताया था। अध्यक्ष ने कहा कि आज राजनीतिक पार्टियां बाबा साहब के विचारों को आगे बढ़ाने की बात तो करती हैं किंतु किसी भी दल ने निजीकरण ना करने की बात अपने घोषणा पत्र में शामिल नहीं की है। यह चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा कि करोना काल में जब देश मे संकट था तब निजी घरानों ने टीवी चैनल, केबल आपरेटर, दूरसंचार सेवाओं और स्वास्थ्य सेवाओं में अवसर तलाश कर बिलों का भुगतान ना करने वालों की सेवाएं बंद कर दी थी। जबकि सार्वजनिक क्षेत्र में शामिल बिजली क्षेत्र के लोगों ने जनता की भरपूर सेवा की। आज सभी राजनीतिक पार्टियों ने किसानों को चौबीसों घंटे फ्री बिजली योजना को अपने घोषणा में शामिल ना करने और प्राइवेट कंपनी के साथ सार्वजनिक क्षेत्रों की सीएजी कराने को अनिवार्य नहीं किये जाने को शामिल किया है। ये बात लोगों को सोचने पर मजबूर कर रही है।

# रवानगी स्थल और ईवीएम जमा करने वाले स्थानों की होगी वीडियोग्राफी

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने 127 मास्टर ट्रेनर्स को दिया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ





मास्टर ट्रेनर्स को ईवीएम के बारे में जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार। अमृत विचार

अमृत विचार: पोलिंग पार्टियां रवानगी स्थल और ईवीएम जमा करने वाले स्थानों की ड्रोन से वीडियोग्राफी कराकर फिल्म बनाई जाएगी। फिल्म के माध्यम से पीठासीन अधिकारियों और मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में 127 मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया। मास्टर ट्रेनर्स की हैंडस ऑन ट्रेनिंग भी कराई गई। मास्टर ट्रेनर्स को निर्देश दिए गए कि मॉकपोल और डाटा क्लियर के बारे में कर्मियों को प्रशिक्षत किया जाए ताकि मतदान के दौरान मॉकपोल और डाटा क्लियर की परेशानी न हो। उक्त के साथ ही पोलिंग पार्टी रवानगी के रोडमैप पर चर्चा की गई। रिजर्व पोलिंग पार्टियों को एक ही टेंट के नीचे अलग-अलग वर्गों के अनुसार वर्गीकृत करके रखा जाए। जिससे रिजर्व मतदान कार्मिकों का चुनाव कराने में परेशानी न हो।

ईवीएम के रखरखाव सहित पूरी क्रियात्मक प्रणाली को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन और डमी ईवीएम के माध्यम से समस्त मास्टर ट्रेनरों को सिखाया गया। इस दौरान सीडीओ अजय जैन, एडीएम भू अ द्वितीय उमेश चंद्र उपाध्याय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. शुभी सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अभय किशोर आदि मौजूद रहे।

## छोहरिया माता मंदिर प्रांगण बनेगा 80 जोड़ों के विवाह का साक्षी

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट क्षेत्र अंतर्गत स्थित छोहरिया माता मंदिर प्रांगण में भागवत कथा के उपरांत मंदिर और ट्रस्ट के अध्यक्ष लल्ला बाबा के अनुसार जैसा कि प्रतिवर्ष चैत्र नवरात्र के दसमीं वाले दिन निर्धन गरीब परिवारों की कन्याओं का विवाह होता है, उसी क्रम में 80 कन्याओं का सामूहिक विवाह मंदिर प्रांगण में वैदिक रीति रिवाज के अनुसार जयमाल तथा हवन पूजन के साथ विधि विधान से संपन्न किया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट की तरफ से तथा जन सहयोग से विवाह करने वाले जोड़ों को यथासंभव उपहार स्वरूप आशीर्वाद मंदिर की तरफ से मिलता है। जिसमें बक्सा साइकिल गैस चूल्हा चटाई प्रेस पंखा कुकर इत्यादि सामान विवाह के बंधन में बनने वाले परिवारों को दिए जाते हैं। मंदिर एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष लल्ला बाबा ने बताया की सन 2000 से लगातार 24 वर्ष हो गए हैं निर्धन गरीब परिवारों की कन्याओं के सामूहिक विवाह का आयोजन चैत्र के नवरात्र में माता रानी के आशीर्वाद से जन सहयोग से छोहरिया माता मंदिर प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है। मंदिर प्रांगण में विवाह के 1 दिन पहले ही से विशाल भंडारे का आयोजन होता है जिसमें श्रद्धालुओं की इतनी भीड़ होती है जो गिनना मुश्किल है फिर भी लगभग दोनों दिन के भंडारे को मिलाकर 50,000 से ज्यादा लोग मंदिर प्रांगण में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हैं जो कि अपने आप में मिसाल है।

## पुलिस को धक्का देकर वारंटी दंपति भागे

अमृत विचार, लखनऊ: आमलबाग कोतवाली अंतर्गत पुराना सरदारी खेड़ा में पुलिस को धक्का देकर वारंटी दंपती भाग गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस सरदारी खेड़ा में फरार वारंटी उरेब खान व उसकी पत्नी शबाना खान उर्फ तानिया को पकड़ने गई थी। आरोपी दंपति पुलिस टीम से धक्का मुक्की कर भाग निकाला। दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

# सपा लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव समेत अन्य भाजपा में शामिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव इमरान खान समेत अन्य ने मंगलवार को भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने सभी को भाजपा की सदस्यता दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाया जाएगा। सदस्यता ग्रहण करने वालों समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव इमरान खान, शिवम पांडेय, सदफ अली, अभिषेक अग्निहोत्री, अखिल बाजपेई, राहुल कनौजिया, शांतनु चौरसिया, स्वदेश त्रिवेदी, अमन, सुफियान, राजेश कुशवाहा, तारीख, महेंद्र कुमार,टीपू सुल्तान, वीरेंद्र आदि शामिल हैं।

## रैली और नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

अमृत विचार, लखनऊ : जिले में मंगलवार को मतदाता जागरुकता कार्यक्रम हुआ। बीकेटी, चिनहट और काकोरी ब्लॉक के आठ गांवों में जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर के नेतृत्व में कर्मियों ने ग्रामीण मतदाताओं को मतदान की जानकारी दी। मतदान के अधिकार बताए और प्रेरित किया। गांव-गांव रैली और स्लोगन से संदेश दिया। जिन ग्रामीणों के मतदाता सूची में नाम नहीं उन्हें दर्ज कराने की जानकारी दी। युवाओं को भी प्रेरित किया।

## सार-संक्षेप



मंदिर में पूजन करते मंत्री स्वतंत्र देव व पत्नी। अमृत विचार

### परिवार संग मंत्री स्वतंत्र देव ने किए चंद्रिका देवी के दर्शन

अमृत विचार,बख्शी का तालाब : नवरात्र की दुर्गाष्टमी पर मंगलवार को प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने परिवार के साथ कठवारा स्थित चंद्रिका देवी मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर में दर्शन और हवन, पूजन किया। वहीं निगोहां क्षेत्र के मंदिरों में नवरात्र की अष्टमी को हवन-पूजन के बाद कन्याओं को भोजन कराया गया। दुर्गा मंदिर में मां का श्रृंगार किया गया। एसएन मांटेसरी स्कूल में हवन पूजन और कन्याभोज हुआ। स्कूल प्रबंधक आरपी सिंह ने बच्चों को नवरात्र के बारे में बताया। शिक्षिका रेनू शर्मा, अकांक्षा, रुक्सार मौजूद रहीं।

### सम्राट अशोक का जन्मोत्सव मनाया

अमृत विचार,काकोरी : पहिया आजमपुर गांव में मंगलवार को सम्राट अशोक महान की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सूचना आयुक्त ज्ञान प्रकाश मौर्या और विशिष्ठ अतिथि हाईकोर्ट के एडवोकेट पहलाद मौर्य और लोक गायिका संजू सिंह रहीं। सेंट्रल बार एसोसिएशन लखनऊ अध्यक्ष अरविंद कुशवाहा, डॉ आशीष मौर्य, आरडीएमएल के प्रबंधक सर्वेश मौर्य मौजूद रहे।

### भाजपा में शामिल हुए 70 लोग

अमृत विचार,काकोरी : फतेहगंज स्थित अतुल्या ग्रुप के डायरेक्टर अतुल करण यादव से मिलकर 70 लोग सपा, बसपा छोड़करभाजपा में शामिल हुए। इसमें सोहेल खान, रशीद खान, प्रतीक्षा रावत, अजय पाल, साक्षी, शिवकुमार यादव, गौरव साहू, प्रतीक सिंह चौहान, मनीष यादव, श्वेता श्रीवास्तव, आकाश सैनी, सगीर खान, गोविंदा गौतम, अखिलेश यादव, कलीम खान, सावित्री रावत, श्री राम रावत, डॉक्टर एच एल राज, मोहम्मद परवेज, संजय अवस्थी, मिथिलेश पांडे, पंकज शुक्ला, आशीष गुप्ता, सोनी यादव, विशाल, अभिषेक , रामकुमार आदि शामिल हैं।

### अष्टमी पर आयोजित भण्डारे में उमड़ी भक्तों की भीड़

अमृत विचार, लखनऊ : नवरात्र की अष्टमी पर माँ दुर्गे का विशाल भण्डारे का आयोजन गोमती नगर स्थित विभूति खण्ड मार्केट में पुलिस चौकी के पास सम्पन्न हुआ। माँ दुर्गा की वंदना, भगवान श्री राम के गुणगान, पूजन-हवन व आरती से भण्डारे का विधिवत् शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मुकुल सिंघल एवं अपर जिला जज संदीप तिवारी ने प्रसाद वितरण कर शुरूआत की। प. हरि ओम शर्मा ने सभी आगन्तुकों को माँ की चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। भण्डारे में उमड़ी भक्तजनों की भारी भीड़ ने आध्यात्मिक उल्लास का अभूतपूर्व वातावरण सृजित किया।

### पुलिस कमिश्नरेट से मिली अनुमति

अमृत विचार, लखनऊ : पुलिस कमिश्नरेट ने श्री राम की आठ यात्राओं को अनुमित दी है। उनमें सबसे विशाल यात्रा गोसाईंगंज के अमेठी कस्बा में रामबाग रामलीला मैदान से निकलेगी। यात्रा संजयनगर से मुंशीगंज से बंगला वार्ड पक्की रोड होकर रामबाग में समाप्त होगी। यात्रा में 2500 लोग शामिल होंगे। इसके अलावा गोसाईंगंज मां चतुर्भुजी मंदिर से यात्रा सीएचसी होकर वापस मंदिर पर समाप्त होगी। उधर, एक अन्य यात्रा अलीगंज कपूरथला चौराहे से हजरतगंज में समाप्त होगी।

### रजिस्ट्री दफ्तर मामले में विशेष टीम गठित करने की मांग

अमृत विचार,लखनऊ : जमीनों पर कब्जा रहे जालसाजों ने कुछ अलग तरीके से रजिस्ट्री दफ्तर के अंदर फर्जीवाड़ा किया। कर्मचारियों की मिलीभगत से गिरोह ने फर्जी रजिस्ट्रियां कर डाली। इसके लिये जिल्द बुक से छेड़छाड़ की गई। रजिस्ट्री बदलने में कर्मचारियों की मदद ली गई। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल की जांच में इस गिरोह के कई फर्जीवाड़ों का खुलासा हुआ है। जांच अभी चल रही है और दावा किया जा रहा है कि कई बड़े खुलासे अभी आगे होंगे। जेसीपी ने शासन से कहा है कि इस मामले में विशेष टीम गठित की जाये। पुलिस का कहना है कि तीन मामले पकड़ में आ गये हैं। रजिस्ट्री दफ्तर की जांच में कई और मामले निकलेंगे।

# फोटो वायरल करने की धमकी दे वसूले रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मड़ियांव पुलिस ने प्रेमी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर शुरू की जांच

अमृत विचार : मड़ियांव कोतवाली में एक युवती ने प्रेमी के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। युवती का आरोप है कि प्रेमी शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा। शादी का दबाव डालने पर प्रेमी ने उसकी आपत्तिजनक फोटोग्राफ को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर 60 हजार रूपये वसूल कर लिए। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्र ने बताया कि क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने मल्हीपुर पहाड़पुर निवासी अर्जुन यादव पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। लिखित शिकायत में पीड़िता ने बताया कि दो वर्ष पूर्व अर्जुन से उसकी मुलाकात हुई थी। इसके बाद आरोपी शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण करने लगा। इस बीच पीड़िता को भनक लगी कि प्रेमी का रिश्ता दूसरी जगह तय हो गया है। इस पर उसने प्रेमी से शादी करने का दबाव डाला तब आरोपी उससे शादी करने से इंकार कर दिया। विरोध करने पर प्रेमी उसकी आपत्तिजनक फोटोग्राफ को सोशल मीडिया पर वायरल करने धमकी देने लगा। फोटोग्राफ को डिलीट करने के एवज मे प्रेमी ने कई मदों में उससे 60 हजार रुपये वसूल कर लिए।

### धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार,लखनऊ : आशियाना के रश्मिखंड निवासी कैलाश दीक्षित क्विक रिसर्च फर्म चलाते हैं। वर्ष 2019 में नगर निगम ने नई दिल्ली की जियोइंफोटिस को जीआईएस का काम सौंपा था। नीरज सिंह राणा और गौरव सखूजा कंपनी चलाते हैं। कंपनी ने कैलाश की कंपनी से लखनऊ, प्रयागराज और गाजियाबाद में सर्वे कराया। 32 रुपये प्रति सर्वे के हिसाब से फर्म ने साढ़े चार लाख सर्वे किए। काम के बाद 89 लाख रुपये ही दिए गए, सवा करोड़ नहीं दिए गए।कर्मचारी विनोद, विकास और रमन ने भी पैसा देने में टालमटोल किया। हजरतगंज कोतवाली में सुनवाई न होने पर कैलाश ने न्यायालय में अर्जी दायर की। कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## काष्ठ आधारित उद्योगों से व्यापारियों को मिली राहत

अमृत विचार, लखनऊ: काष्ठ आधारित उद्योगों से व्यापारियों के उत्थान के लिए लगातार सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि प्रदेश में वर्षों से बंद चली आ रही इकाइयों को पुनः चालू करने का अवसर मिला है। यह बातें उत्तर प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी ने कही। वह मंगलवार को संगठन के सातवें स्थापना दिवस कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि काष्ठ आधारित उद्योगों के लाइसेंस से हजारों व्यापारियों को लाभ होगा और लोगो को रोजगार का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में टिम्बर व्यापारियों की आरा मशीन, प्लाईवुड और विनियर मशीन बंद करवा दी गई थी। तब संगठन ने लखनऊ से लेकर दिल्ली जंतर मंतर तक प्रदर्शन किया। इसके बाद सरकार ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के माध्यम से व्यापारियों को राहत दी। सभी का एमओयू साइन करने के लिए कहा और इसके माध्यम से कई वर्षों से बंद चली आ रही प्रक्रिया पुनः शुरू हो सकी।

# गला दबाकर की गई थी मजदूर की हत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की हुई पुष्टि, जांच जारी
- कोल्ड स्टोरेज के पीछे मिट्टी में दबा मिला था शव

अमृत विचार : चिनहट थाना अंतर्गत कोल्ड स्टोरेज के पीछे मिट्टी में दबा मिले मजदूर प्रेम कुमार उर्फ रामनरेश (30) की गला घोंटकर हत्या की गई थी। देर शाम आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इस बात पुष्टि हुई है। इसके आधार पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के साथ मजदूर के मोबाइल की सीडीआर रिपोर्ट खंगालनी शुरू कर दी है। फिलहाल, इस हत्याकांड को लेकर पुलिस कई पहलुओं पर जांच कर रही है।

गौरतलब है कि 14 अप्रैल को चिनहट के कोल्ड स्टोरेज के पीछे खाली पड़े प्लाट में बलरामपुर जनपद के तुलसी गांव निवासी मजदूर प्रेम कुमार उर्फ रामनरेश का शव मिट्टी में दबा मिला था। एसीपी विभूतिखंड अनिंद्य विक्रम सिंह ने बताया कि मजदूर वहां तक कैसे पहुंचा। इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। टीम ने 200 से ज्यादा सीसी कैमरे चेक किए तो आखिरी बार मोहनलालगंज इलाके में देखने को मिला था। उसके बाद से लोकेशन नहीं ट्रेस हुई है। ऐसे में काल डिटेल का इंतजार किया जा रहा। आखिरी बार किससे बात हुई थी। उसका पता चलेगा कि मोहनलालगंज किससे मिलने गया था। वहीं डंपर चालक और मजदूरों से की गई पूछताछ में कुछ अहम सुराग नहीं मिल सका है।

# दिल्ली की फर्म के पांच लोगों पर हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नगर निगम की संपत्तियों का सर्वे करने वाली संस्था से 1.25 करोड़ की ठगी का मामला सामने आया है। हजरतगंज कोतवाली में कंपनी के मैनेजर समेत पांच पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

आशियाना रश्मिखंड में संचालित क्विक रिसर्च एवं सेल्स प्रमोशन फर्म के संचालक कैलाश कुमार दीक्षित ने तहरीर दी। वर्ष 2019 में नगर निगम की संपत्तियों का सर्वे कराने का काम दिल्ली की फर्म को मिला था। फर्म के अधिकारियों ने सर्वे कराने उनसे संपर्क किया। बात तय होने पर संस्था ने लखनऊ की 4.95 लाख, गाजियाबाद की 44275 और इलाहाबाद की 12 हजार संपत्तियों का सर्वे किया। इसके लिये अनुबंध में प्रति सर्वे 32 रुपये का भुगतान देना तय हुआ था। कैलाश का आरोप है कि जून 2023 तक सिर्फ 89 लाख रुपये दिये गये। जबकि 1.25 करोड़ बाकी हैं। आरोप है कि कंपनी के नीरज सिंह राणा, गौरव सखूजा, विनोद शर्मा, विकास सूर्यन और श्रीरमन रुपये न देकर धमकी दे रहे हैं। भुगतान न होने से उनकी आर्थिक स्थिति खराब है। पुलिस ने मामले में सुनवाई नहीं की तो उन्होंने कोर्ट की शरण ली। तब कोर्ट के आदेश पर सोमवार को हजरतगंज थाने में आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया।

## बेटे पर दुष्कर्म मामले का झांसा दे पिता से डेढ़ लाख ठगे

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर इलाके में रहने वाले पिता को साइबर अपराधी ने फोन कर उनके बेटे को दुष्कर्म में पकड़े जाने का झांसा दे डेढ़ लाख ठग लिये। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने मामला दर्ज कराया है। शमा विहार कॉलोनी निवासी विनोद कुमार के पास 27 मार्च को व्हाट्सएप कॉल आई। उधर से खुद को पलिया (लखीमपुर) से पुलिस अधिकारी बता कहा आपका बेटा अन्य लोगों के साथ एक लड़की से दुष्कर्म के मामले में पकड़ा गया है। उनका बेटा गोला गोकरननाथ में कार्य करता है। उस दिन ऑफिस कार्य से पलिया गया था। इससे वह झांसे में आ गये। उनसे बेटे की आवाज में किसी से बात भी करा दी। इससे डर कर उन्होंने डेढ़ लाख रुपये बताये खातों में ट्रांसफर कर दिये। इसी बीच उनके रिश्तेदार पहुंचे उन्होंने घर से निकल उनके बेटे से बात की तो ठगी का पता चला। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

# महिला की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बेटी की तहरीर पर पोते और सौतले पिता पर हुई कार्रवाई

अमृत विचार: हंसखेड़ा कॉलोनी में सेवानिवृत्त स्वास्थ्यकर्मी की मौत के मामले में पुलिस ने पोते जयसिंह और उसके सौतले पिता देव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। बेटी शालिनी की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई की है।

मानकनगर निवासी मीना सिंह (70) स्वास्थ्य विभाग में सुपरवाइजर पद से सेवानिवृत्त होने के बाद हंसखेड़ा कॉलोनी में बेटी शालिनी के पास रहती थीं। रविवार रात करीब 11 बजे उनका लहूलुहान शव कमरे में मिला था। पारा प्रभारी निरीक्षक बृजेश वर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर पीछे चोट लगने से मौत होने की पुष्टि हुई थी। मंगलवार को फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। घर के दो गेट पार कर तीसरे कमरे में शव मिला था। सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर गायब मिला। इससे साजिशन हत्या होना प्रतीत हो रहा है। कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है। एडीसीपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि जय को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उसका कहना है कि रविवार सुबह कूलर लेने के बाद वहां से चला गया था।

### पुलिस की जांच पूरी, अगले हफ्ते दाखिल होगी चार्जसीट

अमृत विचार, लखनऊ : महानगर इलाके में पेपरमिल रोड पर दो महिलाओं को नाबालिग द्वारा कार से रौंदने के मामले में पुलिस ने चार्जशीट तैयार कर ली है। इसमें शराब व्यवसायी के नाबालिग बेटे संग मां ज्योत्सना जायसवाल को भी शामिल किया है। एडीसीपी मध्य मनीषा सिंह ने बताया कि अगले हफ्ते कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी जाएगी। एडीसीपी के मुताबिक जांच में सामने आया कि जिस कार से नाबालिग ने दो महिलाओं को रौंदा उसे उसकी मां ज्योत्सना इस्तेमाल करतीं थी। कार के कई चालान हैं। मां का ड्राइविंग लाइसेंस भी मिला। विधिक राय में ऐसे हादसों में कार मालिक और अभिभावक दोनों आरोपी होते हैं। इस आधार पर उनको भी मामले में शामिल किया गया है। इसी आधार पर चार्ज शीट तैयार की गई है।

## एक नजर

### बंद कमरे में मिला महिला व पुरुष कांस्टेबल का शव

**प्रयागराज, अमृत विचार :** शाहगंज थाने के मिन्हाजपुर इलाके में मंगलवार को महिला कांस्टेबल और पुरुष कांस्टेबल का शव एक कमरे में संदिग्ध हालात में मिला। घटना की सूचना पर कमिश्नर प्रयागराज समेत संबंधित थाने की पुलिस पहुंची। किसी तरह कमरे को खोला गया और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मौके पर फॉरेंसिक टीम पहुंच कर जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक शाहगंज थाना के मिंजहापुर इलाके के एक मकान के कमरे में पुरुष कांस्टेबल का शव फंदे पर लटका मिला। वहीं महिला कांस्टेबल की लाश पलंग पर पड़ी मिली जिससे मौके पर हड़कंप मच गया।

### अस्थाई रूप से स्थगित रहेंगी दिल्ली पीआरएस की सेवाएं

**नई दिल्ली, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे तड़के 00.15 बजे से तड़के 01.15 बजे तक दिल्ली पीआरएस सेवाएं अस्थाई रूप से स्थगित हैं। स्थिर और गतिशील डेटाबेस संपीड़न कार्य के लिए दिल्ली पीआरएस की सभी सेवाएं अर्थात, आरक्षण, निरस्तीकरण, चार्टिंग, पूछताछ सेवा (139 तथा काउंटर सेवा), इंटरनेट बुकिंग तथा ईडीआर सेवाएं 18 अप्रैल 2024 को तड़के 00.15 बजे से तड़के 01.15 बजे तक लगभग 01.00 घंटे तक उपलब्ध नहीं रहेंगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी।

# रामलला के दर्शन को सात लाइनों में प्रवेश

**11** बजे रात तक मंदिर में भक्तों को मिलेगा प्रवेश

- तीनों प्रमुख पथों पर बिछाई गई कारपेट
- हवा और पानी का रहेगा विशेष इंतजाम, गलियां रहेंगी ब्लॉक
- **03:30** पर सुबह से ही लगेगी भक्तों की लाइन
- **04** बजे सुबह से रामलला का होगा श्रृंगार और साथ-साथ शुरू होगा दर्शन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामलला के जन्मोत्सव को लेकर अयोध्या उल्लास में डूबी हुई है। हर तरफ आस्था का ज्वार हिलोरे मार रहा है। जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अयोध्या में डेरा जमा लिया। दर्शन करने के लिए भक्त बुधवार सुबह 3:30 बजे से ही लाइन में लग सकेंगे। भक्तिपथ पर सात लाइनों के जरिए श्रद्धालुओं को रामलला के दरबार में प्रवेश मिलेगा। श्रद्धालुओं के लिए हर 50-50 मीटर पर पानी की व्यवस्था की गई है। राम मंदिर का मुख्य द्वार श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण बना हुआ है। गेट नंबर 11 को महल द्वार और जन्मभूमि पथ पर स्वागत द्वार के रूप में सजाया गया है।

जन्मभूमि पथ पर फूल व रंग बिरंगी लाइटें श्रद्धालुओं को त्रेता युग की याद दिला रहे हैं। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने मंगलवार को बताया कि गर्मी से राहत दिलाने के लिए जगह-जगह पर पंखे भी लगाए गए हैं। ध्वनि प्रसारण के माध्यम से लोगों को भगवान राम के घर आगमन का अहसास कराया जाएगा। अपने दिव्य महल में विराजमान होने के बाद रामलला का पहला जन्मोत्सव बुधवार को उल्लास के साथ मनाया जाएगा। दोपहर 12 बजते ही रामलला का दिव्य दर्शन प्राप्त होगा। भव्य आरती के दौरान 12:16 पर गर्भगृह में सूर्य की किरणें पांच मिनट के लिए रामलला के मस्तक को स्पर्श करेंगी। धर्म पथ, रामपथ और जन्मभूमि पथ पर कारपेट बिछा दी गई हैं।



रामपथ पर बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु। अमृत विचार

**दर्शन करने जा रहे हैं तो इन बातों का रखें ख्याल**

उदया चौराहे से टेढ़ी बाजार की ओर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। अयोध्या की ओर जाने वाले वाहन उदया ओवर ब्रिज से महोबरा चूड़ामणि चौराहा के रास्ते आशिफ बाग चौराहे तक आए और जाएंगे। पार्किंग गैस गोदाम के पास होगी। गोंडा की ओर से कोई वाहन दुर्गागंज माझा बैरियर से पुराने सरयू पुल के इस पार नहीं आ पाएगा। सभी वाहनों को लकड़मंडी चौराहे से लोलपुर के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा। हनुमान गुफा बैरियर से लता मंगेशकर चौक की तरफ, दीनबंधु नेत्र चिकित्सालय से छोटी छावनी की तरफ, रामघाट चौराहे से तपस्वी छावनी की तरफ, टेढ़ी बाजार (गुरु वशिष्ठ चौक) से श्रीराम अस्पताल की ओर व द्वारकाधीश मंदिर राजघाट चौराहा से अशर्फी भवन, पुरानी सब्जी मंडी, पोस्ट ऑफिस की तरफ तथा महोबारा चौराहे से टेढ़ी बाजार की तरफ सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। गुप्तार घाट बांध से होकर आने वाले वाहनों को राजघाट पार्किंग में खड़ा कराया जाएगा व राजघाट से आगे मेला क्षेत्र में वाहनों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### 11 बजे से देखिए जन्मोत्सव का लाइव प्रसारण

श्रीराम जन्मोत्सव के सजीव प्रसारण आज बुधवार को सुबह 11 बजे से किया जाएगा। इसके लिए 146 स्थानों पर एलईडी लगाई गई हैं। विशेष रूप से कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दूरदर्शन से किया जाएगा। जिसका लिंक जारी कर दिया गया है। इससे सभी सरकारी और निजी चैनल लिंक प्राप्त कर सकते हैं। उनको समय-समय पर सूचनाएं दी जाएगी। एलईडी के जरिए आम आदमी और श्रद्धालु जन्मोत्सव को देख सकेंगे। उपनिदेशक सूचना डॉ. मुरलीधर सिंह ने बताया कि सम्बंधित एजेंसी को लाइव प्रसारण के लिए चयनित स्थलों पर एलईडी डिस्प्ले बोर्ड, स्थल की साफ सफाई के साथ लगाने का निर्देश है।

### दशरथ महल व कनक भवन समेत 5000 मंदिरों में धूम

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** राम जन्मोत्सव 5000 मंदिरों में बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। उत्सव को लेकर मंदिरों में बधाइयां गूंज रही हैं। मंदिरों में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा प्रारंभ होने के साथ धार्मिक अनुष्ठान, राम कथा और रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य आकर्षण प्राचीन दशरथ महल और कनक भवन मंदिर है। दूर-दूर से आने वाले भक्त जन्मोत्सव पर बधाई गायन, उत्सव गीत में शामिल हो रहे हैं। अयोध्या के सरयू तट पर आस्था, श्रद्धा और भक्ति का सैलाब उमड़ रहा है। प्रमुख मंदिर हनुमानगढ़ी, जानकी महल, मणि रामदास छावनी, राम बल्लभा कुंज, राम हर्षण कुंज, सतगुरु सेवा सदन, लक्ष्मण किला, अशर्फी भवन सहित 5000 मंदिरों में जन्मोत्सव परंपरा के अनुसार मनाया जा रहा है। मणिरामदास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने बताया कि भगवान के जन्मोत्सव को अयोध्या के हर मठ मंदिरों में मनाया जा रहा है।

## अपहरण-हत्याकांड

### कुशाग्र मामले में अगली सुनवाई 20 को

**कानपुर।** कुशाग्र अपहरण-हत्याकांड मामले में मुख्य आरोपी ट्यूशन टीचर रचिता वत्स सहित तीनों आरोपियों पर आरोप मंगलवार को तय नहीं हो सके। मामले की अगली सुनवाई 20 अप्रैल को होगी। जबकि 16 अप्रैल को तीनों आरोपियों पर कोर्ट में आरोप तय होना था। मगर तीनों के वकील मौके पर नहीं आने से आरोपों की सुनवाई एक बार फिर टल गई। इससे पहले कोर्ट ने रचिता वत्स की जमानत याचिका 9 अप्रैल को खारिज कर दी थी। जमानत याचिका खारिज करने के लिए रायपुरवा थाना प्रभारी ने कोर्ट में एक प्रार्थना-पत्र दिया था। पुलिस का दावा था कि अगर रचिता वत्स को जमानत मिली तो वह जमानत की शर्तों को उल्लंघन और केस को प्रभावित कर सकती है। बता दें कि रायपुरवा थाना क्षेत्र के आचार्य नगर में रहने वाले कपड़ा कारोबारी मनीष कनोडिया के बेटे कुशाग्र (16) की 30 अक्तूबर 2023 को अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी। रायपुरवा पुलिस ने जांच की तो सामने आया था कि प्रभात की ट्यूशन टीचर रचिता वत्स ने अपने प्रेमी प्रभात शुक्ला और उसके दोस्त शिवा गुप्ता उर्फ आर्यन के साथ अपहरण के बाद हत्याकांड को अंजाम दिया था। पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेजा था। मौजूदा समय में तीनों आरोपी जेल में ही हैं। रायपुरवा पुलिस ने तीनों आरोपियों पर गैंगस्टर की भी कार्रवाई की है।



# एसएसबी कैंपस में जवान ने खुद को मारी गोली, मौत

संवाददाता, लखीमपुर खीरी



**अमृत विचार:** भारत नेपाल सीमा पर तिकुनिया क्षेत्र में स्थित थर्ड बटालियन एसएसबी कैंपस डांगा में एक जवान ने खुद को सरकारी रायफल से गोली मार ली, जिससे उसकी मौत हो गई है। घटना मंगलवार की देर शाम की बताई जा रही है। गोली उसके चेहरे के पास गर्दन में लगी। आनन फानन उसे सीएचसी निघासन लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस घटना की जांच कर रहीं है।

जनपद फिरोजाबाद के थाना रामगढ़ अंतर्गत न्यू रामगढ़ निवासी 33 वर्षीय संजय कुमार यादव थर्ड बटालियन एसएसबी लखीमपुर में तैनात था। बताया जाता है कि उसने मंगलवार की शाम सरकारी राइफल से खुद को गोली मार ली। गोली उसके चेहरे के पास गर्दन में लगी और गंभीर रूप से जख्मी होकर वही गिर गया। इस बीच गोली की आवाज सुनकर मौके पर अफरातफरी का माहौल हो गया। गोली की आवाज सुनकर कैम्पस के बाकी जवान तत्काल मौके की ओर दौड़ पड़े। लोगों की सहायता से गभीर रूप से घायल जवान को आनन-फानन निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया।

इस बीच सूचना पाकर तिकुनिया पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जवान ने आत्महत्या की है। आत्महत्या की वजह की जानकारी नहीं हो पाई है। वहीं पुलिस जांच की बात कह रही है।

> एसएसबी जवान ने गोली मार कर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। मामले की छानबीन की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।
>
> -प्रवीण यादव, सीओ निघासन

# सूदखोरों से तंग सराफ ने गोली मारकर दी जान

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** वजीरगंज थाना क्षेत्र के तुर्काडीहा बाजार में सराफा का कारोबार करने वाले एक व्यवसायी ने सूदखोरों से परेशान होकर अपनी जान दे दी। सर्राफा कारोबारी का शव चमदई नदी के पुल की रेलिंग से लटका पाया गया। पास ही तमंचा भी पड़ा मिला। पुलिस ने मृतक के घर से सुसाइड नोट बरामद किया है, जिसमें उसने तीन लोगों को रुपए के लिए परेशान करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के बनकटवा गांव का रहने वाला संजय सोनी (36) वजीरगंज थाना क्षेत्र के तुर्काडीहा बाबा कुटी पर सर्राफा की दुकान करता था। यहीं पर उसने अपना आवास भी बना रखा था। सोमवार की शाम को दुकान बंद करने के बाद वह अपने पैतृक गांव बनकटवा जाने के लिए घर से निकला था लेकिन वह गांव नहीं पहुंचा था। मंगलवार की सुबह उसका शव झिलाही वजीरगंज मार्ग पर स्थित चमदई नदी के पुल की रेलिंग से लटका मिला था। पास में ही एक तमंचा पड़ा हुआ था।



संजय सोनी। (फाइल फोटो)

# दुष्कर्म के अभियुक्त को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

**अमृत विचार :** नाबालिग से दुष्कर्म के अभियुक्त सफदरगंज के रसूलपुर निवासी राहुल को न्यायालय ने मंगलवार को आजीवन कारावास व 41 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। मामला वर्ष 2018 का है। दुष्कर्म का शिकार हुई नाबालिग के पिता ने पुत्री को भगाने व मारपीट के बाद दुष्कर्म करने के मामले में सफदरगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इस पर आरोपी राहुल के खिलाफ पाक्सो व एससीएसटी में मुकदमा दर्ज किया गया था। उस समय विवेचक रहे क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार यादव ने जांच पूरी कर चार्जशीट न्यायालय में प्रस्तुत की। मानीटरिंग सेल ने सबूतों, गवाहों को न्यायालय में पेश किया।

### अफीम तस्कर को एक साल की जेल, 20 हजार जुर्माना

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अफीम तस्करी के दोषी बिहार के रहने वाले जवाहर पटेल को न्यायालय ने एक साल की जेल व 20 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामले में तस्कर के खिलाफ जैदपुर थाना निरीक्षक प्रमोद कुमार वर्मा ने दो किलो 86 ग्राम अफीम बरामद की और एनडीपीएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। उस समय विवेचक रहे उपनिरीक्षक ने विवेचना के दौरान सभी पहलुओं की जांच के बाद सबूतों को न्यायालय के सामने रखा। इस तरह के आपराधिक मामलों की पैरवी कर जल्द से जल्द अपराधियों को सजा दिलाने के लिए पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह द्वारा बनाये गए मानीटरिंग सेल ने साक्ष्यों, सबूतों और गवाहों को न्यायालय में पेश किया।

# डायरिया से 4 भाई-बहन बीमार, एक की गई जान

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** डायरिया के चलते एक ही परिवार के चार भाई बहन गंभीर रूप से बीमार हो गये। परिजन चारों को आनन फानन मे सीएचसी भदैंया ले गये। जहां इलाज के दौरान एक बच्ची की मौत हो गयी तथा तीन की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कालेज रेफर किया गया है।

भदैंया अंतर्गत नरायनपुर गांव में दोपहर बाद करीब ढाई बजे राम सिंगार पाल के घर के चार बच्चे हिमांशु पाल 17, शिवा पाल 12, शुभी पाल 10 तथा अभी पाल 7 की तबियत बिगड़ गयी। चारों बहन-भाइयों को एक साथ उल्टी व दस्त होने लगी। चारों बच्चो को सीएचसी भदैंया मे भर्ती कराया गया। जहां इमरजेंसी में मौजूद प्रभारी चिकित्सक डा. राकेश सिब्बल ने उनका इलाज शुरू किया। इसी बीच सबसे छोटी बच्ची अभी पाल 7 की मौत हो गयी। अन्य बच्चों को मेडिकल कालेज रेफर किया गया।

# कवच प्रणाली को सराहा, जनहित याचिका खारिज

**नई दिल्ली, अमृत विचार:** उत्तर रेलवे सर्वोच्च न्यायालय ने 15 अप्रैल को स्वदेशी टक्कर-रोधी प्रणाली कवच के कार्यान्वयन सहित ट्रेन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे द्वारा उठाए गए कदमों को दर्ज किया और मंत्रालय द्वारा किए गए उपायों की सराहना की।

रेल दुर्घटनाओं को कम करने के लिए भारतीय रेलवे द्वारा किए गए उपायों के बारे में सुप्रीम कोर्ट की हालिया सराहना रेलवे सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम को रेखांकित करती है। यह सराहना जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस केवी विश्वनाथन की अध्यक्षता में सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल आर॰ वेंकटरमणी द्वारा स्थिति-रिपोर्ट की गहन समीक्षा के बाद की गई है ।

सुनवाई के दौरान, पीठ ने याचिका का निपटारा करते हुए कहा, "हम भारतीय रेलवे द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना करते हैं। उन्होने कहा कि हम इस बात से संतुष्ट हैं कि जनहित में इन कार्यवाहियों की शुरुआत को भारत सरकार और भारतीय रेल द्वारा पर्याप्त रूप से ध्यान दिया गया है।"

यह सुनवाई बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस और शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस, जो लगभग 2,500 यात्रियों को ले जा रही थी, और पिछले साल जून में ओडिशा के बालासोर जिले में बहनागा के पास बाजार स्टेशन पर एक मालगाड़ी की दुर्घटना के कुछ दिनों बाद दायर एक याचिका पर आधारित थी। फरवरी में सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र से कवच प्रणाली समेत रेल सुरक्षा उपायों पर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। कवच प्रणाली को 2002 में अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) द्वारा तीन भारतीय वेंडरों के सहयोग से विकसित किया गया। न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन ने उन समाचार रिपोर्टों के बारे में सरकार से पूछताछ की थी कि कवच को "कुछ क्षेत्रों में आंशिक रूप से लागू किया गया था "। इस पर श्री वेंकटरमणी ने कहा कि इसमें "बड़ी तकनीकी चुनौतियाँ शामिल थीं", और उन्होने स्थिति-रिपोर्ट में इसे विस्तृत रूप से शामिल करने का वादा किया। इसके अलावा, 23 मार्च, 2022 को स्वदेशी स्वचालित रेल सुरक्षा प्रणाली (एटीपी) जिसे कवच कहा जाता है।



कवच प्रणाली की हुई सराहना।


## वर्ग पहेली-42

**बाएं से दाएं**

1. युवा (स्त्री और पुरुष का) वर्ग
3. वृत्त अथवा गोलाई खींचने का एक उपकरण।
6. ठाकुर होने का भाव, ठकुरायत 2. राज्य या उससे संबंध रखने वाला अधिकार या समृद्धि, प्रभुता, स्वामित्व 3. बड़ों के प्रति होने वाली श्रद्धा या प्रीति 4. शासनाधीन प्रदेश।
8. दे. ख़रीददारी।
9. 1. हज़ार सिपाहियों का सरदार 2. मुगल शासन में सरदारों को दिया जाने वाला एक ओहदा।

**ऊपर से नीचे**

2. ऐसे शब्द जिनके अंत में 'इ' हो
4. 1. जो धृष्टता करता हो, बेअदब 2. बड़े-बुज़ुर्गों का आदर न करने वाला 3. संकोच न करने वाला, निर्लज्ज 4. अशिष्ट, अक्खड़ 5. साहसी, निडर, निर्भय 6. हठीला, दुराग्रही 7. स्वेच्छाचारी।
5. 1. दुनियादार होने का भाव या गुण 2. व्यवहार-कुशलता, लोकचातुरी 3. सांसारिक प्रपंच, लोकाचार, लोकव्यवहार, संसार का जंजाल 4. घर-गृहस्थी का कामकाज, घर-परिवार का प्रपंच, गृहस्थी का झंझट या बखेड़ा 5. लोगों को दिखाने के लिए किया गया आचरण।
7. 1. भेदी 2. गुप्तचर 3. रहस्य जानने वाला।



### वर्ग पहेली -41 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 जु | लू | स | ■ | ■ | ■ | 2 ठु |
| साँ | ■ | ■ | 3 अ | पी | ड़ | न |
| दा | ■ | ■ | नु | ■ | ■ | ठु |
| ■ | 4 अ | धि | दे | य | ■ | न |
| 5 गा | व | ■ | श | ■ | ■ | ■ |
| ■ | भा | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 6 स | दा | च | र | ण | ■ |

## सुडोकू -121

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | | | | 5 | | | 9 |
| | | 7 | | 4 | | | 8 | |
| 2 | | | | | 6 | | | |
| | | 5 | | | 8 | | | 1 |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| 4 | | | 9 | | | 5 | | |
| | | | 2 | | | 6 | | 3 |
| | 4 | | | 5 | | | | |
| 9 | | | 3 | | | | 4 | 7 |

### सुडोकू -120 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 1 | 9 | 4 | 2 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |
| 2 | 1 | 9 | 5 | 7 | 4 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 5 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 3 | 5 | 9 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 |
| 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 4 |
| 9 | 5 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 8 | 7 | 2 | 5 |
| 8 | 2 | 1 | 7 | 5 | 3 | 4 | 9 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 अप्रैल बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 15.14 तक तत्पश्चात दशमी।

**मेष** – आज विद्यार्थी पढ़ाई में लापरवाही कर सकते हैं। व्यर्थ के खर्चों पर रोक लगाएं। आज जीवनसाथी से परामर्श कर काम करना लाभकारी होगा। महंगी वस्तुओं की खरीदी कर सकते हैं। प्रेम संबंधों में तनाव बढ़ने की आशंका है।

**वृष** – आज व्यवसाय में आपको पुराने अनुभवों का लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त समय दे सकते हैं। आज आप अपनी कार्यक्षमता को अच्छी तरह से परख भी सकते हैं। उच्च पदस्थ लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा।

**मिथुन** – आज ससुराल पक्ष से संबंध मधुर रहेंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आय-व्यय में उत्तम सन्तुलन बना रहेगा। मन की किसी दुविधा का निराकरण होगा। परोपकार के कार्यों में रुचि लेंगे। सरकारी जॉब कर रहे लोगों की आय बढ़ेगी।

**कर्क** – आज नव उद्यमियों को शासन से सहयोग प्राप्त हो सकता है। भावुक होकर निर्णय करने से नुकसान होने की आशंका है। छोटे भाई-बहन को लेकर आप चिन्तित हो सकते हैं। किसी पर ज्यादा निर्भर होना ठीक नहीं है।

**सिंह** – आज नजदीकी लोगों से गलतफहमी उभरेगी। कार्यक्षेत्र में बाधाएं आने की आशंका है। अधूरे कार्यों के कारण तनाव हो सकता है। आपका मन काफी अशान्त हो सकता है। दूसरों के कार्यक्षेत्र में आपको प्रभाव डालने से बचना चाहिए।

**कन्या** – आज कार्यक्षेत्र की बाधाओं का निवारण होगा। अति आत्मविश्वास से बचने का प्रयास करें। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। वैवाहिक जीवन काफी सुखद रहेगा।

**तुला** – आज आप पुराने विवादों को सुलझा सकते हैं। अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की भावनाओं का ध्यान रखें। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करें। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। अपने कार्यों को दूसरों के साथ शेयर न करें।

**वृश्चिक** – आज बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपने करियर को लेकर थोड़ी असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो सकती है। अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिये मेहनत करेंगे। बच्चों के व्यवहार पर नजर बनाए रखें।


**धनु** – आज कार्यक्षेत्र का तनाव आपकी मानसिक स्थिति को प्रभावित कर सकता है। परिवार में लोगों को नाराज न करें। अपने मत को किसी पर भी न थोपें। वरना आपके भावों को समझने के बजाय उल्टा अर्थ समझ सकते हैं।

**मकर** – आज व्यावसायिक यात्रा करनी पड़ सकती है। आपकी कार्यक्षमता पर सकारात्मक असर पड़ेगा। विरोधी आपसे आकर्षित रहेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गौरवान्वित रहेंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च पद मिल सकता है। आज काफी धार्मिक विचारों से प्रभावित हो सकते हैं।

**कुंभ** – आज आलस्य से आपको बचना चाहिए। परिवार में कलह हो सकती है। महिलाएं थोड़ी भावुक रहेंगी। राजनीति से जुड़े लोगों को सावधानी रखनी चाहिए। कानूनी मामले उलझ सकते हैं। किडनी के रोगियों को समस्या हो सकती है।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में शानदार सफलता मिल सकती है। आईटी और सॉफ्टवेयर क्षेत्र से जुड़े लोगों को जॉब के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। आपका मन काफी शान्त रहेगा। मनोरंजन पर धन खर्च करेंगे। छोटी बातों का बतंगड़ बनाने से बचें।

## आज का पंचांग




**व्रत/त्योहार**– राम नवमी
**दिशाशूल**–उत्तर। **ऋतु**–वसंत।
चन्द्रबल–वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल–अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–अश्लेषा पूर्णरात्रि तक।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
- शक्तिमान – दोपहर : 01.54
- चालबाज – शाम : 05.21

**&pictures**
- 2.0 – सुबह : 10.32
- शेरदिल : द पीलीभीत सागा – रात : 08.00

**SONY PIX**
- कैप्टेन फिलिप्स – सुबह : 11.30
- सॉल्ट – रात : 07.48

**ZEE CINEMA**
- त्रिदेव – सुबह : 11.30
- दिल का क्या कसूर – शाम : 06.00

**colors CINEPLEX**
- जुर्माना – सुबह : 11.48
- भागम भाग – रात : 08.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दोस्त– तेरी बीवी ने तुझे घर से क्यों निकाला?
चिंटू– तेरे ही कहने पर उसे चेन गिफ्ट की थी, इसलिए निकाला...
दोस्त– चेन चांदी की थी क्या?
चिंटू– नहीं साइकिल की..
दोस्त फिर तो तेरी बीवी ने बिल्कुल ठीक किया

चिंटू को मच्छर ने काटा तो वो उसे मारने के लिए रातभर कमरे में दौड़ता रहा।
सुबह हो गई मगर मच्छर नहीं मरा।
चिंटू बोला : चलो मार नहीं पाया तो क्या हुआ,
रातभर मैंने इसे सोने भी तो नहीं दिया।

### बिजनौर की जनसभा में बसपा सुप्रीमो मायावती ने किया भाजपा और सपा-कांग्रेस पर प्रहार

# भाजपा ने जांच एजेंसियों का किया राजनीतिकरण

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर



बिजनौर में मंगलवार को आयोजित जनसभा में बसपा सुप्रीमो मायावती आमजन का अभिवादन करती हुईं।

**अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि इस समय मुस्लिम और अल्पसंख्यक समाज की हालत ज्यादा खराब है। कुछ वर्षों से केंद्र और राज्यों में भाजपा की सरकारों के चलते विकास नहीं हो रहा है। धर्म की आड़ में हो रही जुल्म ज्यादती चरम सीमा पर पहुंच गई है।

हिंदुत्व की आड़ में ज्यादा शोषण हो रहा है। इनकी गलत कृषि नीतियों के चलते किसान आंदोलन कर रहे हैं। कहा कि गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था पर बुरा प्रभाव पड़ा है। छोटे और मध्यम वर्ग के व्यापारी परेशान हैं। अब केंद्र में पूर्व की सरकारों की तरह भाजपा सरकार में भी गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई और भ्रष्टाचार बढ़ा है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा को केंद्र की सत्ता में आने से रोकना है। ऐसी स्थिति में पार्टियां साम, दाम, दंड, भेद अपनाकर केंद्र की सत्ता में आना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की तरह भाजपा ने भी जांच एजेंसियों का राजनीतिकरण किया है।

मंगलवार को नुमाइश ग्राउंड में बसपा प्रमुख अपनी पार्टी के प्रत्याशी बिजेंद्र सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव में जुमलेबाजी, नाटकबाजी और गारंटी काम आने वाली नहीं है। सरकार ने गरीबों और मेहनत करने वाले लोगों के लिए अच्छे दिन के वादे किए थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा धन्ना सेठों और पूंजीपतियों को अधिक

**▸▸ धर्म की आड़ में हो रही जुल्म-ज्यादती, गलत आर्थिक नीतियों का अर्थव्यवस्था पर पड़ा बुरा प्रभाव**

मालामाल करने और उन्हें बचाने में लगी है। उन्होंने बिना नाम लिए चंद्रशेखर उर्फ रावण पर भी हमला बोला। कहा कि बसपा को कमजोर करने के लिए विरोधी पार्टियों ने कुछ बिकाऊ लोगों की पार्टी बनवाकर दलितों के वोटों को बांटने का काम किया। उनका काम चुनाव जीतना नहीं बल्कि नगीना में दलितों के वोटों को बांटकर दूसरी पार्टियों को चुनाव जिताना है। बिजनौर में जाट समाज से आपके बीच में चुनाव मैदान में प्रत्याशी उतारा है।

## प्रसाद खाने से पांच की हालत बिगड़ी

**किच्छा, अमृत विचार :** दुर्गा अष्टमी पर पंत कॉलोनी में रंजन सिंह के घर में कन्या पूजन के दौरान प्रसाद खाने से चार बच्चों सहित एक महिला की हालत बिगड़ गई।

फूड प्वाइजनिंग के शिकार बच्चे मयंक, भूमिका, लवली, रूपाली और उसकी मां प्रतिमा सिंह को नगर स्थित सरदार बल्लभभाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। तीन बच्चों की हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। कोतवाली पुलिस ने परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी ली। परिजनों ने पुलिस को बताया कि बच्चों को सूखे मेवे, गोला, मिश्री, बादाम आदि मिक्स कर प्रसाद दिया गया था। प्रसाद खाने के कुछ देर बाद ही बच्चों को उल्टियां शुरू हो गईं।

## शशांक और विश्वदीप को भाजपा ने दिया टिकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **देवरिया से रमापति राम त्रिपाठी और फिरोजाबाद से चंद्रसेन जादौन का टिकट काटा**



शशांक मणि त्रिपाठी



ठाकुर विश्वदीप सिंह

**अमृत विचार :** भाजपा ने मंगलवार को लोकसभा की दो और उप्र. की चार विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए भी उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने देवरिया से मौजूदा सांसद रमापति राम त्रिपाठी का टिकट काटकर पूर्व सांसद लेफ्टिनेंट जनरल श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी के पुत्र शशांक मणि त्रिपाठी को दिया है।

फिरोजाबाद से मौजूदा सांसद चंद्रसेन जादौन का टिकट काटकर ठाकुर विश्वदीप सिंह को प्रत्याशी बनाया है। लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट के उपचुनाव में पार्टी ने ओपी श्रीवास्तव पर दांव लगाया है। वहीं, गैंसड़ी विस. उप चुनाव के लिए से पूर्व विधायक शैलेंद्र सिंह शैलू, ददरौल से विधायक रहे मानवेंद्र सिंह की जगह उनके बेटे अरविंद सिंह को उम्मीदवार बनाया है। जबकि, दुद्धी सीट पर श्रवण गोंडगों को टिकट दिया है। उप चुनाव के लिए लखनऊ में 20 मई, ददरौल में 13 मई, गैसड़ी में 25 मई और दुद्धी में एक जून को वोटिंग होगी।

## वंदे भारत ट्रेन से आमदनी का अलग रिकॉर्ड नहीं रखता रेलवे

नयी दिल्ली, एजेंसी

- **आरटीआई के तहत मध्य प्रदेश निवासी चंद्रशेखर गौड़ की ओर से मांगी गई थी सूचना**

रेल मंत्रालय वंदे भारत रेलगाड़ियों से आमदनी का अलग रिकॉर्ड नहीं रखता है। यह जानकारी सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दायर एक आवेदन के जवाब में दी गई है।

मध्य प्रदेश निवासी चंद्रशेखर गौड़ ने यह जानना चाहा था कि रेल मंत्रालय ने पिछले दो वर्षों में वंदे भारत रेलगाड़ियों से कितना राजस्व अर्जित किया है और क्या इनके संचालन से कोई लाभ या हानि हुई है। रेल मंत्रालय ने अपने जवाब में कहा कि ट्रेन के हिसाब से राजस्व रिकॉर्ड नहीं रखा जाता। वंदे भारत देश की पहली सेमी-हाई स्पीड ट्रेन है जिसे 15 फरवरी, 2019 को नयी दिल्ली और वाराणसी के बीच हरी झंडी दिखाई गई थी। आज 102 वंदे भारत ट्रेन 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 284 जिलों से होकर 100 मार्गों पर चलती हैं। रेलवे अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि अब तक दो करोड़ से अधिक लोगों ने वंदे भारत ट्रेन से यात्रा की है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में वंदे भारत रेलगाड़ियों द्वारा तय की गई दूरी पृथ्वी के 310 चक्कर लगाने के बराबर है। गौड़ ने आश्चर्य व्यक्त किया और कहा कि रेलवे वंदे भारत ट्रेन से यात्रा करने वाले लोगों की संख्या और संबंधित रेलगाड़ियों द्वारा तय की गई दूरी का रिकॉर्ड रखता है, लेकिन राजस्व सृजन के संबंध में सबसे महत्वपूर्ण जानकारी नहीं रखता। उन्होंने कहा कि रेलवे अधिकारी एक वर्ष में वंदे भारत रेलगाड़ियों द्वारा तय की गई दूरी की गणना पृथ्वी के चारों ओर कुल चक्करों के बराबर कर सकते हैं, लेकिन उसके पास इन ट्रेन से एकत्र हुए कुल राजस्व की गणना नहीं है।

## कुमाऊं के चार होनहारों का सिविल सेवा में चयन

कार्यालय संवाददता, हल्द्वानी

- **बहुराष्ट्रीय कंपनी की नौकरी छोड़ तनुज तीसरे प्रयास में बने आईएएस**

**अमृत विचार :** संघ लोकसेवा आयोग की परीक्षा उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल के चार होनहारों ने उत्तीर्ण की है।


हल्द्वानी निवासी तनुज पाठक ने 72वीं रैंक हासिल की है। तनुज ने आईआईटी रुड़की से मेटलर्जिकल एंड मैटेरियल्स से बीटेक किया है। बहुराष्ट्रीय कंपनी की नौकरी छोड़कर तीसरे प्रयास में यूपीएससी की परीक्षा पास कर आईएएस बन गए। वहीं पूर्व डीजीपी अशोक कुमार और जीबी पंत कृषि विवि में प्रौद्योगिकी महाविद्यालय की अधिष्ठात्री डॉ. अलकनंदा अशोक की पुत्री कुहू गर्ग ने पहले प्रयास में ही यूपीएससी की परीक्षा पास कर ली है।

उन्हें 178वीं रैंक मिली है। चम्पावत जिले के टनकपुर के रोमित भट्ट ने 390वां स्थान पाया है। उनके पिता महेश भट्ट उप जिला चिकित्सालय में चीफ फार्मासिस्ट और माता माया भट्ट गृहिणी हैं। पिथौरागढ़ के धारचूला के चौदास घाटी के ग्राम सोसा निवासी संदीप सिंह ने 906वां स्थान पाया है। संदीप के पिता अरविंद सिंह कुंवर राशन की दुकान चलाते हैं।

## ग्रुप डी भर्ती प्रक्रिया : हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा- अनियमितता में कौन-कौन शामिल

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट में मंगलवार को प्रदेश के जिला सहकारी बैंकों में ग्रुप डी की भर्ती प्रक्रिया में हुई अनियमितताओं के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई हुई। मामले को सुनने के बाद मुख्य न्यायधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खण्डपीठ ने राज्य सरकार से कहा कि सेकेट्री कोऑपरेटिव इस मामले में अपना विस्तृत जवाब पेश करें। साथ ही कोर्ट ने सरकार से पूछा कि इस मामले में कौन-कौन लोग शामिल हैं, उनका शपथपत्र में उल्लेख किया जाए। इस मामले में जांच कमेटी अपनी रिपोर्ट शासन को दे चुकी है, परन्तु रिपोर्ट पर सरकार ने कोई निर्णय नहीं लिया।



- **जिला सहकारी बैंकों में भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं का मामला**

मामले के अनुसार हरिद्वार निवासी प्रियांशु त्यागी ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि 2020 में प्रदेश के सहकारी बैंकों में चतुर्थ श्रेणी के लिए 423 पदों पर विज्ञप्ति जारी हुई थी, जिसमें भर्ती प्रक्रिया के दौरान कई अनियमितताएं सामने आई। याचिकाकर्ता का कहना है कि इस भर्ती प्रक्रिया में अधिकारियों व नेताओं के रिश्तेदारों का चयन किया गया और कई अभ्यर्थियों से मोटी रकम लेकर भर्ती की गई है। इसकी शिकायत ज्वालापुर हरिद्वार से विधायक सुरेश राठौर द्वारा मुख्यमंत्री से की गई। परन्तु इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। समाचार पत्रों में अनियमितताएं की खबरें छपने के बाद मुख्य सचिव के निर्देश पर सचिव सहकारिता ने हरिद्वार में इस भर्ती प्रक्रिया को रोक दिया गया। परन्तु नैनीताल, अल्मोड़ा, देहरादून व पिथौरागढ़ में इसके बाद भी भर्तियां की गई। याचिकाकर्ता ने पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराई जाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### एक नजर

#### श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामला : सुनवाई अब 22 को

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट में श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में मंगलवार को सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं ने कहा कि शाही ईदगाह परिसर की जमीन मंदिर ट्रस्ट की है। एक गलत समझौते के कारण शाही ईदगाह को जमीन मिल गई है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं ने शाही ईदगाह परिसर की संपूर्ण जमीन को मंदिर ट्रस्ट को दिए जाने की मांग की। लगभग 3 घंटे की सुनवाई के बाद कोर्ट ने आगामी 22 अप्रैल को अगली सुनवाई सुनिश्चित की है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ के समक्ष हुई।

#### सपा प्रत्याशी रुचि वीरा समेत पांच पर एफआईआर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुगलपुरा जामा मस्जिद के पास राजकीय इंटर कॉलेज मैदान पर 14 अप्रैल को हुई जनसभा में भड़काऊ भाषण देना सपा प्रत्याशी रुचि वीरा को महंगा पड़ गया। पुलिस ने इंडी गठबंधन की उम्मीदवार रुचि वीरा और जिलाध्यक्ष जयवीर यादव समेत पांच सपाइयों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। सरकारी कार्य में बांधा डालने और भड़काऊ भाषण देकर लोगों को भड़काने का आरोप है। दरोगा अरफान की तहरीर पर मुगलपुरा थाने में मामला दर्ज किया गया है।

#### मथुरा : छह की हत्या के दोषी को उम्रकैद

मथुरा : मथुरा की जिला अदालत ने करीब एक वर्ष पहले गोवर्धन के राधाकुंड कस्बे में छह वर्ष के बच्चे को सड़क पर पटक-पटक कर मार डालने के आरोपी को दोषी करार देते हुए उसे मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 50 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। जिला शासकीय अधिवक्ता शिवराम सिंह तरकर ने बताया कि जनपद न्यायाधीश आशीष गर्ग की अदालत ने ओमप्रकाश निवासी भिंड (मध्य प्रदेश) को छह वर्षीय बच्चे अंकित की हत्या के आरोप में दोषी करार देते हुए उसे उम्रकैद व 50 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। शासकीय अधिवक्ता बताया कि मामला राधाकुंड, गोवर्धन का है, जहां 19 अगस्त 2023 को राह चलते ओमप्रकाश ने घर के बाहर खेल रहे हरपाल सैनी के छह साल के मासूम बच्चे अंकित की सरेआम सड़क पर पटक-पटक कर हत्या कर दी थी।

#### प्रियंका गांधी के साथ दिखे किशोरी भाजपा में शामिल

**रामनगर :** लोकसभा चुनाव की वोटिंग से ठीक तीन दिन पहले मालधन क्षेत्र से कांग्रेस के किशोरी लाल मंगलवार को कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। दो दिन पूर्व वह पीरुमदारा में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के साथ मंच पर बैठे थे। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव और मालधन क्षेत्र के कद्दावर नेता किशोरी लाल ने मंगलवार को कोटद्वार में भाजपा की रैली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, सीएम पुष्कर सिंह धामी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, गढ़वाल प्रत्याशी अनिल बलूनी के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

## भैंस पकड़ने वाली पुलिस अब गुंडों को पकड़ती है : अपर्णा

संवाददाता, शाहबाद (रामपुर)

**▸▸ भाजपा नेत्री ने डबल इंजन की सरकार की गिनाईं उपलब्धियां**

**अमृत विचार :** मंगलवार को रामलीला मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेत्री अपर्णा यादव ने बगैर नाम लिए पूर्व मंत्री आजम खां पर निशाना साधा। कहा कि सपा सरकार में पुलिस भैंस ढूंढती थी। अब बाबा की सरकार में गुंडों को पकड़ कर जेल भेज रही है। बाबा की सरकार में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है। डबल इंजन की सरकार में सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिला है।

मंगलवार को भाजपा नेत्री रामलीला मैदान में भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने आई थीं। उन्होंने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। कहा कि उनकी सरकार में हर वर्ग के साथ गरीबों में खुशहाली आई है।


सरकार ने गरीबों के उत्थान के लिए शौचालय, आवास योजना, आयुष्मान कार्ड आदि योजना चलाईं। किसानों के लिए सम्मान निधि और महिलाओं को उज्ज्वला योजना से लाभांवित कराया। बिना भेदभाव सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की मंशा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ रहे हैं।



अप्रैल माह में गर्मी ने धीरे-धीरे अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। मंगलवार को आगरा में ताजमहल के समीप लगातार बढ़ रही तपिश से बचने के लिए एक व्यक्ति स्नान का सहारा लेता हुआ। :एजेंसी

## एयर फाइटर दलीप सिंह का निधन

संवाददाता, रुद्रपुर





दलीप सिंह मजीठिया (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** दूसरे विश्वयुद्ध के एयर फाइटर 103 वर्षीय दलीप सिंह मजीठिया का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन की खबर पर एयरफोर्स सहित जिले के तमाम आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने तिरंगा और एयरफोर्स का चिन्ह चढ़ाकर अंतिम सलामी दी। राज्यपाल ने शोक जताते हुए अपना संदेश भी भेजा है।

एयर फाइटर दलीप सिंह सेवानिवृत्त होने के बाद प्रीतविहार कॉलोनी में बेटी और दामाद के साथ रहते थे। दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान उन्हें वर्मा मोर्चे में तैनाती मिली थी। पारिवारिक जिम्मेदारी के चलते मजीठिया ने स्वेच्छा से नौकरी छोड़ दी। हालांकि सेना के साथ उनका लंबा सफर रहा और कई जंग के मोर्चे पर बहादुरी के पदक भी जीते। 23 अप्रैल 1949 को उन्हें काठमांडू में हवाई जहाज उतारने का श्रेय भी मिला।

## धनंजय सिंह निजी अंगरक्षक की गोली मारकर हत्या

**जौनपुर :** सिकरारा क्षेत्र में मंगलवार देर शाम पूर्व सांसद धनंजय सिंह के निजी अंगरक्षक की कुछ बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी।

पुलिस के अनुसार क्षेत्र के रीठी गांव में पूर्व सांसद धनंजय सिंह के निजी अंगरक्षक बताए जाने वाले अनीस खांन (45) को मंगलवार को देर शाम लगभग सात बजे कुछ बदमाशों ने गोली मार दी। खान को गंभीर हालत में उसे जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अजय पाल शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और उन्होंने घटना के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त की।

## दरोगा बोला, कारतूस तेरे मुंह में घुसेड़ दूं, वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **पुलिस अधीक्षक ने सीओ पुवायां को जांच सौंपी**

**अमृत विचारः** पुवायां थाना क्षेत्र में दहेज हत्या के मामले में जांच करने वाले दरोगा ने मृतका के भाई से अभद्रता की। पीड़ित ने दरोगा से कारतूस का फोटो मांगा तो दरोगा ने कहा कि कारतूस तेरे मुंह में घुसेड़ दूंगा। इसका वीडियो वायरल हुआ है।

पुवायां थाना क्षेत्र के गांव डूंडा निवासी सुधीर की पत्नी लक्ष्मी देवी का शव 12 अप्रैल की रात में घर के अंदर कुंडे से उसका शव लटका हुआ मिला था। मृतका का भाई रजनीश कुमार निवासी महुआ गुंदे जिला पीलीभीत ने जीजा समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। चर्चा है कि एक्स पर डाला गया वीडियो सुधीर के घर का बनाया हुआ है। जांच के दौरान सुधीर के घर एक डिब्बे में कारतूस बरामद हुए थे। वीडियो में दिख रहा है कि रजनीश ने पुलिस से कारतूस का फोटो मांगा तो दरोगा ने मना कर दिया। रजनीश व दरोगा में नोकझोंक होने लगी। दरोगा ने गुस्से में आकर रजनीश से कहा कि कारतूस तुम्हारे मुंह में घुसेड़ दूं, क्या। इसका किसी ने वीडियो बनाकर एक्स पर डालकर दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसपी अशोक कुमार मीणा ने सीओ पुवायां को जांच दी गई है।

## अबू सलेम के मददगार परवेज को राहत नहीं

लखनऊ, विधि संवाददाता

**▸▸ सीबीआई कोर्ट ने अपील की खारिज, सजा बरकरार**

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय माफिया अबू सलेम एवं उसकी पत्नी समीरा जुमानी के लिए फर्जी पासपोर्ट बनवाने के आरोपी मोहम्मद परवेज आलम की अपील को खारिज करते हुए सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विजेश कुमार ने उसे हिरासत में लेकर सजा भुगतने के लिए जेल भेज दिया।

सीबीआई के विशेष अधिवक्ता दीप श्रीवास्तव ने अदालत को बताया कि फर्जी पासपोर्ट मामले में अबू सलेम अब्दुल कयूम अंसारी एवं उसके साथी मोहम्मद परवेज आलम को 27 सितंबर 2022 को सीबीआई की विशेष मजिस्ट्रेट द्वारा तीन साल के कठोर कारावास एवं 25 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई गई थी जिसके खिलाफ परवेश आलम ने सत्र अदालत में अपील दायर की थी। अदालत को बताया गया कि वर्ष 1993 में मुंबई बम ब्लास्ट के बाद यह बात सामने आई थी कि अबू सलेम ने अपनी पत्नी समीरा जुमानी एवं परवेज आलम तथा अन्य साथियों के साथ मिलकर एक साजिश रची है। बताया गया है कि इस साजिश के तहत कपटपूर्ण तरीके से धोखाधड़ी करके अबू सलेम अब्दुल कयूम अंसारी एवं समीरा जुमानी के सही तथ्य एवं पहचान को छुपा कर फर्जी तरीके से पासपोर्ट हासिल करके कानून से बचकर देश के बाहर भागने की नीयत से धोखाधड़ी की गई थी। अदालत को यह भी बताया गया कि पासपोर्ट के लिए दोनों आवेदन आरोपी मोहम्मद परवेज आलम के द्वारा भरकर पासपोर्ट कार्यालय में जमा किए गए जबकि वह अबू सलेम को अच्छी तरह से जानता था

अदालत को यह भी बताया गया की 15 जून 1993 को दोनों पासपोर्ट फॉर्म को लखनऊ के कार्यालय में जमा किया गया जिस पर फार्म के अपूर्ण होते हुए भी लखनऊ पासपोर्ट कार्यालय ने आगे की कार्रवाई के लिए बढ़ा दिया तथा आरोपियों ने धोखाधड़ी करते हुए 29 जून 1993 की तिथि में एसएसपी के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर सत्यापन रिपोर्ट लखनऊ पासपोर्ट कार्यालय की फाइल में लगा दिया।

## दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की कैद

**लखनऊ, विधि संवाददाता :** नाबालिग के साथ दुराचार के आरोपी तकियापुर महमूदाबाद का रहने वाले अंकित उर्फ बाराती को पाक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश विजेंद्र त्रिपाठी ने 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 5 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

अभियोजन की ओर से विशेष अधिवक्ता अभिषेक उपाध्याय ने अदालत को बताया कि इस मामले की रिपोर्ट 4 अगस्त 2020 को विभूति खंड थाने में दर्ज कराई गई थी। आरोप लगाया गया कि अभियुक्त ने पीड़िता को अकेली पाकर दुष्कर्म किया। आरोपी ने पीड़िता को धमकी दी थी कि अगर उसने घटना के बाबत घर में बताया तो वह उसे रेल की पटरी पर डालकर मार डालेगा।

**बातचीत** | किसान नेता राकेश ने टिकैत राजनीतिक पार्टियों की मंशा पर उठाया सवाल

## किसानों का राजनीतिक दलों से हो गया है मोहभंग

नयी दिल्ली, एजेंसी

किसान नेता राकेश टिकैत ने सभी राजनीतिक दलों से किसानों का मोहभंग होने का दावा करते हुए मंगलवार को कहा कि लोगों को लोकसभा चुनाव में अपने विवेक का इस्तेमाल कर सही उम्मीदवार के लिए मतदान करना चाहिए।

किसी भी राजनीतिक दल को खुला समर्थन देने से इनकार करते हुए टिकैत ने कहा कि जब आदर्श आचार संहिता लागू है तो वह अपनी पत्नी तक से नहीं कहेंगे कि किसे वोट देना है, लेकिन जो लोग उन्हें (टिकैत को) जानते हैं उन्हें पहले से पता है कि कौन सी पार्टी या उम्मीदवार किसानों के लिए अच्छा है। टिकैत ने विशेष बातचीत में यह भी दावा किया कि लोग भाजपा को वोट नहीं देंगे लेकिन पार्टी फिर भी जीत सकती है। उन्होंने चुनाव में धांधली होने का आरोप लगाया। वह, अब रद किये जा चुके तीन कृषि कानूनों के खिलाफ 2020-21 के किसान आंदोलन के एक प्रमुख नेता थे। भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के नेता ने दावा किया कि भाजपा महज एक राजनीतिक पार्टी नहीं रह गई है, यह उन बड़े उद्योगपतियों के लिए एक मोर्चा बन गई है जो किसानों की जमीन हड़पना चाहते हैं। टिकैत ने कहा कि किसानों का मोहभंग हो गया है लेकिन वे हताश नहीं हैं।



**▸▸ किसान नेता ने किसी भी दल के समर्थन से किया इनकार**

यह पूछे जाने पर कि क्या किसान और जाट समुदाय का भाजपा, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और राष्ट्रीय लोक दल सहित सभी दलों से मोहभंग हो गया है, उन्होंने कहा कि वे अपना वोट देंगे और वापस आकर प्रदर्शन में शामिल होंगे। टिकैत ने कहा कि किसान अपने विवेक से किसी को भी वोट दे सकते हैं लेकिन उन्हें आंदोलन के साथ बने रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि नोटा (उपरोक्त में से कोई नहीं) का बटन नहीं दबाया जाना चाहिए। केवल वही लोग नोटा का बटन दबाएंगे जिन्होंने उम्मीद खो दी है। यह पूछे जाने पर कि किसानों और उनके समुदाय के लिए उनकी क्या सलाह है, प्रमुख जाट नेता ने कहा कि हमने लोगों से अपने विवेक के अनुसार वोट देने को कहा है। टिकैत ने कहा कि ना तो उन्होंने और ना ही उनके संगठन ने 2014 में भाजपा का समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि उस वक्त मुख्य विपक्षी दल के तौर पर भाजपा ने किसानों से कई वादे किये थे और यह उम्मीद थी कि वे कुछ बदलाव लाएंगे। उन्होंने कहा कि जब कोई पार्टी विपक्ष में होती है वह लोगों की आवाज उठाती है। जब कांग्रेस सत्ता में थी हमने उसका विरोध किया था टिकैत ने कहा कि (भाजपा के वरिष्ठ नेता) डॉ मुरली मनोहर जोशी, राजनाथ सिंह ने कई बार हमारी सभाओं में हिस्सा लिया। यहां तक कि उन्होंने हमारे साथ मंच भी साझा किये थे।

## मंगल दलों की प्रगति में फर्जी आंकड़ेबाजी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ पोर्टल पर काल्पनिक व मनगढ़ंत दर्शाया विवरण**


**अमृत विचार :** मंगल दलों की प्रगति में आंकड़ेबाजी का खेल चल रहा है। मार्च में विभागीय पोर्टल पर जो विवरण फीड किया गया वह काल्पनिक व मनगढंत बताया गया। सीएम डैश बोर्ड से मॉनीटरिंग में यह बात सामने आने पर सुधार के निर्देश दिए गए हैं।

युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल का विभागीय पोर्टल सीएम डैशबोर्ड से लिंक है। मुख्यमंत्री कार्यालय से पिछले माह मंगल दलों की समीक्षा की गई। इसमें पोर्टल पर पंजीकृत मंगल दलों के विवरण में तमाम खामियां मिली। जिलों पर जो मंगल दल पंजीकृत हुए उसमें पदाधिकारियों की संख्या शून्य या फिर कम दर्शाई गई। ग्राम पंचायतों के हिसाब से 100 फीसद दलों का गठन भी नहीं किया गया। यहां तक की जो पदाधिकारियों और सदस्यों के मोबाइल नंबर दर्शाये गए वह गलत या फिर फर्जी बताए। इससे माना गया कि पोर्टल पर मंगल दलों का वास्तविक डाटा फीड न कर मनगढंत और काल्पनिक फीड करते हुए जिले की प्रगति बढ़ाई गई है।

## अपनी ढपली अपना राग


पांच साल में तीन करोड़ और गरीबों के मकान बनेंगे, तीन करोड़ ड्रोन दीदी बनेंगी, जो लखपति होंगी। – योगी आदित्यनाथ


जिन उद्योगपतियों ने भाजपा को चंदा दिया, उन्होंने अपने उत्पादों के दाम बढ़ाकर महंगाई बढ़ाई है। जनता इसको जान चुकी है। – अखिलेश यादव


मुफ्त राशन की गारंटी आगामी 5 वर्षों तक जारी रहेगी तथा आने वाले 5 वर्ष महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित होंगे। – भूपेंद्र चौधरी


आप कब तक कांग्रेस पर आरोप लगाते रहेंगे। पिछले 10 वर्षों से तो वे (भाजपा) सत्ता में हैं, उसने आखिर क्या किया। –प्रियंका गांधी


समाजवादी पार्टी की सदस्यता लेना गुंडागर्दी का प्रमाणपत्र है, सपा की साइकिल पंचर कीजिए और कमल खिलाईए। – केशव प्रसाद मौर्य


हम उनको (केशव मौर्य) ऐसा कर देंगे कि साइकिल का पंचर जोड़ते दिखेंगे। चर्चा में बने रहने के लिए ऐसी बयानबाजी कर रहे। – प्रो. रामगोपाल यादव

## चुनावी चक्कर

### सर्वोच्च अदालत से सीधे जनता की अदालत में प्रिया

मछलीशहर लोकसभा की सुरक्षित सीट से सपा ने सुप्रीम कोर्ट की युवा महिला अधिवक्ता प्रिया सरोज को मैदान में उतारा है। प्रिया पूर्व सांसद व वर्तमान में केराकत से विधायक तूफानी सरोज की बेटी हैं। कानून की पढ़ाई करने के बाद प्रिया ने प्रैक्टिस की शुरुआत सीधे सुप्रीमकोर्ट से की। अब लोकसभा का चुनाव लड़ने जा रही हैं। यानि वह सर्वोच्च अदालत से सीधे जनता की अदालत में किस्मत आजमाने आ गई हैं। प्रिया सरोज ने पिछले साल नवंबर में ही 25 की उम्र पूरी की। वह भाजपा के मौजूदा सांसद बीपी सरोज को चुनौती देंगी। लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर प्रिया कहती हैं कि क्षेत्र के लोगों को जानती हूं, वे मुझे भी मानते हैं। बहरहाल, मछलीशहर सीट का चुनाव सपा लगातार दो बार हार चुकी है।

### बालक को देखकर गदगद हुए योगी

पिछले दिनों रुड़की में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपना एक जबरदस्त फैन नजर आया। यह फैन एक बालक था जो उनकी ही वेशभूषा में नजर आ रहा था। योगी ने उसे मंच पर बुलाया तो उसने भी योगी का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। दोनों की इस मुलाकात का वीडियो लोग सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शेयर कर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। वीडियो में चुनावी सभा के मंच पर योगी के साथ उनका लिटिल फैन भी बिलकुल उनके अंदाज में नजर आ रहा है। योगी अपने फैन को देखकर मुस्कुराते रहे। वहीं, जब योगी मंच से अपने समर्थकों को देखकर हाथ हिला रहे थे तो हूबहू उनका यह बालक प्रशंसक भी अभिवादन करते दिखा।

# चुनावी जंग में छोटे दलों के नेताओं की कड़ी चुनौती

## स्वामी प्रसाद, पल्लवी, चन्द्रशेखर व ओवैसी की प्रतिष्ठा लगी है दांव पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ






**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के जंग में छोटे दलों के नेताओं को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रमुख स्वामी प्रसाद मौर्य, अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल, आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर व एआईएमवाईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है।

सपा से नाराज होकर राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी गठित करने वाले पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कुशीनगर लोकसभा सीट से खुद को प्रत्याशी घोषित किया है। मौर्य ने इंडी गठबंधन को समर्थन देते हुए पार्टी के प्रत्याशियों के लिए सीटें मांगी थीं, पर इंडी गठबंधन ने उनकी मांग पर ध्यान नहीं दिया। इस पर मौर्य ने खुद को कुशीनगर सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। पार्टी की ओर से और भी प्रत्याशी घोषित किये जा रहे हैं। नगीना सुरक्षित सीट पर प्रत्याशी आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर को उन्होंने समर्थन की घोषणा की है। मौर्य के समक्ष अपनी सीट जीतने के साथ ही, पार्टी के अन्य प्रत्याशियों को जिताने की चुनौती है।



चुनाव में सपा के 'पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक' (पीडीए) से मुकाबला करने के लिए 'पिछड़ा, दलित, मुस्लिम' (पीडीएम) न्याय मोर्चा का गठन किया गया है। गठबंधन में शामिल एआईएमआईएम के प्रमुख ओवैसी अपनी पार्टी के सिंबल पर प्रत्याशियों को चुनाव न लड़ाकर अपना दल कमेरावादी के सिंबल पर चुनाव लड़ाने की घोषणा कर चुके हैं। करीब एक दर्जन प्रत्याशियों को अपना दल कमेरावादी के सिंबल पर चुनाव लड़ाने की तैयारी है। मोर्चा ने फिलहाल तीसरे, पांचवें व सातवें चरण में शामिल सात सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। पीडीएम ने रायबरेली से हाफिज मोहम्मद मोबीन, बरेली से सुभाष पटेल, हाथरस से डॉ. जयवीर सिंह धनगर, फिरोजाबाद से प्रेमदत्त बघेल, फतेहपुर से रामकिशन पाल, भदोही से प्रेमचंद बिन्द व चंदौली से जवाहर बिन्द को उम्मीदवार बनाया है।

### जल्द घोषित होंगे पीडीएम के प्रत्याशी

पीडीएम के तहत जल्द ही और प्रत्याशियों के घोषित होने की संभावना है। इंडी गठबंधन से अलग इन दलों व नेताओं के चुनाव मैदान में उतरने से लड़ाई रोचक बन गई है, क्योंकि सपा के पीडीए के जवाब में पीडीएम फैक्टर से प्रत्याशियों को चुनौती मिल रही है।

# डिंपल यादव के खिलाफ मायावती ने बदला प्रत्याशी घोषित किये 11 प्रत्याशी

**अमृत विचार,लखनऊ:** बसपा सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को 11 नए प्रत्याशियों की पांचवी सूची जारी कर दी है। इस प्रकार पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशियों की संख्या 56 हो गई है। साथ ही उन्होंने मैनपुरी सीट पर प्रत्याशी भी बदलकर सपा की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सपा की डिंपल यादव के खिलाफ शिव प्रसाद यादव को उतारा है।

सोशल इंजीनियरिंग के फामूले को अपनाते हुए मायावती ने बदायूं से मुस्लिम खां, बरेली से छोटेलाल गंगवार , सुल्तानपुर से उदराज वर्मा, फर्रूखाबाद से क्रांति पाण्डेय, बांदा से मयंक द्विवेदी, डुमरियागंज से ख्वाजा समसुद्दीन, बलिया से लल्लन सिंह यादव, जौनपुर से धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी , गाजीपुर से उमेश कुमार सिंह और वाराणसी से अतहर जमाल लारी को प्रत्याशी बनाया है। वहीं अभी तक कई जगह पर मायावती ने प्रत्याशी नहीं घोषित किए हैं,जिससे वहां संशय की स्थिति बनी हुई है।

## सपा का जमीनी हकीकत से नहीं रहा कोई सरोकार

**लखनऊ:** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि सपा कार्यकाल में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी चरम पर थी। सपा कार्यकाल में युवा पलायन को मजबूर हो गए थे, लिहाजा प्रदेश के युवा पहले ही सपा को नकार चुके हैं। सपा कार्यकाल में प्रदेश में बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत तक थी।

# बसपा नहीं खोल रही है पत्ते

## भाजपा व सपा खेमे में बढ़ी बेचैनी जनता को भी है इंतजार

विरेश शुक्ला, हरदोई

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए कल से जिले में नामांकन शुरू हो जाएंगे। भाजपा व इंडिया गठबंधन ने अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है, लेकिन अभी तक बसपा ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं, जिसे लेकर जहां भाजपा व सपा खेमे में बेचैनी बढ़ रही है, वहीं जनता भी बसपा प्रत्याशी का बेसब्री से इंतजार कर रही है। भाजपा व इंडिया गठबंधन से चुनाव लड़ रहे दोनों प्रत्याशियों को जनता कई बार सांसद बना चुकी है, लेकिन वह जनता की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे। यही वजह है कि अब तक जिले में चुनाव को लेकर पूरी तरह खामोशी छायी हुई है।

जिले में चौथे चरण में चुनाव होना है। 18 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। भाजपा ने सबसे पहले अपना प्रत्याशी घोषित किया। भाजपा से जयप्रकाश रावत चुनाव मैदान में हैं। वह वर्तमान सांसद होने के साथ-साथ पहले भी कई बार सांसद रह चुके हैं। प्रत्याशी घोषित होने से पहले ही भाजपा ने चुनाव की तैयारी पूरी करते हुए जगह-जगह बैठकें कर चुनावी माहौल बना लिया है।

वहीं सबसे पहले प्रत्याशी घोषित करने में भी भाजपा ने हाथ मार लिया। भाजपाई मोदी की दम पर चुनाव में दम भर रहे हैं, लेकिन पूर्व में कई बार सांसद रहने के बावजूद जयप्रकाश की जनता से दूरी अभी मतदाताओं को शांत कराए है। जिले में जनता के बीच न तो कोई चुनाव की चर्चा हो रही है और न हार-जीत के बारे में अभी कोई अटकल लगाई जा रही है। इसकी वजह यह है कि इंडिया गठबंधन ने ऊषा वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है। वह भी कई बार लोकसभा सांसद यहां से रह चुकी हैं। जयप्रकाश व ऊषा वर्मा की कार्यप्रणाली लगभग एक सी रही। दोनों सिर्फ चुनाव में नजर आते हैं। ऐसा जनता का कहना है। बहुजन समाज पार्टी ने अभी तक कोई प्रत्याशी घोषित नहीं किया है, जबकि कल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। बसपा के प्रत्याशी की घोषणा न होने से भाजपा व इंडिया गठबंधन के लोग भी चिंतित है। बसपा किसको प्रत्याशी बनाएगी इसको लेकर दोनों दल काफी मंथन कर रहे हैं। जनता भी बसपा प्रत्याशी का इंतजार इसलिए कर रही है कि शायद चुनाव में बसपा उन्हें कोई नया चेहरा दे सके, क्योंकि अब तक घोषित दोनों प्रत्याशियों को वह अब वर्षों से देख रही है, उनकी कार्यप्रणाली से भी जनता बखूबी वाकिब हो चुकी है।


जय प्रकाश रावत


उषा वर्मा

### 1991 से रहे सांसद

1991 में हुए लोकसभा चुनाव में जयप्रकाश रावत भाजपा से लोकसभा का चुनाव जीते थे। वह 1996 तक सांसद रहे। 1998 में ऊषा वर्मा सपा से सांसद चुनी गईं। 1999 में पुन: जयप्रकाश लोकतांत्रिक कांग्रेस से सांसद बने। 2004 से 2009 तक ऊषा वर्मा फिर समाजवादी पार्टी से सांसद बनीं। 2019 में हुए चुनाव में जयप्रकाश फिर भाजपा से चुनाव जीते। वर्तमान में वह हरदोई लोकसभा क्षेत्र के सांसद व भाजपा के प्रत्याशी हैं।

### कांग्रेस ने लगाई थी जीत की हैट्रिक

वर्ष 1957 में हरदोई आरक्षित सीट से जनसंघ के शिवदीन और आरक्षित सीट से कांग्रेस के छेदालाल गुप्ता ने जीत दर्ज कराई। उस दौरान हरदोई संसदीय क्षेत्र से दो सीटें हुआ करती थीं। इसके बाद वर्ष 1962, 1967 व 1971 में कांग्रेस के ही किंदरलाल ने जीत की हैट्रिक लगाई। 1977 में जनता पार्टी से परमाई लाल, 1980 में कांग्रेस के मन्नीलाल एवं 1984 में कांग्रेस के किंदरलाल ने पुन: जीत दर्ज की।

### भाजपा के लिए हैट्रिक का मौका

वर्ष 2014 में भाजपा से अंशुल वर्मा को 3,60,501 वोट मिले और जीते। जबकि बसपा से शिव प्रसाद वर्मा, सपा से ऊषा वर्मा, कांग्रेस से सर्वेश कुमार हारे। इसी तरह 2019 में भाजपा से जय प्रकाश को 5,68,143 वोट मिले और जीते। जबकि सपा से ऊषा वर्मा, कांग्रेस से वीरेंद्र कुमार को हार का सामना करना पड़ा। 2024 का लोकसभा चुनाव भाजपा के लिए हैट्रिक का मौका है।

### 9वीं बार संसदीय चुनाव लड़ेंगे जय प्रकाश

भाजपा प्रत्याशी घोषित किए गए सांसद जय प्रकाश का 9वां चुनाव होगा। आठ बार वह सीधे जनता से और एक बार राज्यसभा के लिए चुनाव लड़ चुके हैं। इनमें से वह पांच बार चुनाव जीत चुके हैं। तीन बार हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 1991 और 1996 में भाजपा के टिकट पर हरदोई से चुनाव लड़कर जीते थे। 1998 में हार गए थे। 1999 में लोकतांत्रिक कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीते थे।वर्ष 2004 में मोहनलालगंज से सपा के टिकट पर लड़कर जीते थे। वर्ष 2009 में बसपा के टिकट पर मोहनलालगंज से लड़कर हार गए थे, लेकिन इसी साल राज्यसभा पहुंचने में कामयाब रह थे। वर्ष 2014 में वह मिश्रिख से सपा के टिकट पर लड़कर हारे थे। वर्ष 2019 में भाजपा के टिकट पर हरदोई से सांसद चुने गए।

# वर्चस्व बरकरार रखने की चुनौती का सामना कर रहे जयंत

● रालोद प्रमुख और पत्नी चारु चौधरी जुटे एनडीए को जिताने में

पद्माकर पाण्डेय ,लखनऊ

**अमृत विचार:** पहले चरण में पश्चिम उप्र. की तीन लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। सियासी चौसर बिछ चुकी हैं। भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए व इंडी गठबंधन में सिमट चुके लोकसभा चुनाव में प्रतिष्ठा बड़े राजनैतिक दलों के साथ ही समर्थक दलों की भी दांव पर लगी है। पिता चौधरी अजित सिंह के निधन के बाद राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के मुखिया जयंत चौधरी के लिए पश्चिम उप्र. की राजनीति में धुरी बने रहने की बड़ी चुनौती है। इसके लिए उन्होंने पश्चिम उप्र. की हर सीट पर पत्नी चारू संग जाकर सभाएं कर रहें हैं।

पश्चिमी उप्र. की राजनीति जाट, मुस्लिम और किसानों के आस-पास ही घुमती है। इन तीनों वर्ग के मतदाता चौधरी चरण सिंह को अपना मसीहा मानते थे। इस क्षेत्र में लोकसभा की 27 सीटें हैं, यही वजह है कि चुनाव के ऐन वक्त पूर्व, केन्द्र सरकार ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न सम्मान देकर, पश्चिम उप्र. के मतदाताओं के दिलों में न केवल पहुंचने का मार्ग प्रशस्त किया बल्कि जयंत चौधरी के भाजपा गठबंधन में आने का बड़ा मौका दे दिया।

हुआ भी वही, इंडिया गठबंधन का हिस्सा बन चुके जयंत चौधरी ने पीएम मोदी को बड़े दिल वाला बताते हुए, एनडीए गठबंधन का हिस्सा बन गये, इतना ही नहीं इसके लिए उन्होंने सीटों से समझौता भी किया, इंडिया गठबंधन में मिली छह सीटें को बलिदान कर यहां मात्र दो सीटों पर ही संतोष किया है।




### ऐसा था परिणाम

राजनीतिक खिलाड़ियों की मानें तो समझौता सीट का नहीं है, बल्कि पश्चिम उप्र. में वर्चस्व बरकरार रखने की है। इसके अलावा रालोद को भी मजबूती से खड़ा करना है। इसके लिए उन्हें एनडीए से मिली दोनो सीटें बिजनौर और बागपत सीट पर अपने प्रत्याशियों को जिताने के अलावा पश्चिम उप्र. में एनडीए के सभी प्रत्याशियों को जीत दिलाने की है।इसके लिए जयंत चौधरी कोई कसर नहीं छोड़ रहें हैं, भाजपा के प्रस्तावित चुनावी प्रचार में मंच साझा करने वाले रालोद प्रमुख खुद के साथ पत्नी चारू चौधरी को भी प्रचार की जिम्मेदारी दिये हैं, पहली बार चौधरी परिवार की किसी महिला द्वारा, क्षेत्र में महिला मतदाताओं के बीच पहुंच कर, राजनैतिक पैठ बनाने की कोशिशे की जारी हैं।


# आईना : हरदोई लोकसभा सीट

### 2019 चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
| --- | --- |
| जय प्रकाश रावत | 5,68,143 |
| उषा वर्मा | 4,35,669 |
| वीरेन्द्र कुमार | 19,972 |

### 2014 में किसको कितने वोट





| दल | उम्मीदवार | वोट |
| --- | --- | --- |
| भाजपा | अंशुल वर्मा | 3,60,501 |
| बसपा | शिव प्रसाद | 2,79,158 |
| सपा | उषा वर्मा | 2,76,543 |
| कांग्रेस | सर्वेश कुमार | 23,298 |

2019 नोटा 11,024

2014 नोटा 7,660

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
| --- | --- | --- |
| सपा | ऊषा वर्मा | 2,94,030 |
| बसपा | राम कुमार कुरील | 2,01,095 |
| बीजेपी | पूर्णिमा वर्मा | 54,115 |




### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
| --- | --- | --- |
| 1952 | बुलाकाई राम वर्मा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | द्रोहर शिवदीन | जनसंघ |
| 1957 | छेदा लाल गुप्ता | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962,67व 71 | किंदर लाल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | परमाई लाल | जनता पार्टी |
| 1980 | मन्नी लाल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | दयालु लाल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | परमाई लाल | जनता पार्टी |
| 1990 | चौधरी चंद राम | जनता दल |
| 1991 व 96 | जय प्रकाश रावत | भारतीय जनता पार्टी |
| 1998 | उषा वर्मा | समाजवादी पार्टी |
| 1999 | जय प्रकाश रावत | लोकतांत्रिक कांग्रेस |
| 2004 व 09 | उषा वर्मा | समाजवादी पार्टी |
| 2014 | अंशुल वर्मा | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | जय प्रकाश रावत | भारतीय जनता पार्टी |

2024

**कुल मतदाता-** 30,12,336

**पुरुष मतदाता-** 15,78,041

**महिला मतदाता-** 14,34,227

# राजनीति से दूर हुए राजघराने, दरबारों में सन्नाटा

## कभी सांसद, विधायक बनने की रखते थे चाहत, अब टिकट से वंचित

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** सांसद या विधायक बनकर अपनी शान-ओ-शौकत और रूतबे को बदलते वक्त के साथ बनाये रखने की चाहत रखने वाले राजघरानों के लोग अब कहां है? दरअसल, प्रदेश से वास्ता रखने वाले राजघरानों के न तो राजा और न ही युवराज राजनीति में अब सक्रिय दिख रहे। उनके दरबारों में भी इस बार सन्नाटा पसरा है। या तो पार्टियों ने उन्हें टिकट देना बंद कर दिया या फिर उनकी स्वयं राजनीति में दिलचस्पी खत्म हो गई? एक जमाने में राजा-महराजों का राजनीति में पूरा दखल रहता था। लेकिन 2024 के चुनाव में उनका दखल खत्म होते दिख रहा है। राज्य के बड़े-बड़े राजा इस बार चुनाव से बाहर हैं। हालांकि एक वक्त था जबकि राजघरानों के पुरुष ही नहीं महिलाओं के लिए भी राजनीति का मंच बड़ा मुफीद था।



### राजकुमारी रत्ना सिंह



प्रतापगढ़ में कालाकांकर रियासत की वंशज राजकुमारी रत्ना सिंह 11वीं, 13वीं और 15वीं लोकसभा का चुनाव लड़ लोकसभा पहुंची थी। नेशनल इलेक्शन वाच नामक एनजीओ ने एक समय उन्हें सबसे धनी सांसद माना था। 2014 में वह कुंवर हरिवंश सिंह से चुनाव हार गई थी। इसके बाद कुछेक बार वह राजनीति में सक्रिय दिखी। भाजपा द्वारा प्रतापगढ़ सीट से टिकट फाइनल करने के बाद वह भी राजनीति में निष्क्रिय हो गईं।

### राजा अरिदमन सिंह



आगरा के भदावर राजघराने के राजा अरिदमन सिंह बाह विधानसभा से छह बार विधायक और राज्यमंत्री रह चुके हैं। 2009 में लोकसभा का चुनाव भाजपा उम्मीदवार के रूप में लड़ा, लेकिन हार गए। 2012 से 2017 के बीच वह सपा के भी सदस्य रहे हैं। बाद में वह अपनी पत्नी रानी पक्षालिका सिंह के साथ भाजपा में शामिल हो गए। फिलहाल इस बार उन्हें टिकट नहीं मिला है।

### कुंवर आरपीएन सिंह



कुंवर रतनजीत प्रताप नारायण सिंह (आरपीएन सिंह) कुशीनगर के सैंथवार शाही परिवार से ताल्लुक रखते हैं। वह गृह मंत्रालय में पूर्व राज्यमंत्री रहे हैं। 15वीं लोकसभा में कुशीनगर निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए थे। 2014 में उनको भाजपा के राजेश पांडेय से चुनावी मात मिली। 2019 में भी वह हार गए। 2020 में आरपीएन सिंह को एआईसीसी ने झारखंड और छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाया था। 2022 में उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया।

### कुंवर अक्षय प्रताप सिंह



जामोन स्टेट के उत्तराधिकारी कुंवर अक्षय प्रताप सिंह 2004 में सपा से जीते थे। 2009 में राजकुमार रत्ना सिंह से हार गए। पांचवी बार प्रतापगढ़ से एमएलसी बने। अक्षय प्रताप सिंह कई आपराधिक मामलों में जांच का सामना कर रहे हैं। एक जांच सीबीआई कर रही है। फिलहाल लोकसभा-2024 के चुनाव में वह निष्क्रिय दिख रहे हैं।

### राजा अजेय प्रताप सिंह



देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं मांडा स्टेट के राजा वीपी सिंह के पुत्र अजेय प्रताप सिंह जनमोर्चा पार्टी के अध्यक्ष रहे हैं। बाद में पार्टी का कांग्रेस में बिलय हो गया था। 1956 में जन्मे अजेय प्रताप बतौर पार्टी अध्यक्ष कुछ दिनों तक तो राजनीति में सक्रिय रहे, लेकिन 2012 के बाद वह पूर्ण रूप से निष्क्रिय रहे। राजनीतिक गलियारों में अब अजेय प्रताप की चर्चा भी नहीं होती है।

### राजा संजय सिंह



अमेठी स्टेट के राजा संजय सिंह 1980 के दशक में उप्र. में दो बार एमएलए चुने गए और राज्यमंत्री भी रहे। 1990 में कांग्रेस से राज्यसभा पहुंचे। 1998 में लोकसभा का चुनाव लड़कर लोकसभा पहुंचे। 15वीं लोकसभा में भी सदस्य बनकर पहुंचे। राज्यसभा में असम का प्रतिनिधित्व किया। 2019 में उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दिया और भाजपा में शामिल हो गए। लोग कयास लगा रहे थे कि इस बार सुल्तानपुर सीट से उन्हें टिकट मिल सकता है। लेकिन मेनका गांधी को टिकट मिलने के बाद संजय सिंह लगभग निष्क्रिय दिख रहे हैं।

### बेगम नूर बानो



रामपुर के लोहारू रियासत में अमीन-उद-दीन अहमद खान और शौकत जहां बेगम के घर में जन्मी बेगम नूर बानो 11वीं और 13वीं लोकसभा में सदस्य रही हैं। 10 वर्ष तक राजनीतिक विश्राम के बाद उन्होंने 2023 में फिर से राजनीति में सक्रियता दिखाई और रामपुर की जनता समेत इंडी गठबंधन को भी हैरत में डाल दिया था। हालांकि 2024 में उन्हें टिकट न मिलने से मायूसी हाथ लगी।

### कुंवर भारतेंद्र सिंह



बिजनौर के राजपरिवार के संबंध रखने वाले कुंवर भारतेंद्र सिंह 2014 में 16वीं लोकसभा के लिए चुने गए। इससे पहले 2002 और 2012 में वह विधायक चुने गए थे। 2012 से 2014 तक भारतेंद्र सिंह भाजपा से विधानसभा में सचेतक के तौर पर भी कार्यरत रहे हैं। जाट समुदाय से संबंध रखने वाले कुंवर भारतेंद्र को 2015 में अवैध खनन से जुड़े एक मामले में काफी विवादों के सामने करना पड़ा। 2019 में वह बिजनौर लोकसभा का चुनाव हार गए। इसके बाद वह सक्रिय राजनीति से गायब हैं।

# चुनाव प्रचार की व्यस्तता के बीच योगी ने की गोसेवा

**अमृत विचार,लखनऊ:** लोकसभा चुनाव को लेकर युद्धस्तर पर चुनाव प्रचार में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोरखपुर पहुंच कर गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। उन्होंने गोशाला का भ्रमण कर उन्होंने गोवंश का हाल जाना और उन्हें अपने हाथों से रोटी-गुड़ खिलाया।

सोमवार को बिहार में चुनाव प्रचार करने के बाद मुख्यमंत्री गोरखपुर पहुंचे थे। मंगलवार पूर्वाह्न पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार में जाने से पूर्व उन्होंने प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। इसके बाद योगी मंदिर की योगी गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में उन्होंने चारों तरफ भ्रमण करते हुए श्यामा, गौरी, गंगा, भोला आदि नामों से गोवंश को पुकारा। बाद में उन्हें योगी ने अपने हाथों से उन्हें रोटी और गुड़ खिलाया।



# गुजरात में क्लीन स्वीप की हैट्रिक लगा सकती है भाजपा

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के गृह राज्य गुजरात में पिछले दो लोकसभा चुनावों से भाजपा क्लीन स्वीप कर रही है। अबकी बार 400 पार का नारा लेकर चल रही भाजपा राज्य में लगातार तीसरी बार सभी 26 लोकसभा सीटें जीतकर क्लीन स्वीप जीत की हैट्रिक लगाने की राह तैयारी में जुटी है। गुजरात में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान एक ही चरण में सात मई को होगा। कांग्रेस ने भाजपा का विजय रथ रोकने के लिए इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी से गठबंधन किया है। राज्य में कांग्रेस 24 और आप दो सीटों भरूच और भावनगर में चुनाव लड़ रही है।

गुजरात में पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा ने सभी 26 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में कोई भी सीट नहीं आई थी। भाजपा जहां फिर से सभी सीटें हथियाने के लिए जोरदार प्रचार अभियान चला रही है, वहीं राज्य में अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही कांग्रेस इस बार आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर भाजपा की क्लीन स्वीप जीत की हैट्रिक रोकने के लिए दमखम लगा रही है। 2022 में गुजरात विधानसभा के चुनावों में भाजपा ने सबसे बड़ी जीत हासिसल की थी और 2017 के विधान सभा चुनाव में सत्ता के करीब पहुंची कांग्रेस को केवल 17 सीटों पर समेट दिया था। इसके बाद से 2024 के चुनावों में क्या कांग्रेस वापसी कर पाएगी ? इसे लेकर लगातार अटकलें लग रही हैं।

### कांग्रेस को 40 फीसदी से अधिक वोट मिलने पर ही कुछ सीटें मिल सकतीं हैं

- हालांकि यह भी तथ्य है कि राज्य में जब भी कांग्रेस का वोट शेयर 40 फीसदी से ऊपर गया है, उसके हाथ कुछ सीटें जरूर लगी हैं। 2009, 2004 और 1999 के चुनावी आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं। 2009 में कांग्रेस को 11 सीटें मिली थीं और उसे 43 .38 फीसदी वोट हासिल हुए थे जबकि भाजपा को कांग्रेस से करीब तीन फीसदी ज्यादा वोट मिले थे और पार्टी को 15 सीटें मिली थीं। 2004 में भी कमोबेश यही स्थिति थी, भाजपा को तब 45 .02 फीसदी वोट के साथ 14 सीटें मिली थीं और कांग्रेस के हाथ में 43 .86 फीसदी वोट के साथ 12 सीटें आई थीं।

**पिछले चुनाव में कांग्रेस पर थी 30 फीसदी वोटों की बढ़त**

गुजरात राज्य में भाजपा का जन समर्थन लगातार बढ़ रहा है, और कांग्रेस का जनाधार घट रहा है। भाजपा ने 2014 के लोकसभा चुनाव में 59 .05 फीसदी वोट प्राप्त किए थे, वहीं 2019 में यह आंकड़ा बढ़कर 62 .21 फीसदी पर पहुंच गया। इसके मुकाबले कांग्रेस क्रमश : 32 .86 और 32 .11 फीसदी ही वोट प्राप्त कर सकी थी। 2014 में भाजपा जहां कांग्रेस से वोट शेयर में करीब 27 फीसदी आगे थी, वहीं 2019 में उसकी बढ़त 30 फीसदी से ज्यादा थी।



**32.86** प्रतिशत कांग्रेस को 2014 के चुनाव में मिले थे मत

**32.11** प्रतिशत कांग्रेस को 2019 के चुनाव में मिले थे मत

**59.05** भाजपा का 2014 लोकसभा चुनाव में था मत प्रतिशत

**62.21** प्रतिशत भाजपा को 2019 के लोकसभा चुनाव में मिले मत

**1.17** फीसदी 2014 लोस चुनाव में आप के थे मत

**13.0** आप को 2022 के विस. चुनाव में मिले थे मत

### आप पर विस चुनाव जैसे प्रदर्शन, कांग्रेस पर वोट शेयर बढ़ाने का दबाव

- कांग्रेस और आप नेताओं का कहना है कि विधानसभा चुनावों के आंकड़े अब इतिहास हैं। उनका तर्क है कि मतदाताओं की भावनाओं में बदलाव और एक नए गठबंधन के गठन के साथ दोनों दल लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ अपने एकीकृत मोर्चे के लिए अधिक संख्या में समर्थक जुटाने में सक्षम होंगे। अब यह तो समय ही बताएगा कि दोनों के गठबंधन को एक साथ कितना वोट शेयर मिलता है। लेकिन इतना तय है कि भाजपा को क्लीन स्वीप से रोकने के लिए लोकसभा चुनाव में जहां आम आदमी पार्टी को विधानसभा चुनाव जैसा प्रदर्शन करना होगा, वहीं कांग्रेस को भी सीटें हासिल करने के लिए अपना वोट प्रतिशत 40 के आसपास पहुंचाने के लिए जोर लगाना पड़ेगा, जो मौजूदा परिस्थितियों में आसान नहीं नजर आ रहा है। इसकी वजह यह है कि गुजरात में कांग्रेस अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन मोढ़वाडिया, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अंबरीश डेर ने लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले पार्टी का साथ छोड़ दिया था, तो उससे पहले चार विधायक भी कांग्रेस से नाता तोड़ चुके थे। हाल ही में पार्टी प्रवक्ता रोहन गुप्ता ने भी कांग्रेस को अलविदा कह दिया है। इसके अलावा जिला और पंचायत स्तर पर भी सैकड़ों पदाधिकारी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

**■ 2014 और 2019 में भाजपा ने राज्य की सभी 26 लोकसभा सीटों पर हासिल की थी जीत**

**■ कांग्रेस ने किया है आम आदमी पार्टी से गठबंधन लेकिन वोट शेयर में दोनों दल काफी पीछे**

### विस चुनाव में कांग्रेस व आप को 40% तो भाजपा को 52% मत

- भाजपा अपने मजबूत गढ़ गुजरात में जमीनी स्तर पर लगातार अपनी पैठ मजबूत करने पर काम कर रही है। इसके लिए वह चुनाव का इंतजार नहीं करती। भाजपा संगठन हमेशा सक्रिय रहता है। वहीं कांग्रेस का जनाधार लगातार खिसकता जा रहा है। इसी के चलते वह चुनावी चुनौती में भाजपा का मुकाबला नहीं कर पा रही है। जमीनी हालत से वाकिफ कांग्रेस ने इस बार रणनीति बदली है। आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन कर उसे दो सीटें दी हैं। हालांकि 2014 के लोकसभा चुनाव में जब आप अकेले मैदान में उतरी थी तो उसे 1 .17 फीसदी वोट ही मिले ही थे, लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव में आप को करीब 13 फीसदी वोट मिले थे। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 52 .50 प्रतिशत वोट मिले थे। इसके मुकाबले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और आप की साझा मतदाता हिस्सेदारी 40 .2 प्रतिशत थी।

# मन में राम...तन में राम

## जात-पात का इम्तिहान ले रहा चुनावी अध्यात्म



**फैजाबाद (अयोध्या) लोकसभा सीट**
**7.20** लाख ओबीसी मतदाता | **4.70** लाख दलित मतदाता
मतदाता होंगे भाजपा को दिव्य और भव्य जीत दिलाने में निर्णायक

ऐसा माना जा रहा था कि भव्य, दिव्य और नव्य अयोध्या यानी फैजाबाद लोकसभा सीट से भाजपा इस बार अपने किसी दिग्गज को चुनाव के मैदान में उतार कर राम मंदिर के संदेश को रामराज्य का ऐसा जयघोष बनाएगी जिससे सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की वह भावना बलवती होगी, जिसमें धार्मिक तथा जातीय आधार की कोई जगह नहीं होगी। लेकिन पार्टी ने इस तरह का कोई भी जोखिम उठाने के बजाए अपने मौजूदा सांसद लल्लू सिंह पर ही भरोसा जताना ठीक समझा। हालांकि भाजपा की संभावित रणनीति से निपटने के लिए समाजवादी पार्टी ने काफी पहले अपने बड़े दलित नेता अवधेश प्रसाद को फैजाबाद सीट से प्रत्याशी घोषित कर प्रचार भी शुरू करा दिया था। जिले की सोहावल और मिल्कीपुर विधानसभा से नौ बार चुनाव जीतने वाले अवधेश प्रसाद सपा से उसकी स्थापना के समय से जुड़े हैं। फैजाबाद और आसपास के क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ है। वह मुलायम सिंह यादव के करीबी गिने जाते थे। भाजपा और सपा प्रत्याशियों के मुकाबले बसपा सुप्रीमो मायवती ने ब्राह्मण कार्ड खेलते हुए अंबेडकरनगर के भाजपा जिलाध्यक्ष रहे सच्चिदानंद पांडेय 'सचिन' को मैदान में उतारकर चुनावी लड़ाई रोचक बनाने का प्रयास किया है।

### ■ लल्लू सिंह को जीत की हैट्रिक का पूरा भरोसा, सपा विधायक अवधेश प्रसाद व बसपा के सच्चिदानंद पांडेय बने रोड़ा


विवेक सक्सेना, अयोध्या

**अमृत विचार :** अयोध्या (फैजाबाद) लोकसभा सीट ने राम मंदिर बनने से पहले सियासत और आस्था के तमाम उतार-चढ़ाव देखे हैं। सरकारें बनती-बिगड़ती रहीं लेकिन अयोध्या नहीं बदली। हालांकि अब भव्य राम मंदिर के निर्माण और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या जगमग हो उठी है। चारों ओर माहौल राममय है। हर रोज एक लाख दर्शनार्थियों का आगमन, नया रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट, चौड़ी और चमचमाती सड़कें। सरयू के सजे-संवरे घाट, होटलों की श्रृंखला, टाउनशिप का काम, पर्यटकों की सुविधा के हर इंतजाम, अयोध्या के विकास की नई कहानी सुना रहे हैं। लेकिन चुनाव हैं तो हर बात कसौटी पर कसी जाएगी। जाति-बिरादरी की भी बात आएगी। यही वजह है कि चौराहों और चौपालों पर होने वाली चुनावी चर्चा में राम मंदिर और विकास के साथ जाति, वर्ग और क्षेत्र सब कुछ मथा जा रहा है।

फैजाबाद सीट पर 1957 के चुनाव में स्वतंत्रता सेनानी कांग्रेस के राजाराम मिश्र जीते थे। इसके बाद चार चुनावों में कांग्रेस का ही कब्जा रहा। 1967 और 1971 में स्वतंत्रता सेनानी राम कृष्ण सिंहा कांग्रेस से दो बार चुनाव जीते। इमरजेंसी के बाद पहली बार यहां हवा का रुख बदला। जनता पार्टी के अनंतराम जायसवाल सांसद चुने गए। लेकिन 1980 में फिर कांग्रेस ने वापसी की। जय राम वर्मा सांसद चुने गए। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए 1984 के चुनाव में कांग्रेस से निर्मल खत्री जीते। इसके बाद फिर समीकरण बदले और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के मित्रसेन यादव सांसद चुने गए।


### विधान सभा चुनाव में चार सीटों पर खिला कमल एक पर दौड़ी थी साइकिल

- फैजाबाद लोकसभा सीट के तहत पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इसमें दरियाबाद, रुदौली, मिल्कीपुर, बीकापुर और अयोध्या शामिल हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने चार सीटें जीती थीं। दरियाबाद से सतीश शर्मा, रुदौली से रामचंद्र यादव, बीकापुर से अमित सिंह चौहान और अयोध्या से वेद प्रकाश गुप्ता ने कमल खिलाया था, जबकि मिल्कीपुर सुरक्षित सीट से सपा के अवधेश प्रसाद विजयी हुए थे।






### 2014 का जनादेश




| | | | |
|---|---|---|---|
| भाजपा | लल्लू सिंह | 4,91,761 | 48 प्रतिशत |
| सपा | मित्रसेन यादव | 2,08,986 | 21 प्रतिशत |
| बसपा | जितेंद्र कुमार | 1,41,827 | 14 प्रतिशत |
| कांग्रेस | निर्मल खत्री | 1,29,917 | 13 प्रतिशत |

### राम मय माहौल में भी जाति-बिरादरी का गुणा-गणित

- भाजपा की मानबिंदु फैजाबाद (अयोध्या) लोकसभा सीट पर राम मंदिर की स्थापना के बाद बने माहौल में पार्टी और प्रत्याशी लल्लू सिंह को जीत की हैट्रिक का पूरा भरोसा है। इससे पहले यहां से 1991 और 1996 में लगातार दो बार भाजपा से विनय कटियार जीते थे। अब लल्लू सिंह भी पिछले दो चुनाव जीत चुके हैं। उधर, सपा को उम्मीद है कि दलित प्रत्याशी अवधेश प्रसाद पिछड़े और मुस्लिम वोट बैंक में दलितों को जोड़कर भाजपा का खेल खराब कर देंगे। जबकि बसपा ने भाजपा से आए सच्चिदानंद पांडे को इस प्रत्याशा में उतारा है कि वह ब्राह्मण-दलित वोट बैंक को एकजुट करके पार्टी की जीत का रास्ता बनाने का प्रयास करेंगे।


### राम मंदिर आंदोलन में खुला भाजपा का खाता

- 1991 में राम मंदिर लहर में भाजपा ने यहां पहली जीत दर्ज की। फायर ब्रांड नेता विनय कटियार सांसद बने। 1996 के चुनाव में भी उन्होंने जीत दर्ज की। लेकिन 1998 में चुनाव सपा के टिकट से मित्रसेन यादव ने जीता। लेकिन 1999 में हुए चुनाव में फिर से विनय कटियार ने जीत हासिल की। मित्रसेन यादव 2004 में बसपा के टिकट पर चुनाव जीतकर सांसद बने, तो 2009 में कांग्रेस से निर्मल खत्री दोबारा जीते। इसके बाद 2014 की मोदी लहर में जीते भाजपा के लल्लू सिंह 2019 में भी यहां से सांसद बने।

### सपा के पीडीए और बसपा के रणनीतिक कौशल की परीक्षा

- मंदिर और विकास के साथ यहां जीत के लिए जातीय समीकरण भी अहम हैं। हिंदू मतदाताओं में सबसे ज्यादा 7 .20 लाख ओबीसी हैं। इनमें सबसे बड़ी संख्या यादवों की है। इसके बाद कुर्मी, पाल आदि अन्य जातियां हैं। दलित मतदाताओं की संख्या 4 .70 लाख है, तो सामान्य वर्ग के मतदाता 5 .65 लाख गिने जाते हैं। ओबीसी वोटरों की संख्या सर्वाधिक और उनके बाद दलित मतदाता होने से माना जा रहा है कि यहांसपा के पीडीए और बसपा के ब्राह्मण प्रत्याशी उतारने के रणनीतिक कौशल की परीक्षा होगी।

### 2019 का जनादेश




| | | |
|---|---|---|
| भाजपा | लल्लू सिंह | 5,29,021 |
| सपा | आनंद सेन | 4,63,544 |
| कांग्रेस | निर्मल खत्री | 53,383 |

# विरासत की जमीन पर हैट्रिक में शह-मात की सियासत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- तीसरी बार एटा लोकसभा क्षेत्र से सांसद बनने के लिए ताल ठोंक रहे राजवीर सिंह
- भाजपा प्रत्याशी को चुनौती देने के लिए सपा और बसपा ने बिछाई बिसात



राजवीर सिंह | देवेश शाक्य | मो. इरफान

**अमृत विचार :** विपक्ष कहता है विरासत से तय नहीं होते सियासत के फैसले तो पक्ष कह रहा है कि सियासी जमीन तो हमने भी तैयार की है। कोई अपनी तैयार सियासी जमीन पर चुनाव जीतने का दावा कर रहा है तो पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की कर्मभूमि पर उनके पुत्र राजवीर विरासत की तैयार पिच पर सियासत की हैट्रिक मारने को आतुर दिख रहे हैं। यह हैट्रिक चुनौती पूर्ण होगी या आसान यह तो चुनाव परिणाम ही बताएगा, फिलहाल गली, गलियारों में विरासत की सियासत की चर्चा तेज है।

प्रदेश ही नहीं बल्कि देश भर में हिंदू हृदय सम्राट की पहचान रखने वाले पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजस्थान के पूर्व राज्यपाल स्व. कल्याण सिंह के नाम से आज भी मतदाता प्रभावित हैं। कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर सिंह एटा लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं। पिछले एक दशक से वे अपने पिता की कर्मभूमि में सांसद की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। एटा लोकसभा सीट पर मतदाताओं ने सांसद तो कई बदले, पुराने सांसदों को भी बार-बार मौका दिया, लेकिन एक दशक पहले ऐसा मौका आया जब यहां की सियासत विरासत में तब्दील हो गई। पूर्व सीएम कल्याण सिंह के पुत्र 2014 के बाद 2019 में भी चुनाव जीत गए और इस बार हैट्रिक लगाने को तैयार हैं। इस सीट के मतदाताओं ने 17 चुनाव में कुल 8 सांसद चुने हैं। इनमें सबसे पहले सांसद बने रोहनलाल चतुर्वेदी को चार बार, महादीपक सिंह शाक्य को पांच बार मौका दिया। महादीपक सिंह शाक्य एक बार कासगंज लोकसभा सीट पर भी चुनाव जीते। लेकिन 2009 तक हुए चुनाव में एक भी सांसद ऐसा नहीं हुआ, जिसे यह पद विरासत के तौर पर मिला हो। सभी ने अपनी सियासी जमीन बनाने में कड़ी मेहनत की। 1989 में कांग्रेस से सलीम इकबाल शेरवानी चुनाव लड़े थे, जो भाजपा के महादीपक सिंह शाक्य से हार गए। 2009 में यहां निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने चुनाव लड़ा। जिन्हें सपा ने समर्थन दिया था। वह आसानी से चुनाव जीत गए।

उनके कार्यकाल के बाद यहां की विरासत संभालने का मौका उनके पुत्र राजवीर सिंह को मिला। भाजपा ने उन्हें टिकट दिया और वह सपा प्रत्याशी से बड़े अंतर से जीते। यह विरासत 2019 में भी कायम रही दोबारा उन्होंने सपा के देवेंद्र सिंह को हराया। 2024 में भी भाजपा ने राजवीर पर ही भरोसा जताया है और वह एटा सीट पर महादीपक सिंह शाक्य के बाद दूसरी हैट्रिक लगाने के लिए बेताब हैं। सपा ने यहां प्रत्याशी बदलकर भाजपा का विजय रथ रोकने के लिए मैनपुरी के देवेश शाक्य पर दांव लगाया है। उधर, बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी मो. इरफान मैदान में उतारकर मुस्लिम कार्ड खेला है तो सपा पहले ही मुस्लिम को अपना वोट बैंक मानती है। इस बार शाक्य प्रत्याशी उतारकर उसने नया गणित तैयार किया है। सभी के अपने आंकड़े हैं। ऐसे में गुणा, गणित का दौर तेज हो गया है।

## नृत्य कर लुभाया...



लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को पूर्ण बहुमत दिलाने की कोशिश में लगातार प्रचार कर रहीं कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने असम के जोरहाट में रैली की। इस दौरान उन्होंने एक कार्यक्रम में महिला मतदाताओं के साथ नृत्य कर उन्हें पार्टी से जोड़ने की भरपूर कोशिश की। प्रियंका के साथ कार्यकर्ता भी उत्साहित नजर आए।

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूँ (आरआर 21) 2360–2800 गेहूँ (के 65) 3500–3800 बाजरा 2200–2300 मक्का 2700–2800 जौ 2900–3000 चावल प्रति **कुन्तल** : चावल सेल्हा 2800–3100 चावल बासमती 7000–8000 चावल मोटा 2800–3000 चावल मन्सूरी 3200–3500 चावल शक्कर चीनी 4800–5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600–8600 चावल राजरानी 7000–7500 **दाल दलहन** : चना देशी 6800–7000 चना फार्मी 7200–7500 चना काबली 14500–17000 मटर हरा 6000–6200 मटर सफेद 6100–6500 दाल चना 8000–8400 दाल मटर 6400–6500 उड़द हरा 12000–12500 उड़द काला 9000–9500 दाल उड़द हरी 15500–16000 दाल उड़द काली 10500–11000 दाल उड़द धोवा 12000–12500 मूँग खड़ा 10000–10500 मूँग दाल 10500–11000 मूँग धोवा 12000–13000 मसूर 8800–9000 **मलका** : 9000–9500 दाल अरहर फूल 16000–17000 दाल स्पेशल 13000–14000 राज्मा सफेद 13000–14000 राज्मा काला 11500–12500 मूँगफली का दाना 11000–12000 **तेल तिलहन** : अलसी 5310–5510 लाही 4800–5200 काली सरसों 4900–5300 पीली सरसों 5600–5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475–1900 तेल अलसी 2600–2700 तेल तिल्ली 2600–2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400–3500 तेल नारियल 2700–2800 तेल सोयाबीन 1650–1700 **वनस्पति** : बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 **आटा मैदा** : मैदा 3000–3100 आटा 2700–2900 रवा 3000–3050 **किराना** : नारियल 120–140 हल्दी 175–225 लाल मिर्च 225–250 काली मिर्च 660–880 धनिया 100–120 सुपाड़ी 525–550 जीरा 650–660 खटाई 120–140 सौफ 180–300 सोंठ 350–380 अजवाइन 180–225 मेंथी 70–90। **मेवा** : चिरौंजी 2100–2300 छुआरा 150–250 ।

## मेंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1110 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1110 बोल्ड 1155 डीएमओ 885।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चाँदी 999 (प्रति किलो) | 85500 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 75100 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56000–56200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 75,500 |
| सोना रवा | 75,350 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 83,100 |
| चांदी (999) | 83,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 75000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 74000 |
| सिल्वर (पक्की) | 830 (अनुमानित) |

# लगातार तीसरे दिन भी शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 456 अंक लुढ़का

### पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव से प्रभावित हो रहा बाजार, निफ्टी में 0.56 प्रतिशत की गिरावट

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 456 अंक और लुढ़क गया। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका के बीच मुख्य रूप से सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में भारी बिकवाली से बाजार नीचे आया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 456.10 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,943.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 714.75 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 124.60 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,147.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में इन्फोसिस, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, मारुति, आईटीसी, पावरग्रिड और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक राजनीतिक तनाव की आशंका और नीतिगत दर में कटौती की संभावना कम होने के बीच घरेलू बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही।

### तीन दिन में 7.93 लाख करोड़ घटी निवेशकों की पूंजी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच स्थानीय शेयर बाजार में तीन सत्र से जारी गिरावट से निवेशकों की पूंजी 7.93 लाख करोड़ रुपये घट गई है। सेंसेक्स और निफ्टी में मंगलवार को भी गिरावट जारी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 456.10 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,943.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 714.75 अंक तक लुढ़क गया था। बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) तीन दिन में 7,93,529.61 करोड़ रुपये घटकर 3,94,25,823.46 रुपये (4750 अरब अमेरिकी डॉलर) पर आ गया है। सेंसेक्स के शेयरों में इन्फोसिस, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

# आने वाले 25 वर्ष भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण

जयपुर, एजेंसी



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि बीते तीन वित्त वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था ने दुनिया में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की है और आगामी वर्षों में यह रुख जारी रह सकता है। उन्होंने साथ ही कहा कि आने वाले 25 साल भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं। वह यहां जयपुर के एक दिवसीय दौरे पर आईं थीं।

सीतारमण ने औद्योगिक एवं व्यावसायिक संवाद को संबोधित करते हुए कहा कि अगले 25 साल भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण होंगे। आपने देखा वित्त वर्ष 2023-24 की तीनों तिमाही में प्रत्येक तिमाही में वृद्धि दर आठ प्रतिशत या अधिक रही है। तीसरी तिमाही में वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रही। चौथी तिमाही में भी इसी स्तर की वृद्धि दर की हम अपेक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह 2023-24 में औसत वृद्धि दर उस स्तर की ही है। टिकाऊ आर्थिक वृद्धि है। हम अपने ऊपर आत्मविश्वास बनाए रखते हुए आगे बढ़ सकते हैं कि जैसे पूरी दुनिया में पिछले तीन साल से लगातार हम सबसे तेज वृद्धि दर वाली अर्थव्यवस्था रहे हैं, वैसे ही आने वाले सालों में भी रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक नीति, व्यापक आर्थिक स्थिरता, स्थिर सरकार, स्थिर कर नीति व सरकार के टेंडर तथा खरीदारी आदि पारदर्शी तरीके से होने की वजह से आज भारत की अर्थव्यवस्था की विदेश में बहुत साख है और निवेशक यहां आ रहे हैं।

# डेयरी ऋण योजना को लेकर भ्रामक जानकारी से रहें सतर्क : नाबार्ड

नई दिल्ली, एजेंसी



राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने नाबार्ड डेयरी ऋण योजना के बारे में वर्तमान में फैलाई जा रही गलत सूचना से लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। इस संबंध में नाबार्ड ने स्पष्टीकरण जारी करते हुये उन झूठे दावों का खंडन किया है जिनमें कहा गया है कि नाबार्ड डेयरी उद्यमिता विकास योजना के तहत किसानों को डेयरी व्यवसायों के लिए सीधे ऋण प्रदान करता है।

नाबार्ड ने स्पष्ट किया है कि उक्त दावों में दी गई जानकारी पूरी तरह से गलत है। नाबार्ड ग्रामीण विकास से जुड़ी विभिन्न वित्तीय संस्थाओं और सहकारी संस्थाओं को वित्तीय सहायता और सहयोग प्रदान करने के लिए काम करता है।

नाबार्ड कभी भी अलग-अलग किसानों को सीधे ऋण वितरित नहीं करता है। सभी हितधारकों, विशेषकर किसानों और ग्रामीण उद्यमियों को ऐसी गलत सूचनाओं के संबंध में सावधानी बरतने और उनमें विश्वास करने तथा उनका प्रचार-प्रसार करने से बचने के लिए आग्रह किया गया है।

## जोमैटो ने बड़े ऑर्डर के लिए बनाया अलग दस्ता

**नई दिल्ली।** खाद्य उत्पादों के ऑनलाइन आपूर्ति मंच जोमैटो ने 50 लोगों तक की भागीदारी वाले कार्यक्रमों के लिए सामान पहुंचाने के इरादे से मंगलवार को देश में पहली बार बड़े ऑर्डर का एक अलग दस्ता शुरू करने की घोषणा की। जोमैटो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दीपिंदर गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने कई पोस्ट लिखा कि बड़े ऑर्डर की आपूर्ति के लिए बना यह खास दस्ता पूरी तरह इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल करेगा। गोयल ने कहा कि आज हम भारत का पहला बड़ा ऑर्डर दस्ता पेश करने के लिए रोमांचित हैं। यह दस्ता सामूहिक बड़े समूह, पार्टी एवं आयोजन जैसे आपके सभी बड़े ऑर्डर को आसानी से संभाल पाएगा।

# नागरिक, औद्योगिक इस्तेमाल वाले ड्रोन के लिए विचार कर रही सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

नागर विमानन सचिव वुमलुनमंग वुअलनाम ने मंगलवार को कहा कि सरकार नागरिक तथा औद्योगिक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन के वास्ते एक अलग नियामक ढांचा बनाने पर विचार करेगी। उन्होंने ड्रोन परिवेश तंत्र के स्वदेशी विकास की वकालत की और इस बात पर भी जोर दिया कि सरकार ड्रोन को बढ़ावा देने के साथ-साथ उन्नत वायु परिवहन को आगे बढ़ाने के प्रयास करेगी।

राष्ट्रीय राजधानी में ड्रोन पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में उन्होंने कहा कि ड्रोन के नियमों के संदर्भ में बहुत कुछ किया गया है और अभी बहुत कुछ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंत्रालय नागरिक तथा औद्योगिक ड्रोन के लिए एक अलग नियामक ढांचा बनाने पर विचार कर रहा है। ड्रोन और ड्रोन घटकों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना सितंबर 2021 में अधिसूचित की गई थी। ड्रोन और ड्रोन घटकों के भारतीय विनिर्माताओं के लिए मूल्य संवर्धन तथा कुछ अन्य शर्तों के आधार पर 120 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन प्रदान दिया जा रहा है।



नई दिल्ली में ड्रोन के बारे में जानकारी देते ड्रोन डेस्टिनेशन के सीईओ चिराग शर्मा (बीच में)।

## पीएचएफ लीजिंग ने जुटाए एक करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली।** जमा स्वीकार करने वाली एनबीएफसी पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड (पीएचएफ) ने इक्विटी और ऋण मिलाकर एक करोड़ डॉलर की पूंजी जुटाई है।

कंपनी ने आज यहां कहा कि इसमें लगभग 60 प्रतिशत इक्विटी और 40 प्रतिशत ऋण शामिल है। इस पैसे का उपयोग कंपनी की वृद्धि को वित्तपोषित करने के लिए किया जाएगा। पीएचएफ लीजिंग जमा स्वीकार करने वाली एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है जो 1998 से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पंजीकृत है। कंपनी अचल संपत्ति के लिए बंधक ऋण (एलएपी) प्रदान करती है और ई-वाहनों का वित्तपोषण करती है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### प्रभाकर हत्याकांड : आंतकी गिरोह के दो गुर्गे गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब के रूपनगर में पुलिस ने राज्य विशेष ऑपरेशन सेल मोहाली के साथ संयुक्त अभियान में आतंकवादी गिरोह के दो गुर्गों की गिरफ्तारी कर विकास प्रभाकर हत्याकांड को सुलझा लिया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि मनदीप कुमार उर्फ मंगी और सुरिंदर कुमार उर्फ रिक्का को दो पिस्तौल, 16 कारतूस, एक खोखा और स्कूटी के साथ गिरफ्तारकिया गया है।

### सिरसा में 17 से 19 तक बंद रहेंगे शराब के ठेके

**सिरसा।** हरियाणा के उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त आलोक पासी ने बताया कि राजस्थान में 19 मई को विभिन्न हिस्सों में मतदान होगा, जिसमें हनुमानगढ़ जिला भी शमिल हैं। चुनाव आयोग की हिदायतनुसार मतदान वाले क्षेत्र के साथ लगती राज्य की सीमा के तीन किलोमीटर दायरे में मतदान प्रक्रिया समाप्ति के समय से 48 घंटे पहले शराब ठेके, बार, आहते व शराब संबंधी कारोबार बंद किया जाना आवश्यक है। हनुमानगढ़ जिला की सीमा सिरसा के साथ लगती है। इसलिए हनुमानगढ़ जिला की सीमा के साथ लगते सिरसा के तीन किलोमीटर क्षेत्र में पडने वाले सभी शराब ठेके, बार, आहते 17 अप्रैल को शाम से लेकर 19 अप्रैल को मतदान समाप्ति तक बंद रहेंगे। इस दौरान शराब संबंधी कारोबार पर भी पूर्ण पाबंदी रहेगी। उन्होंने बताया कि आबकारी विभाग की टीमें चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए संबंधित क्षेत्र में लगातार निगरानी करेंगी। कहीं पर भी उल्लंघना पाई जाती है, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### गाजियाबाद : रालोद नेता को मारी गई गोली

**गाजियाबाद** : उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में मोटरसाइकिल सवार दो हमलावरों ने मंगलवार अपराह्न यहां जिला सहकारी बैंक के पास राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के एक स्थानीय नेता पर गोलियां चलाईं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि रालोद नेता लोकेश चौधरी (37) को एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां उनका इलाज जारी है। चौधरी रालोद के टिकट पर निकाय चुनाव लड़ चुके हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस घटना के सिलसिले में पुलिस की चार टीम तैनात की गई हैं। उन्होंने कहा कि इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

# तृणमूल ने गुंडों और घुसपैठियों को दे दिए पट्टे

### बालुरघाट में पीएम बोले- टीएमसी ने बंगाल के लोगों को केंद्रीय योजनाओं के लाभ से कर दिया वंचित

बालुरघाट, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वह घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है, लेकिन शरणार्थियों को नागरिकता देने वाले कानून सीएए का विरोध कर रही है।

मोदी ने बालुरघाट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह भी आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल को गुंडों और घुसपैठियों को पट्टे पर दे दिया है। प्रधानमंत्री ने राज्य में रामनवमी समारोह का कथित तौर पर विरोध करने के लिए सत्तारूढ़ तृणमूल की आलोचना की और कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस फैसले को सच्चाई की जीत करार दिया, जिसमें विश्व हिंदू परिषद (विहिप) को हावड़ा में शोभायात्रा निकालने की अनुमति दी गई थी। मोदी ने कहा कि इस साल का रामनवमी समारोह थोड़ा अलग है क्योंकि रामलला अयोध्या में अपने घर लौट आए हैं। लेकिन टीएमसी, पिछले वर्षों की तरह राज्य में रामनवमी समारोहों का विरोध कर रही है। उच्च न्यायालय ने सोमवार को विहिप को हावड़ा शहर में रामनवमी पर शोभायात्रा निकालने की अनुमति दे दी थी, साथ ही अदालत ने यह सुनिश्चित करने के लिए कुछ शर्तें भी लगाई थीं कि कार्यक्रम बिना तनाव के संपन्न हो सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध की घटनाओं से पूरा देश स्तब्ध है। देश ने देखा है कि कैसे टीएमसी सरकार ने संदेशखालि में दोषियों को बचाने की कोशिश की। संदेशखालि में हाल में महिलाओं ने कुछ टीएमसी नेताओं पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार और अपराध बड़े पैमाने पर हैं। यहां तक कि जब केंद्रीय एजेंसियां इन भ्रष्टाचार के मामलों की जांच करने की कोशिश करती हैं तो उन पर भी हमला किया जाता है। ऐसा लगता है कि टीएमसी ने राज्य को घुसपैठियों और गुंडों को पट्टे पर दे दिया है। पश्चिम बंगाल सरकार घुसपैठियों को बचाती है, लेकिन नागरिकता संशोधन अधिनियम का विरोध करती है।



बालुरघाट में कार्यकताओं का अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री मोदी। ● एजेंसी

## भ्रष्टाचार का आरोप लगाने से पहले प्रधानमंत्री खुद आईना देखें : ममता



चुनावी सभा में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंच से भरी हुंकार। ● एजेंसी

जलपाईगुड़ी, एजेंसी

- एनआरसी की आड़ में दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को बाहर करना चाहती है भाजपा

पश्चिम बंगाल में केंद्रीय दलों द्वारा की जा रही भ्रष्टाचार संबंधी जांच पर श्वेतपत्र जारी करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पहले खुद आईना देखना चाहिए। जलपाईगुड़ी जिले के मोइनागुड़ी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि उन्होंने भाजपा को बंगाली विरोधी पार्टी बताया और आरोप लगाया कि वह एनआरसी की आड़ में आदिवासियों, दलितों तथा ओबीसी को बाहर करने की योजना बना रही है।

# मतपत्र, 100 फीसदी वीवीपैट पर्ची की गिनती बड़ी चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी



**60** के दशक में हैं जो हमने देखा है, उसे भूले नहीं हैं। हम सभी जानते हैं कि जब मतपत्र की व्यवस्था थी तो क्या हुआ था

उच्चतम न्यायालय ने चुनाव में ईवीएम से पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) पर्ची की 100 फीसदी गिनती या फिर मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था लागू करने को मंगलवार को अव्यवहारिक होने का संकेत दिया।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की याचिका पर सुनवाई के दौरान 1960 के दशक में मतपत्रों से चुनाव के दौर को याद किया और कहा कि देश में फिलहाल मतदाताओं की संख्या 96 करोड़ से अधिक है। ऐसे में पुरानी मतपत्र या वीवीपैट की 100 फीसदी की गिनती व्यवस्था से चुनाव कराना बहुत बड़ी चुनौती वाला कार्य होगा है। कोर्ट ने कहा 60 के दशक में हैं जो हमने देखा है, उसे भूले नहीं हैं। हम सभी जानते हैं कि जब मतपत्र की व्यवस्था थी तो क्या हुआ था, आप भी जानते होंगे। एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा अदालत बूथ कब्जा की घटनाओं का जिक्र कर रही थी। इस पर पीठ ने कहा हम इसमें नहीं पड़ना चाहते। हम सभी मतपत्र प्रणाली की कमियां जानते हैं। श्री भूषण ने कहा कि हेरफेर की आशंका के कारण अधिकांश मतदाता ईवीएम पर भरोसा नहीं करते हैं। उन्होंने दावा किया कि चूंकि ईवीएमएस में लगे चिप्स का स्रोत कोड नहीं दिखाया जाता। इस वजह से उस पर अधिक संदेह पैदा हुआ। उन्होंने ईवीएम के इस्तेमाल और मतपत्रों की वापसी के खिलाफ जर्मनी की संवैधानिक अदालत के फैसले का जिक्र किया, तो पीठ ने कहा हमारे देश की तुलना किसी भी यूरोपीय देश से नहीं की जा सकती।

# मॉब लिंचिंग पर रोक को क्या उठाए कदम : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



- भीड़ हिंसा की घटनाओं में हुई कार्रवाई से अवगत कराने के लिए राज्यों को दिया छह सप्ताह का समय

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को विभिन्न राज्य सरकारों से कथित गोरक्षकों और भीड़ की ओर से पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामलों पर की गई कार्रवाई के बारे में अवगत करने के लिए छह सप्ताह का समय दिया। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने एक महिला संगठन की याचिका पर सुनवाई छह सप्ताह बाद करने का फैसला किया।

याचिका में अनुरोध किया गया था कि राज्यों को कथित गोरक्षकों की ओर से मुसलमानों के खिलाफ भीड़ हिंसा की घटनाओं से निपटने के लिए शीर्ष अदालत के 2018 के एक फैसले के अनुरूप तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया जाए। पीठ ने आदेश दिया कि हमने पाया है कि अधिकतर राज्यों ने 'मॉब लिंचिंग' के उदाहरण पेश करने वाली रिट याचिका पर अपने जवाबी हलफनामे दाखिल नहीं किए हैं। राज्यों से अपेक्षा थी कि वे कम से कम इस बात का जवाब दें कि ऐसे मामलों में क्या कार्रवाई की गयी है। हम उन राज्यों को छह सप्ताह का समय देते हैं जिन्होंने अपना जवाब दाखिल नहीं किया है। शीर्ष अदालत भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े संगठन 'नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वुमेन' की याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

## कानूनी प्रक्रिया में बाधा पहुंचाने वाले कदम सही नहीं : आयोग

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों द्वारा सरकार पर उसके नेताओं को निशाना बनाने के लिए जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाये जाने के बीच निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा कि वह सभी पार्टियों को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसा कोई कदम उठाना सही नहीं है जो कानूनी और न्यायिक प्रक्रिया में आड़े आ सकता है। विपक्षी गठबंधन इंडिया के कई घटक दलों ने सरकार पर उनके नेताओं को निशाना बनाने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए निर्वाचन आयोग का रुख किया था। कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद विपक्षी दलों ने सरकार पर नये सिरे से हमले शुरू कर दिए। उन्होंने सरकार पर लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी नेताओं की आवाज बंद करने का आरोप लगाया।

# गोलीबारी से पहले तीन बार की सलमान के घर की रेकी

मुंबई, एजेंसी

- सागर व विक्की को लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह ने सौंपा था काम
- कच्छ जिले के माता नो माध गांव से गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी

मुंबई में अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी की घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए दोनों लोगों ने 14 अप्रैल को घटना को अंजाम देने से पहले कम से कम तीन बार इस जगह की 'रेकी' की थी।

बिहार के चंपारण के मूल निवासी विक्की गुप्ता (24) और सागर पाल (21) को सोमवार देर रात गुजरात के कच्छ जिले में माता नो माध गांव से गिरफ्तार किया गया था। गुजरात पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि गुप्ता और पाल को जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह ने सलमान खान के घर पर गोली चलाने का काम सौंपा था। जब बिश्नोई की भूमिका के बारे में पूछा गया तो मुंबई पुलिस के अधिकारी ने कहा कि वे पड़ताल कर रहे हैं। गत रविवार को तड़के दो मोटरसाइकिल सवार युवकों ने यहां बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट में के घर के बाहर गोली चलाई थी। पुलिस के अनुसार गैलेक्सी अपार्टमेंट पर चलाई गईं पांच गोलियों में से एक दीवार पर और एक सलमान के घर की गैलरी में लगी थी। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पाल ने गोली चलाई थी, वहीं बाइक चलाते हुए गुप्ता गिरोह के सदस्यों के साथ संपर्क में था। कच्छ पश्चिम के पुलिस उप महानिरीक्षक महेंद्र बागड़िया ने आज दिन में कहा था, प्रारंभिक जांच में सामने आया कि सागर पाल और विक्की गुप्ता को खान के घर पर गोली चलाने का काम लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह ने सौंपा था।

# केजरीवाल के डॉक्टर से परामर्श अनुरोध पर ईडी से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी



- रक्त शर्करा स्तर घटने-बढ़ने पर चिकित्सकीय परामर्श के लिए दिल्ली के सीएम ने किया आवेदन

दिल्ली की अदालत ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से डॉक्टर से परामर्श करने के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के अनुरोध वाले आवेदन पर मंगलवार को ईडी से जवाब मांगा है।

विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल के समक्ष दायर आवेदन में केजरीवाल ने कहा कि उनका रक्त शर्करा स्तर घट-बढ़ रहा है और वह अपने डॉक्टर से परामर्श करना चाहते हैं। न्यायाधीश ने ईडी को 18 अप्रैल तक उसका जवाब देने का निर्देश दिया। अदालत उस दिन इस पर सुनवाई कर सकती है। याचिका के विरोध में ईडी के वकील ने दलील दी कि जेल में रोगियों के लिए सुविधाएं हैं तथा उनका चिकित्सा परीक्षण हो सकता है।

### 'मेरा नाम अरविंद है और मैं आतंकवादी नहीं हूं'

**नई दिल्ली।** आप नेता संजय सिंह ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री ने तिहाड़ जेल से एक संदेश जारी कर कहा है मेरा नाम अरविंद केजरीवाल है और मैं कोई आतंकवादी नहीं हूं। सिंह ने जेल में केजरीवाल से किए जा रहे व्यवहार पर भाजपा) की आलोचना की। सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा प्रतिशोध और दुर्भावना के चलते उन्हें तोड़ना चाहती है, लेकिन वह इन सबसे और अधिक मजबूत होकर उभरेंगे।

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 07 | 361 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 07 | 318 |
| सुनील नरेन (कोलकाता) | 06 | 276 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 07 | 12 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 06 | 10 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 05 | 10 |

## आईपीएल-2024 में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी

आईपीएल 2024 में सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले खिलाड़ियों में हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन पहले स्थान पर हैं। वहीं राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग दूसरे, लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन तीसरे स्थान तथा हैदराबाद के अभिषेक शर्मा, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के दिनेश कार्तिक और संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के शिवम दूबे, मुम्बई इंडियंस के रोहित शर्मा और दिल्ली कैपिटल्स के ट्रिस्टन स्टब्स 15 छक्कों के साथ 5वें स्थान पर हैं।

24



हेनरिक क्लासेन



रियान पराग

20

19




निकोलस पूरन



दिनेश कार्तिक

18

18



अभिषेक शर्मा

# कोलकाता नाइट राइडर्स पर भारी बटलर का जोश

## मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को दो विकेट से हराया, अंकतालिका में शीर्ष पर कायम




जोस बटलर

कोलकाता, एजेंसी

जोस बटलर की नाबाद 107 रनों की शतकीय और रियान पराग के 34 रनों की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के 31वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को दो विकेट से हरा दिया है। 224 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (19) का विकेट गवां दिया। उसके बाद कप्तान संजू सैमसन (12) भी पवेलियन लौट गये। ध्रुव जुरेल (2), रवि अश्विन (8), शिमरॉन हेटमायर (शून्य) रोवमन पॉवेल (2) रन बनाकर आउट हुये। रोवमन पॉवेल ने 26 रन बनाये।

जोस बटलर ने नौ चौके और छह छक्के लगाते हुए नाबाद 107 रन की शतकीय पारी खेली। राजस्थान ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 224 रन बनाते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम पर दो विकेट से जीत दर्ज की है। राजस्थान की यह सात मैचों में छठी जीत है और वह अंक तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है। कोलकाता की ओर से हर्षित राणा, सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिये। वैभव अरोड़ा ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

मंगलवार को ईडन गार्डंस में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ही ओवर में उसने सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट 10 रन का विकेट गवां दिया। फिल को आवेश खान ने अपनी गेंद पर कैच आउट किया। उसके बाद सुनील नारायण ने अंगकृष रघुवंशी के साथ दूसरे विकेट के लिये 85 रन जोड़े। 11वें ओवर में कुलदीप सेन ने अंगकृष रघुवंशी को आर अश्विन के हाथों कैच आउट करा दिया। रघुवंशी ने 18 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 30 रन बनाये। कप्तान श्रेयस अय्यर 11 रन को यजुवेन्द्र चहल ने पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। आंद्रे रसेल 13 रन बनाकर आउट हुये। सुनील नरेन ने 16वें ओवर में 49 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। सुनील नरेन ने 109 रनों की पारी में 13 चौके और छह छक्के लगाये। उन्हें 18वें ओवर में बोल्ट ने बोल्ड आउट किया। वेंकटेश अय्यर आठ रन बनाकर आउट हुये। रिंकू सिंह एक चौका और दो छक्के लगाकर 20 रन बनाकर नाबाद रहे। रमनदीप सिंह भी एक रन बनाकर नाबाद रहे। कोलकाता ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 223 रन का स्कोर खड़ा किया। राजस्थान रॉयल्स की ओर से आवेश खान और कुलदीप सेन ने दो-दो विकेट लिये। ट्रेंट बोल्ट और युजवेंद्र चहल को एक-एक विकेट मिला।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 | +0.677 |
| कोलकाता | 6 | 4 | 2 | 8 | +1.399 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.726 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.502 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 3 | 6 | +0.038 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.637 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.218 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.234 |
| दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.975 |
| बेंगलुरु | 7 | 1 | 6 | 2 | -1.185 |

### कोलकाता 223/6

20 ओवर, अतिरिक्त : 21

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट कॉट एण्ड बोल्ड आवेश | 10 | 13 | 1/0 |
| सुनील नरेन बोल्ड बोल्ट | 109 | 56 | 13/6 |
| अंगकृष का अश्विन बो के सेन | 30 | 18 | 5/0 |
| श्रेयस अय्यर पगबाधा चहल | 11 | 07 | 1/1 |
| रसेल का जुरेल बो आवेश | 13 | 10 | 2/0 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 20 | 09 | 1/2 |
| वेंकटेश का जुरेल बो के सेन | 08 | 06 | 1/0 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** ट्रेंट बोल्ट 4-0-31-1, आवेश खान 4-0-35-2, कुलदीप सेन 4-0-46-2, युजवेंद्र चहल 4-0-54-1, रवि अश्विन 4-0-49-0

### राजस्थान 224/8

20 ओवर, अतिरिक्त : 16

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी का वेंकटेश बो वैभव | 19 | 09 | 3/1 |
| जोस बटलर नाबाद | 107 | 60 | 9/6 |
| संजू सैमसन का नरेन बो हर्षित | 12 | 08 | 2/0 |
| रियान पराग का रसेल बो हर्षित | 34 | 14 | 4/2 |
| ध्रुव जुरेल पगबाधा नरेन | 02 | 04 | 0/0 |
| अश्विन का रघुवंशी बो चक्रवर्ती | 08 | 11 | 1/0 |
| हेटमायर का श्रेयस बो चक्रवर्ती | 00 | 01 | 0/0 |
| रोवमन पॉवेल पगबाधा नरेन | 26 | 13 | 1/3 |
| ट्रेंट बोल्ट रन आउट (श्रेयस/स्टार्क) | 00 | 01 | 0/0 |
| आवेश खान नाबाद | 00 | 00 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** मिचेल स्टार्क 4-0-50-0, वैभव अरोड़ा 3-0-45-1, हर्षित राणा 4-0-42-2, सुनील नरेन 4-0-30-2, वरुण चक्रवर्ती 4-0-36-2, आंद्रे रसेल 1-0-17-0

## खेल डायरी

### यूनान में पेरिस ओलंपिक की लौ जलाई गयी

**प्राचीन ओलंपिया (यूनान)।** पेरिस ओलंपिक में जलने वाली लौ दक्षिणी यूनान में प्राचीन खेलों के स्थल पर जलाई गयी। बादलों के कारण मंगलवार को पारंपरिक तरीके से लौ जलाने के प्रयास विफल हो गये। पारंपरिक तरीके में चांदी की मशाल जलाने के लिए सूरज का इस्तेमाल किया जाता है, जिसके लिए प्राचीन यूनान की पुजारिन की पोशाक पहने एक युवती हाथ में मशाल लिये रहती थी। बल्कि मंगलवार को एक 'बैकअप' लौ का उपयोग किया गया था, जिसे सोमवार को अंतिम 'रिहर्सल' के दौरान उसी स्थान पर जलाया गया था।

### सबालेंका स्टुटगार्ट में पोर्शे ग्रां प्री में बडोसा से भिड़ेंगी

**स्टुटगार्ट (जर्मनी)।** पाउला बडोसा ने डायना श्नाइडर पर 6-3, 6-4 की जीत से स्टुटगार्ट पोर्शे ग्रां प्री टेनिस प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया। जिसमें उनका सामना दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका से होगा। सबालेंका स्टुटगार्ट में पिछले तीन साल से उप विजेता रही हैं। वह 2021 में फाइनल में क्रमश: पूर्व नंबर एक एशले बार्टी तथा 2022 और 2023 के फाइनल में मौजूदा नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक से हार गयी थीं। अमेरिका के सचिया विक्रे ने बेलारूस की अलियांकसांद्रा सासनोविच को 7-6, 7-5 से पराजित किया और अब दूसरे दौर में उनका सामना हमवतन कोको गॉफ से होगा।

### दीपिका सोरेंग को हॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा पुरस्कार

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने भारतीय महिला हॉकी टीम की फारवर्ड दीपिका सोरेंग वर्ष के उभरते खिलाड़ी के लिए प्रतिष्ठित हॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा पुरस्कार से सम्मानित किया है। दीपिका को वर्ष 2023 के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने महिला जूनियर एशिया कप में टीम के लिए पदार्पण करते हुए छह मैचों में सात गोल दागकर टीम को स्वर्ण पदक जीतने में मदद की और टूर्नामेंट में टीम के लिए दूसरे सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी के रूप में उभरीं।

### डी गुकेश ने नेपोमनियाच्ची से ड्रा खेला

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 10वें दौर में रूस के इयान नेपोमनियाच्ची से ड्रा खेलकर इस खिलाड़ी के साथ संयुक्त शीर्ष बढ़त कायम रखी। भारतीयों के बीच हुए मुकाबले में आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती ने भी अंक बांटे जबकि फैबियानो कारूआना ने फिरोजा अलीरेजा को और हिकारू नाकामूरा ने निजात अबासोव को पराजित किया। अब साल के इस सबसे बड़े टूर्नामेंट में महज चार राउंड बचे हैं। गुकेश और नेपोमनियाच्ची के समान छह छह अंक हैं जबकि प्रज्ञानानंदा, कारूआना और नाकामूरा इनसे आधा अंक पीछे हैं। गुजराती के छह अंक हैं, जिससे वह अकेले छठे स्थान पर काबिज हैं।

### पेरिस ओलंपिक: इंग्लैंड ने की तैराकी टीम की घोषणा

**लंदन।** इंग्लैंड ने पेरिस ओलंपिक 2024 में भाग लेने वाली पूल और मैराथन स्पर्धाओं के लिए अपनी 33 सदस्यीय तैराकी टीम की मंगलवार को घोषणा की। टीम में तीन बार की ओलंपिक चैंपियन एडम पीटी, दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टॉम डीन और जेम्स गाइ, ओलंपिक चैंपियन अन्ना हॉपकिन, कैथलीन डॉसन, फ्रेया एंडरसन और मैट रिचर्ड्स और टोक्यो ओलंपिक 2020 में चार पदक जीतने वाले डंकन स्कॉट का टीम में चयन किया गया है। मैराथन तैराकी के लिए टोक्यो 2020 ओलंपियन और फरवरी में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता हेक्टर पार्डो को भी टीम में शामिल किया गया है।

## ऑस्ट्रेलिया से निपटने को बेहतर पासिंग की जरूरत

नयी दिल्ली, एजेंसी

पूर्व ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञ रूपिंदर पाल सिंह को लगता है कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम बेहतर रक्षात्मक तालमेल और बेहतर पासिंग से ऑस्ट्रेलिया की आक्रामक खेल शैली से निपट सकती है। हाल में भारत को पर्थ में हुई पांच टेस्ट की श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। यह दौरा भारत के लिए निराशाजनक रहा जबकि इससे पहले टीम ने एफआईएच प्रो लीग में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था।

टीम से जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक में तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक से बेहतर या इसके बराबरी वाले प्रदर्शन की उम्मीद है। भारत की 2014 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य सिंह हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस नतीजे से ज्यादा चिंतित नहीं हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि टीम प्रत्येक मैच के साथ सुधार करती गयी। सिंह ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''हम पहला मैच 5-1 से हारे लेकिन इसके बाद टीम ने सुधार किया और स्कोर बराबरी का रहा। हमने कुछ मौके गंवाये जिसे देखते हुए ओलंपिक से पहले कुछ काम करने की जरूरत है। यह श्रृंखला पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए थी।

## स्टार खिलाड़ी होने के नाते मैक्सवेल दबाव में था : पोंटिंग

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने मंगलवार को ग्लेन मैक्सवेल के प्रति सहानुभूति दिखाते हुए कहा कि लगातार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का स्टार खिलाड़ी होने का दबाव उन पर हावी हो गया और उन्होंने खेल से अनिश्चिकालीन 'मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य' ब्रेक लेकर सही फैसला किया। मैक्सवेल ने अपने करियर में दूसरी दफा इस तरह का ब्रेक लिया है। आईपीएल के इस चरण में लगातार कम स्कोर के बाद इस ऑस्ट्रेलियाई ऑलरांउडर ने सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में आराम दिये जाने के बारे में कहा। पोंटिंग ने पीटीआई से कहा, ''आरसीबी की टीम में ग्लेन जैसे खिलाड़ी का होना, वह विराट कोहली के साथ टीम का बड़ा खिलाड़ी है जिससे उस टीम में खेलते हुए इन दोनों खिलाड़ियों पर काफी दबाव होता है। अगर वे अच्छा नहीं करते और नतीजे अच्छे नहीं आते तो दबाव होता है।'' आरसीबी इस समय 10 टीम की तालिका में सात मैच में छह हार से अंतिम स्थान पर चल रही है। पोंटिंग ने कहा, ''अगर आप देखो कि टूर्नामेंट में उन्होंने कैसा प्रदर्शन किया है तो दबाव व्यक्तिगत खिलाड़ी पर भी आ जाता है। मैंने आज सुबह वो लेख देखा कि ग्लेन हटना चाहते हैं।''



टीमों के खिलाफ प्रदर्शन

| टीम | |
|---|---|
| चेन्नई | 00 |
| पंजाब | 03 |
| कोलकाता | 28 |
| लखनऊ | 00 |
| राजस्थान | 01 |
| मुंबई | 00 |

## गुजरात और दिल्ली को निरंतरता की तलाश

अहमदाबाद, एजेंसी

● **मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।**

निरंतरता हासिल करने की कोशिश में जुटी गुजरात टाइटन्स और दिल्ली कैपिटल्स दोनों ही टीम बुधवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में बेहतर प्रदर्शन कर एक-दूसरे को पराजित करने के इरादे से मैदान में उतरेंगी। पिछले दो चरण की तरह गुजरात टाइटन्स अभी तक एकजुट होकर शानदार प्रदर्शन नहीं कर सकी है, हालांकि उनके पास अपनी कमियों को पूरा करने का अब भी काफी समय है।

गुजरात टाइटन्स ने तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 10 अप्रैल को अंतिम गेंद में जीत हासिल की थी और अगर उसे अपने अभियान में जान फूंकनी है तो उसे ऐसा ही प्रदर्शन करने की जरूरत है। टीम अपने पहले छह मैच में केवल दो में ही जीत सकी है और अभी आठ मैच बाकी हैं तो शुभमन गिल की अगुआई वाली टीम के पास चीजों का रुख बदलने के लिए काफी समय है। शमी की अनुपस्थिति हालांकि उसके लिए नुकसानदायक रही है लेकिन उन्हें अपने सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध गेंदबाजों का सही इस्तेमाल करना होगा।

# बॉलीवुड हलचल


## आम्रपाली दुबे स्टारर कभी खुशी कभी गम का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** प्रदीप पांडेय चिंटू, आम्रपाली दुबे और संचिता बनर्जी स्टारर फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यशी फिल्म्स - अभय सिन्हा एवं रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट प्रस्तुत और निर्माता निशांत उज्जवल की फिल्म कभी खुशी कभी गम का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में प्रदीप पांडेय चिंटू, आम्रपाली दुबे और संचिता बनर्जी के बीच की कहानी दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करने वाली है।फिल्म में महानायक कुणाल सिंह सिंह की दमदार उपस्थिति भी है। निर्माता निशांत उज्जवल ने कहा कि फिल्म कभी खुशी कभी गम इंसानी रिश्तों की धूप छांव की कहानी है। ट्रेलर में इसकी एक झलक देखने को मिल रही है, लेकिन जब दर्शक इसे बड़े परदे पर देखेंगे तो दंग रह जायेंगे। उन्होंने बताया कि फिल्म कभी खुशी कभी गम के लिए एक बार फिर से आम्रपाली दुबे और संचिता बनर्जी लकी चार्म साबित होंगी, जिन्हें दर्शक फिल्म निरहुआ हिंदुस्तानी 2 के बाद फिर से एक साथ देख पाएंगे। इनकी जोड़ी जब भी आती है, फिल्म का हिट होना तय माना जाता है, और वैसे भी यदि देखा जाए तो दोनों गजब की अदाकारा हैं, जिन्होंने चिंटू के साथ मिलकर फिल्म के ग्राफ को और भी बढ़ा दिया है। अब फिल्म को जल्द ही रिलीज करेंगे।



## खेसारी की रंग दे बसंती 7 जून को होगी रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की बहुचर्चित भोजपुरी फिल्म 'रंग दे बसंती' 07 जून को रिलीज होगी। फिल्म के निर्माता रौशन सिंह ने बताया कि सेंसर बोर्ड के प्रॉब्लम के बाद अब यह फिल्म रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म अपने ओरिजिनल नाम के साथ ही 07 जून को पैन इंडिया सिनेमाघरों में होगी।इस फिल्म को बड़े पैमाने पर रिलीज किया जा रहा है, फिल्म मल्टीप्लेक्स में भी दिखाई देगी। उन्होंने बताया कि अभी देशभर के मल्टीप्लेक्स और सिंगल स्क्रीन में इस फिल्म के ट्रेलर चल रहे हैं, जो पहली बार हुआ है, जब बॉलीवुड फिल्मों के बीच में ट्रेलर चल रहा है। यह फिल्म 250 से ज्यादा स्क्रीन पर पैन इंडिया रिलीज होने वाली है। फिल्म रंग दे बसंती के निर्माता रौशन सिंह और सह निर्माता शर्मिला आर सिंह हैं। निर्देशक प्रेमांशु सिंह हैं। इस फिल्म में खेसारीलाल यादव, रति पांडे और डायना खान के साथ अमिताभ भट्टाचार्य, फिरोज खान और मास्टर ऋषभ यादव राज प्रेमी, मीर सरवर, अमित तिवारी, समर्थ चतुर्वेदी, प्रकाश जैश, ज्योति कलश, संजय महानंद, रीना रानी, श्रद्धा नवल, सुजान सिंह, सोनू पांडेय, रितु चौहान, रिंकू भारती, नेहा पाठक, खुशबू यादव, संजय वर्मा, अखिलेश कुमार अक्की, सूर्या द्विवेदी, निकिता भारद्वाज और चाहत प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी मनोज कुशवाहा ने लिखी है। संगीतकार ओम झा हैं। गीतकार प्यारेलाल यादव, अरविंद तिवारी, राकेश निराला, डॉ. कृष्णा एन शर्मा और सत्य सावरकर हैं। डीओपी वासु, कोरियोग्राफर रिकी गुप्ता, कला राजीव शर्मा का है।



## मिस्टर एंड मिसेज माही देखने के लिए एक्साइटेड हैं अभिनेत्री आलिया भट्ट

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट, राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही देखने के लिए एक्साइटेड हैं। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। आलिया भट्ट ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम की स्टोरी पर ''मिस्टर एंड मिसेज माही'' का पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को आलिया ने ने जाह्नवी और राजकुमार को टैग करते हुए कैप्शन में लिखा कि इंतजार नहीं हो रहा शैरी। मिस्टर एंड मिसेज माही 31 मई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

अमृत विचार www.amritvichar.com

# कांग्रेस ने की आयरलैंड में भारत के राजदूत को बर्खास्त करने की मांग



- राजदूत द्वारा कांग्रेस की आलोचना करने पर जयराम रमेश ने जताई आपत्ति

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आयरलैंड में भारत के राजदूत द्वारा एक स्थानीय दैनिक के संपादकीय का जवाब देते हुए कांग्रेस की आलोचना करने पर मंगलवार को कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि एक राजनयिक का सरेआम पार्टी सदस्य की तरह विपक्षी दलों पर हमला करना शर्मनाक व्यवहार है और उन्हें बर्खास्त करना चाहिए।

'द आइरिश टाइम्स' को दिए अपने जवाब में भारतीय राजदूत अखिलेश मिश्रा की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश उन पर निशाना साधा। अखबार में 11 अप्रैल को छपे संपादकीय को लेकर भेजे जवाब में मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को न केवल भारत में बल्कि विश्वस्तर पर अभूतपूर्व लोकप्रियता और कद हासिल है। यह नवीन, समावेशी शासन और सतत विकास पर त्रुटिहीन व्यक्तिगत चरित्र और ईमानदारी और विचारवान नेतृत्व के कारण है। राजदूत ने यह भी लिखा भ्रष्टाचार की गहरी जड़ें जमा चुके तंत्र (भारत में एक ही वंशवादी पार्टी द्वारा 55 साल के शासन द्वारा निर्मित) के खिलाफ लड़ाई मोदी की लगातार बढ़ती लोकप्रियता के पीछे एक प्रमुख कारक है। उनकी इस टिप्पणी को लेकर रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि भारत सरकार का बचाव करना एक बात है और (एक राजनयिक से) इसकी उम्मीद भी की जानी चाहिए, लेकिन एक पक्ष की तरह इस तरह से विपक्षी दलों पर खुलेआम हमला करने की उम्मीद नहीं की जाती है।

# राजधानी की घेराबंदी मामले में जांच आयोग ने आईएसआई के पूर्व प्रमुख को दी क्लीन चिट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में एक जांच आयोग ने एक कट्टरपंथी धार्मिक समूह के कार्यकर्ताओं द्वारा 2017 में राजधानी इस्लामाबाद और रावलपिंडी में धरने को लेकर 'इंटर सर्विस इंटेलिजेंस' (आईएसआई) के पूर्व महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) फैज हमीद को दोष मुक्त कर दिया है।

चरमपंथी समूह तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) ने 2017 में इस्लामाबाद की घेराबंदी की थी और फ्रांस में ईशनिंदा कार्टून के प्रकाशन के कारण फ्रांसीसी राजदूत के निष्कासन की मांग की थी। बाद में मौजूदा प्रधान न्यायाधीश काजी फैज़ ईसा के नेतृत्व वाली उच्चतम न्यायालय की एक पीठ ने 2019 में एक फैसले में प्रदर्शन की जांच करने और अपराधियों की पहचान करने का आदेश दिया। शीर्ष अदालत के एक फैसले के बाद जांच आयोग का गठन किया गया।आयोग ने अपनी रिपोर्ट में खुफिया एजेंसियों और उनके शीर्ष अधिकारियों को क्लीन चिट देते हुए कहा कि प्रांतीय और संघीय सरकारों के तत्कालीन उच्च पदस्थ अधिकारियों में से किसी ने भी एजेंसियों या किसी अन्य अधिकारी पर टीएलपी प्रदर्शनकारियों की मदद करने का आरोप नहीं लगाया।

## अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल के पास गिरा हिमखंड, चंद्रा नदी का बहाव रुका

# हिमाचल प्रदेश में मौसम ने बजाई खतरे की घंटी

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश के अटल टनल रोहतांग के नार्थ पोर्टल के समीप हिमखंड गिरा है। हिमखंड गिरने से चंद्रा नदी का बहाव रुक गया है। इस दौरान लाहौल-स्पीति पुलिस ने लाउडस्पीकर के जरिए सिस्सू व आसपास आए पर्यटकों को आगाह किया है कि नदी के तट पर न जाएं। पुलिस ने क्षेत्र में पेट्रोलिंग शुरू कर दी है, ताकि कोई भी पर्यटक अनजाने में नदी तट की ओर रुख न करे। लाउड स्पीकरों के माध्यम से कहा गया कि कभी भी नदी विकराल रूप धारण कर सकती है। नदी का जलस्तर सिस्सू की तरफ कभी भी बढ़ सकता है।

बता दें हिमपात से हिमस्खलन की आशंका बनी हुई है। प्रशासन ने लोगों से आग्रह किया कि मौसम की स्थिति देखते हुए ही वह घरों से बाहर निकलें। हिमाचल प्रदेश के लिए मौसम का पूर्वानुमान जैसा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पूर्वानुमान लगाया है, अगले पखवाड़े में बारिश, तूफान, बर्फबारी और रुक-रुक कर शुष्क दौर की उम्मीद है। प्रदेश के मध्य और ऊंची पहाड़ियों में ठंड की स्थिति बनी हुई है, जो हाल की बर्फबारी से और बढ़ गई है।



शिमला के ठियोग में एंटी-हेल नेट से ढका सेब के बगीचा ● एजेंसी

राजधानी शहर का औसत तापमान 13-14 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है, जो वर्षा के साथ और भी गिर जाता है। आज चुनिंदा मध्य ऊंचाई वाले इलाकों और अलग-अलग निचले इलाकों में हल्की बारिश या हिमपात हो सकता है। आगामी 17 अप्रैल को छोड़कर अगले पांच दिनों तक राज्य में नमी और बादल छाए रहने की संभावना है। बर्फ रुक-रुक कर गिर रही है, जिससे परिदृश्य एक प्राचीन सफेद परत में ढक गया है। ताजा बर्फ पहाड़ों में एक शांत सुंदरता लाती है, जो साहसी आत्माओं को शीतकालीन वंडरलैंड का पता लगाने के लिए लुभाती है। ऊंचे इलाकों में कभी-कभार हिमपात के अलावा, निचले इलाकों में ताजा बारिश की बौछारें हो रही हैं। बारिश एक स्वागत योग्य राहत है, जो वनस्पतियों और जीवों को पुनर्जीवित करती है और घाटियों में जीवन लाती है। बारिश और बर्फ का यह मिश्रण सड़क पर फिसलन की स्थिति पैदा कर सकता है, इसलिए यात्रियों को सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है।

## एक नजर



### इंडोनेशिया में मलबे से निकाले शव भूस्खलन में अब तक 20 की मौत

**ताना तोराजा (इंडोनेशिया)।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर बचावकर्मियों द्वारा तीन वर्षीय एक बच्ची एवं उसकी मां के शवों को निकाले जाने के साथ ही भूस्खलन में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़ कर 20 हो गयी है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि घटनास्थल पर खड़ी चट्टानों के कारण भारी उपकरण नहीं ले जाये जा सके। ऐसे में बचावकर्मियों ने छोटे औजारों की मदद से ही मिट्टी हटाई। इस बचाव एवं तलाश कार्य में कम से कम 20 बचाव कर्मियों/अधिकारियों एवं दर्जनों स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। स्थानीय पुलिस प्रमुख गुनार्डी मुंडू ने बताया कि शनिवार को दक्षिण सुलावेसी प्रांत में ताना तोराजा जिले के दक्षिण मकाले गांव में मूसलाधार वर्षा के कारण भूस्खलन हुआ और चार मकान मलबे के नीचे दब गए।

### लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित होंगे अमिताभ बच्चन



**मुंबई।** अभिनेता अमिताभ बच्चन को लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। मंगेशकर परिवार ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। परिवार और ट्रस्ट ने लता मंगेशकर की याद में इस पुरस्कार की शुरुआत की थी जिनका 6 फरवरी, 2022 को निधन हो गया था। बच्चन को यह सम्मान लता मंगेशकर के पिता एवं संगीत जगत के दिग्गज दीनानाथ मंगेशकर के स्मृति दिवस पर 24 अप्रैल को प्रदान किया जाएगा। लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार के नाम से जाना जाने वाला यह पुरस्कार हर साल ऐसे व्यक्ति को दिया जाता है जिसने राष्ट्र, इसके लोगों और समाज के लिए अग्रणी योगदान दिया हो।

### जॉर्डन ने हवाई क्षेत्र के उल्लंघन को रोकने के लिए बढ़ाई उड़ानों की संख्या

**अम्मान।** जॉर्डन की वायु सेना ने हवाई क्षेत्र के उल्लंघन को रोकने के लिए उड़ानों की संख्या बढ़ा दी है। जॉर्डन समाचार एजेंसी ने मंगलवार को जॉर्डन के सशस्त्र बलों के एक प्रवक्ता का हवाला देते हुए बताया कि यह निर्णय किसी भी पार्टी को किसी भी उद्देश्य के लिए देश के हवाई क्षेत्र का उपयोग करने की अनुमति नहीं देने की जॉर्डन की दृढ़ स्थिति की पुष्टि करता है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बताया कि शनिवार रात को ईरान की इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गॉर्ड कोर ने इजरायली क्षेत्रों में पहला सीधा तीन सौ से अधिक ड्रोन और मिसाइल हमला किया।

### अपराध की श्रेणी में आएगा बिना सहमति के डीपफेक तस्वीरें बनाना

**लंदन।** ब्रिटिश सरकार ने मंगलवार को कहा कि अश्लील डीपफेक सामग्री बनाने वाले लोगों को एक नए कानून के तहत मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। यह कानून इस समय संसदीय प्रक्रिया से गुजर रहा है। डीपफेक से आशय ऐसी छवियों और वीडियो से है जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अथवा अन्य तकनीकों से तैयार की जाती हैं और जिसमें आमतौर पर पीड़ित की सहमति नहीं होती। नए कानून के तहत बिना सहमति के इस तरह की तस्वीरें बनाने वाले लोगों को आपराधिक कार्यवाही और भारी जुर्माने का सामना करना पड़ेगा और दोषियों को जेल भेजा जा सकता है।

# आधुनिक युग में विकसित देशों के साथ कदम से कदम मिला रहा भारत : क्रूस

## हिंद प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और जापान के साथ भारत का सहयोग मजबूत

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी खुफिया अधिकारी बोले- भारत ने सेना को आधुनिक बनाने और रूसी हथियारों पर निर्भरता कम करने के लिए उठाए कदम

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के एक शीर्ष खुफिया अधिकारी ने संसद को बताया कि साल 2023 में भारत ने हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की गतिविधियों का मुकाबला करने की अधिक इच्छाशक्ति प्रदर्शित करते हुए अपनी सेना के आधुनिकीकरण और रूस के उपकरणों पर निर्भरता कम करने के लिए कदम उठाए। रक्षा खुफिया एजेंसी के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जेफरी क्रूस ने चीन को लेकर रक्षा खुफिया पर संसद में एक सुनवाई के दौरान यह बात कही थी।

क्रूस ने सदन की सशस्त्र सेवा समिति और खुफिया उपसमिति के सदस्यों को बताया कि पिछले वर्ष भारत ने जी-20 के आर्थिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करके खुद को एक वैश्विक अगुआ के रूप में प्रदर्शित किया और पूरे हिंद प्रशांत क्षेत्र में पीआरसी (पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना) की गतिविधि का मुकाबला करने की इच्छाशक्ति प्रदर्शित की। उन्होंने कहा कि भारत ने प्रशिक्षण और रक्षा बिक्री के माध्यम से फिलीपीन जैसे दक्षिण चीन सागर के क्षेत्रीय दावेदारों के साथ हिंद प्रशांत क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाई है और अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस व जापान के साथ अपने सहयोग को और मजबूत किया है। क्रूस ने कहा कि वर्ष 2023 में भारत ने चीन से प्रतिस्पर्धा करने और रूसी उपकरणों पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए अपनी सेना को आधुनिक बनाने के लिए कदम उठाए। भारत ने स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत का समुद्री परीक्षण किया और प्रमुख रक्षा प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण पर कई पश्चिमी देशों के साथ बातचीत भी की। भारत ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर अपना तटस्थ रुख बरकरार रखा है।

क्रूस ने कहा कि रूस भारत का सबसे बड़ा रक्षा साझेदार है और भारत ने अपनी रक्षा खरीद साझेदारी में विविधता लाने की इच्छा के बावजूद रूस से सतह से हवा में मार करने वाली एस-400 मिसाइल प्रणाली जैसे हथियारों खरीद जारी रखी है। उन्होंने सांसदों से कहा कि भारत सरकार आगामी लोकसभा चुनाव को सुरक्षित करने, आर्थिक विकास को बनाए रखने और अपनी 'मेक इन इंडिया' पहल को सैन्य आधुनिकीकरण के लिए तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगी जिसका उद्देश्य चीन का मुकाबला करना है। भारत और चीन के बीच साल 2020 में गलवान में हुए संघर्ष में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे जबकि चीन की सेना के कम से कम पांच सैनिक भी मारे गए थे। क्रूस ने सांसदों को बताया कि पाकिस्तान ने कश्मीर के बारे में भारत के साथ विवाद को सुलझाने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित अंतर्राष्ट्रीय समर्थन मांगा है।

### सुरक्षा परिषद को पुनर्गठन की आवश्यकता : भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने एक पुनर्गठित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की आवश्यकता को रेखांकित किया है, जो आज के संयुक्त राष्ट्र की भौगोलिक और विकासात्मक विविधता को बेहतर ढंग से दर्शाए। साथ ही भारत ने इस बात पर जोर दिया कि संयुक्त राष्ट्र के अधिकतर सदस्य शक्तिशाली यूएनएससी में स्थायी सीटों की संख्या बढ़ाए जाने के आह्वान का समर्थन करते हैं। भारत विशेष रूप से ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करते हुए संयुक्त राष्ट्र में सुधारों की मांग करता रहा है। साथ ही यह 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य के रूप में जगह पाने की मांग करने में सबसे आगे रहा है।

### अमेरिका में भारतीय विद्यार्थियों को बेहतर माहौल देने की कोशिश जारी : गुरदीप



- 2024 में तीन गुना बढ़ी है भारतीय विद्यार्थियों की संख्या
- विद्यार्थियों को सतर्क रहने की जरुरत

**वाशिंगटन।** अमेरिका भारत से आने वाले विद्यार्थियों को बेहतर माहौल प्रदान करने की अपनी कोशिश जारी रखे हुए है। एक प्रख्यात भारतीय-अमेरिकी शिक्षाविद ने इस वर्ष भारतीय मूल के या भारत से आने वाले 11 विद्यार्थियों की मौत की खबरों के बीच सोमवार को यह बात कही। अमेरिका में भारतीयों पर हमले की घटनाओं ने भारतीय समुदाय और भारत में रहने वाले विद्यार्थियों के परिजनों की चिंता बढ़ा दी है। अमेरिका में हुई इन मौतों के पीछे हमलावरों के मकसद का फिलहाल पता नहीं चल पाया है और भारतीय राजनयिक मिशनों ने विद्यार्थियों के साथ संपर्क साधने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें छात्र संघों के साथ संपर्क करने और विद्यार्थियों के लिए समय-समय पर जारी निर्देशों से अवगत कराना शामिल है। वर्जीनिया के जॉर्ज मेसन यूनिवर्सिटी में स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग के डिविजनल डीन गुरदीप सिंह ने बताया यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस वर्ष ऐसी घटनाएं हुईं और इतनी तादाद में हुईं।

# बिशप व पादरी पर हमले को आतंकवादी कृत्य मान रही ऑस्ट्रेलियाई पुलिस



गिरजाघर पर चाकूबाजी के बाद ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने बढ़ाई चौकसी। ● एजेंसी

सिडनी, एजेंसी

ऑस्ट्रेलियाई पुलिस का कहना है कि सिडनी में एक गिरजाघर में प्रार्थना के दौरान एक बिशप व पादरी पर चाकू से किए गए हमले के कारण वहां मौजूद और ऑनलाइन प्रार्थना देख रहे लोग सकते में आ गए। पुलिस इसे आतंकवादी कृत्य मान रही है। पुलिस ने क्राइस्ट द गुड शेफर्ड चर्च में हुई चाकू से हमले की घटना के बाद मंगलवार को 16 वर्ष के एक किशोर को गिरफ्तार किया। घटना में बिशप मार मारी इमैनुएल और एक पादरी घायल हुए हैं।

न्यू साउथ वेल्स पुलिस आयुक्त कारेन वेब ने बताया कि संदिग्ध की टिप्पणियां हमले के लिए धार्मिक मकसद की ओर इशारा करती हैं। अधिकारी ने बताया हमें लगता है कि यह हमला एक सोची-समझी साजिश के तहत किया गया क्योंकि इस व्यक्ति ने हमले के लिए ऐसे स्थान को चुना, जो उसके घर के आसपास तक नहीं है। आरोपी चाकू के साथ आया और गिरजाघर में घुसकर बिशप व पादरी पर उसने चाकू से हमला किया। किशोर को पुलिस जानती थी लेकिन वह निगरानी सूची में नहीं था। मुख्य खुफिया एजेंसी ऑस्ट्रेलियन सिक्योरिटी इंटेलिजेंस ऑर्गनाइजेशन (एएसआईओ), ऑस्ट्रेलियन फेडरल पुलिस और प्रांतीय पुलिस मामले की जांच में आतंकवाद रोधी कार्यबल का सहयोगी कर रही हैं।

## दीदार-ए-ताज



दुनिया की सबसे खूबसूरत इमारतों और भारत के एकमात्र अजूबे में शुमार ताज का दीदार पूरी दुनिया करना चाहती है इसीलिए आगरा में पर्यटकों का तांता लगा रहता है। मंगलवार को बॉलीबुड अभिनेत्री माहिरा शर्मा ने भी ताजमहल का दीदार किया। ● एजेंसी

# समझौते की शर्तों को हमास ने किया खारिज

गाजा, एजेंसी

- युद्धविराम पर कोई समझौता नहीं चाहता सिनवार, कहा- अमेरिकी प्रस्तावों के बाद भी पीड़ित होते रहेंगे गाजावासी

फिलिस्तीनी चरमपंथी संगठन हमास ने नवीनतम बंधक समझौते के प्रस्ताव के सभी शर्तों को खारिज कर दिया है, जिससे समझौते के तहत इजराइल द्वारा रिहा किए जाने वाले फिलिस्तीनी कैदियों की संख्या में बढ़ गई है। द टाइम्स ऑफ इजराइल अखबार ने मंगलवार को एक वरिष्ठ इजराइली अधिकारी के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा कि इसके अलावा, हमास समझौते के पहले चरण के हिस्से के रूप में केवल लगभग 20 बंधकों (50 से अधिक उम्र की महिलाओं और पुरुषों) को रिहा करने किया जाना है।

रिपोर्ट में बताया कि हमास ने यह भी मांग की है कि बंधकों को रिहा करने से पहले इजरायल छह सप्ताह के युद्धविराम पर सहमत हो। अखबार ने अधिकारी के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा है, सिनवार (गाजा पट्टी में हमास प्रमुख याह्या) कोई समझौता नहीं चाहता है। उसे इसकी परवाह नहीं है कि अमेरिकी प्रस्ताव के सभी मापदंडों के संबंध में इजराइल के असाधारण लचीलेपन के बाद भी गाजावासी पीड़ित होते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर, 2023 को, हमास ने इजराइल की सीमा में घुसकर और गाजा से बड़े पैमाने पर रॉकेट से हमला किया था। हमले के दौरान इजराइल में करीब 1,200 लोग मारे गए और अन्य 240 लोगों को हमास के लड़ाके बंधक बना कर ले गए थे। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में अब तक 33,700 से अधिक लोग मारे गए हैं।

### इजरायल के खिलाफ ईरान की प्रतिक्रिया होगी और तेज

**अंकारा।** तुर्की में ईरानी राजदूत मोहम्मद हसन हबीबुल्लाहजादेह ने मंगलवार को कहा कि तेहरान इस क्षेत्र में तनाव बढ़ाना नहीं चाहता है लेकिन इजराइल के जवाबी कदमों पर ईरान की प्रतिक्रिया तेज और व्यापक होगी। तुर्की अखबार आयडिनलिक ने राजदूत के हवाले से कहा कि ईरान द्वारा इजरायल पर हमला केवल दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर आतंकवादी हमले में इस्तेमाल किए गए सैन्य लक्ष्यों पर निर्देशित था।

### इजराइल की गोलीबारी में दो फिलिस्तीनियों की हत्या

**रामल्ला।** फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि वेस्ट बैंक के नब्लस शहर के दक्षिण में इजरायल की ओर से की गोलीबारी में कम से कम दो फिलिस्तीनी मारे गए। मंत्रालय ने बताया कि मारे गए दो लोगों की पहचान 30 वर्षीय अब्दुलरहमान माहेर बानी फादेल और 21 वर्षीय मोहम्मद अशरफ बानी जामे के तौर पर हुई है। अकरबा के मेयर सलाह बानी जाबेर ने कहा कि कई बाशिंदों ने अकरबा शहर के उपनगर खिरबेट अल-तवील में फिलिस्तीनियों के एक समूह पर हमला किया, जिसके कारण दो लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए।

# अमेरिका में बढ़ गए हैं हिंदुओं पर हमले



**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी सांसद ने अमेरिका में हिंदुओं और हिंदुत्व के खिलाफ हमलों में काफी वृद्धि होने का दावा करते हुए आगाह किया कि यह नियोजित हिंदू-विरोधी हमलों के शुरुआत भर है। सांसद श्री थानेदार ने सोमवार को नेशनल प्रेस क्लब में कहा कि आज मैं अमेरिका में हिंदुत्व पर हुए हमलों में काफी वृद्धि देख रहा हूं।

श्री थानेदार और चार अन्य भारतीय अमेरिकी सांसदों रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति, एमी बेरा और प्रमिला जयपाल ने हाल ही में न्याय मंत्रालय को पत्र लिखकर हिंदू मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर हमलों में हुई हालिया वृद्धि की जांच कराने का अनुरोध किया था। हिंदूएक्शन संस्था की ओर से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में थानेदार ने शिकायत की कि इन हमलों के जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई और न ही अब तक गिरफ्तारियां हुई हैं।

# परमाणु संयंत्र पर हमले को लेकर आईएईए ने दी चेतावनी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- मारियानो ग्रॉसी बोले- बढ़ रहा है रेडियोलॉजिकल हादसों का जोखिम, तुरंत बदं हो हमले

रूस और यूक्रेन ने यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हुए हमलों के लिए सोमवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के समक्ष एक दूसरे पर दोषारोपण किया। इसको लेकर अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख ने कहा कि इसने दुनिया को खतरनाक रूप से परमाणु हादसे के करीब पहुंचा दिया है। आईएईए महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने कहा कि उनकी एजेंसी ने 7 अप्रैल से जापोरीजिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के खिलाफ तीन हमलों की पुष्टि की है। उन्होंने सुरक्षा परिषद से कहा कि ये लापरवाह हमले तुरंत बंद होने चाहिए। हालांकि, सौभाग्य से, इस बार उनके कारण कोई रेडियोलॉजिकल हादसा नहीं हुआ है, लेकिन इससे जोखिम काफी बढ़ जाते हैं जहां परमाणु सुरक्षा से पहले ही समझौता किया जा चुका है।

ग्रॉसी ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि संयंत्र पर हमला करने वाले ड्रोन की रिमोट-नियंत्रित प्रकृति का मतलब है कि यह निश्चित रूप से पता लगाना असंभव है कि उन्हें किसने संचालित किया। उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ कहने के लिए हमारे पास सबूत होना चाहिए।


**खतरे का अंदेशा** | आने वाले दिनों में भू चुम्बकीय सौर तूफान पृथ्वी के ध्रूवों तक पहुचने की आशंका

# जबरदस्त विस्फोटों की चपेट में है सूर्य

अमृत विचार, नैनीताल

वर्तमान सौर चक्र आसमान छूने में लगा है। जबरदस्त विस्फोटों की चपेट में सूर्य रोजाना आग उगल रहा है। आने वाले दिनों में सूर्य की सतह पर जबरदस्त विस्फोट होने की संभावना वैज्ञानिक जता रहे हैं। जिनसे निकलने वाले सौर चुम्बकीय तूफानों का असर धरती के वातावरण तक असर डालेंगे।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व कार्यवाहक निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाब उद्दीन ने बताया कि सौर गतिविधि दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। सूर्य की सतह पर जटिल चुंबकीय क्षेत्र वाले कई सनस्पॉट समूह बने हुए हैं। सूर्य के उत्तरी और दक्षिणी गोलार्ध में पूर्वी सौर हिस्से में उभरते हुए सनस्पॉट समूह अधिक सक्रिय हैं । इन सन स्पॉट समूहों से बड़े भीषण ज्वालाएँ उत्पन्न हो सकती हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान सूर्य ने आधा दर्जन एम-श्रेणी की सौर ज्वालाएँ उत्पन्न की हैं। यह स्पॉट सूर्य के उत्तरपूर्वी छोर पर स्थित हैं। एक बड़ा सन स्पॉट संख्या ए आर 3639 लगातार अपना आकार बड़ा रहा है, जो कुछ दिनों के अंतराल में लाखों किमी फैलकर चौगुना हो गया है। अब इसकी दिशा पृथ्वी के सामने की ओर बड़ रही है। इसमें जियोइफेक्टिव सोलर फ्लेयर्स (ज्वाला) की संभावना है। इन दिनों सूर्य की सतह सन स्पॉट से भरी हुई है। इस सौर चक्र में अभी तक हजारों विस्फोट हो चुके हैं। इनसे निकलने वाले सौर तूफानों का असर पृथ्वी के ध्रूवों तक नजर आया है। जिनमें सभी सबसे बड़ी ज्वाला एक्स श्रेणी की कई बार निकल चुकी हैं। दुनियाभर के सौर वैज्ञानिकों की नजरें इन पर लगी हुई हैं।



सूर्य की सतह पर उभरे सन स्पॉट।

### रिकॉर्ड तोड़ विस्फोटों की झड़ी लगी है सूर्य पर

डा वहाब उद्दीन के अनुसार सूर्य का यह दौर अत्यधिक सक्रियता से गुजर रहा है, जो 2025 तक बना रह सकता है। इस दौर में वैज्ञानिकों की अपेक्षा से कहीं अधिक विस्फोट हो चुके हैं। आने वाले दिनों में भी सौर सक्रियता का दौर जारी रहेगा। जिनसे हमारे सैटेलाइट, पृथ्वी पर इलेक्ट्रिक्स व इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के अलावा हवाई सेवाओं व मोबाइल नेटवर्क में भी असर पड़ने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

# वृन्दावन में 70 मंजिला मंदिर से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

वाशिंगटन, एजेंसी



- आठ करोड़ डॉलर की लागत से बन रहा है वृन्दावन हेरिटेज टॉवर

इस्कॉन के एक शीर्ष पदाधिकारी ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश के वृंदावन में भगवान श्रीकृष्ण का गगनचुंबी मंदिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय संस्कृति के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरेगा और भारत में पर्यटन और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा। ग्लोबल हरे कृष्णा मूवमेंट के उपाध्यक्ष और इस्कॉन बैंगलोर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंचलपति दास ने कहा कि आध्यात्मिकता के लिए कोई टूटा-फूटा बुनियादी ढांचा नहीं हो सकता और मंदिर हमेशा जर्जर स्थिति में नहीं रह सकते। वृन्दावन हेरिटेज टॉवर 70 मंजिल ऊंचा और 210 मीटर होगा, जो आठ करोड़ अमरीकी डालर की लागत से बनाया जा रहा है। दास ने निर्माणाधीन वृन्दावन हेरिटेज टॉवर के बारे में कहा कि जब वे भारत आयेंगे तो निःसंदेह वे अच्छे हवाई अड्डे देख सकते हैं। वे आध्यात्मिकता की भी तलाश में होंगे। अब ऐसे में हमार पास विदेशियों को भारत लाने और उन्हें दिखाने के लिए धार्मिक बुनियादी ढांचा होना चाहिए, जिन पर आप गर्व कर सकें।